ज्ञानामृत

वाणी के बजाय कार्य से दिए गए उदहारण कहीं ज्यादा प्रभावी होते है।

▶▶ अज्ञात

# विजय मत

राष्ट्र को समर्पित

छत्तीसगढ़-मध्यप्रदेश से प्रकाशित दैनिक समाचार पत्र

www.vijaymat.com | रायपुर, गुरुवार, 2 अप्रैल 2026 | वर्ष- 09 | अंक- 92 पेज- 08 | मूल्य- 1 रुपए/-

## न्यूज इन शॉर्ट

### पाकिस्तान क्रिकेट शर्मसार, पीसीबी ने फखर जमां को दो मैच के लिए किया निलंबित, गेंद से छेड़खानी करने की मिली सजा

**नई दिल्ली, एजेंसी।** सुप्रीम कोर्ट ने धार स्थित भोजशाला परिसर से जुड़े विवाद में एएसआई सर्वे को लेकर दायर याचिकाओं पर हस्तक्षेप करने से इनकार कर दिया है। अदालत ने स्पष्ट कहा कि मुस्लिम पक्ष अपनी सभी आपत्तियों और साक्ष्यों से जुड़े मुद्दों को मध्य प्रदेश हाईकोर्ट के समक्ष रखे।



मामले में वकील विष्णु शंकर जैन ने बताया कि मौला कमालुद्दीन की ओर से दायर एसएलपी में एएसआई सर्वे की वीडियोग्राफी की कॉपी उपलब्ध कराने की मांग की गई थी। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि इस संबंध में उठने वाली आपत्तियों पर हाईकोर्ट ही विचार करेगा। मुस्लिम पक्ष का प्रतिनिधित्व कर रही कमाल मौलाना वेलफेयर सोसायटी ने हाईकोर्ट की कार्यवाही पर असंतोष जताते हुए शीर्ष अदालत का दरवाजा खटखटाया था।

### कश्मीर के गांदरबल में एक आतंकी ढेर, रात से ऑपरेशन चल रहा था

**श्रीनगर, एजेंसी।** जम्मू-कश्मीर के गांदरबल में सेना ने बुधवार सुबह एक आतंकवादी को ढेर कर दिया। यह ऑपरेशन मंगलवार रात से जारी था। एक अधिकारी ने बताया कि खास इंटेलिजेंस इनपुट के आधार पर, पुलिस और सेना की एक जॉइंट टीम ने मंगलवार शाम को घेराबंदी और सर्च ऑपरेशन शुरू किया। एक आतंकी के छिपे होने की जानकारी मिली। अंधेरे की वजह से ऑपरेशन रोक दिया गया था। सुबह आतंकी को मार गिराया गया। इससे पहले फरवरी में सेना ने जम्मू-कश्मीर में 6 आतंकवादियों को मार गिराया था। किश्तवाड़ के चतरू में 3 आतंकी ढेर हुए थे। वहीं 4 फरवरी को भी चतरू में ही सुरक्षाबलों ने जैश के ही एक आतंकी को मार गिराया था। वहीं, उधमपुर जिले में भी गुफा में छिपे जैश के 2 आतंकियों को ग्रेनेड विस्फोट में मार गिराया गया था।



### एयरपोर्ट सिस्टम हुआ डिजिटल, देशभर में ई-अराइवल कार्ड अब अनिवार्य

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारत सरकार ने अंतरराष्ट्रीय यात्रियों के लिए 1 अप्रैल 2026 से ई-अराइवल कार्ड अनिवार्य कर दिया है। अब विदेश से भारत आने वाले यात्रियों को फ्लाइट में सवार होने से पहले यह डिजिटल फॉर्म भरना होगा। यह व्यवस्था पुराने कागजी डिसएम्बार्केशन फॉर्म की जगह लेगी। नियम के अनुसार, यात्रियों को भारत पहुंचने से 72 घंटे पहले ऑनलाइन फॉर्म भरना होगा। फॉर्म जमा करने के बाद एक क्यूआर कोड मिलेगा, जिसे इमिग्रेशन के समय दिखाना जरूरी होगा। यह नियम विदेशी नागरिकों और ओसीआई कार्डधारकों पर लागू होगा, जबकि भारतीय नागरिकों को इससे छूट दी गई है। एक परिवार के पांच सदस्य एक ही फॉर्म में अपनी जानकारी दर्ज कर सकते हैं।



### एलआईसी को 3750 करोड़ की चपत, अनिल अंबानी पर सीबीआई का शिकंजा

**नई दिल्ली, एजेंसी।** केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) ने उद्योगपति अनिल अंबानी, उनकी कंपनी रिलायंस कम्युनिकेशंस (आरकॉम) और कुछ अज्ञात लोकसेवकों के खिलाफ बड़ा मामला दर्ज किया है। आरोप है कि इस प्रकरण में भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआईसी) को करीब 3,750 करोड़ रुपये का नुकसान पहुंचाया गया।सीबीआई के अनुसार, यह कार्रवाई एलआईसी की शिकायत के आधार पर की गई है। आरोप है कि कंपनी ने अपनी वित्तीय स्थिति और परिसंपत्तियों को बढ़ा-चढ़ाकर दिखाया और भ्रामक जानकारी देकर एलआईसी को हजारों करोड़ रुपये के डिबेंचर खरीदने के लिए प्रेरित किया।




रायगढ़ में उत्कल दिवस कार्यक्रम में शामिल हुए मुख्यमंत्री

# सभी समाजों के सहयोग से ही विकसित छत्तीसगढ़ का सपना होगा साकार : साय



**विजय मत, ब्यूरो रायगढ़**

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय रायगढ़ के बाबा प्रियदर्शी राम ऑडिटोरियम में आयोजित 'उत्कल दिवस एवं वार्षिकोत्सव स्नेह सम्मेलन' में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। कार्यक्रम का शुभारंभ भगवान जगन्नाथ स्वामी की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलन और 'वंदे उत्कल जननी' के सामूहिक गायन के साथ हुआ। मुख्यमंत्री ने उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए कहा कि वे यहां अतिथि के रूप में नहीं, बल्कि अपने परिवार के बीच आए हैं। मुख्यमंत्री ने ओडिशा और छत्तीसगढ़ के ऐतिहासिक व सांस्कृतिक संबंधों का उल्लेख करते हुए कहा कि दोनों राज्यों के बीच 'रोटी-बेटी' का अटूट रिश्ता है। उन्होंने बताया कि सीमावर्ती क्षेत्रों में बड़ी संख्या में लोग उड़िया भाषा बोलते हैं और प्रदेश के कई हिस्सों में रथ यात्रा जैसे धार्मिक आयोजन परंपरा का हिस्सा हैं। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने उत्कल समाज की पत्रिका 'सुविधा' का विमोचन किया और जगन्नाथ रथ यात्रा के आयोजन के लिए 5 लाख रुपये की सहायता राशि देने की घोषणा की। साथ ही समाज की प्रतिभाओं को सम्मानित भी किया गया। मुख्यमंत्री ने अपने संबोधन में राज्य सरकार की उपलब्धियों को गिनाते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की गारंटी के अनुरूप प्रदेश में तेजी से विकास कार्य हो रहे हैं। उन्होंने बताया कि 18 लाख प्रधानमंत्री आवास स्वीकृत किए गए हैं, जिनमें से 8 लाख आवास रिकॉर्ड समय में पूर्ण हो चुके हैं। किसानों से 3100 रुपये प्रति क्विंटल की दर से धान खरीदी की जा रही है और लगभग 70 लाख महिलाओं को महतारी वंदन योजना का लाभ मिल रहा है।

### विकास और जनकल्याण योजनाओं पर जोर

मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार जनकल्याणकारी योजनाओं के माध्यम से आम जनता के जीवन स्तर को सुधारने के लिए निरंतर कार्य कर रही है। रामलला दर्शन योजना के तहत अब तक 42 हजार से अधिक श्रद्धालु अयोध्या पहुंचकर दर्शन कर चुके हैं। इसके साथ ही मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना को भी पुन: प्रारंभ किया गया है। सरकार ने धर्मांतरण पर रोक लगाने के लिए कड़ा कानून बनाया है। वहीं, नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में 'नियद नेल्लानार' योजना के तहत सड़कों, बिजली, शिक्षा और स्वास्थ्य सुविधाओं का तेजी से विस्तार किया जा रहा है।

### युवाओं को रोजगार और पारदर्शिता पर फोकस

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने बताया कि पिछले दो वर्षों में 20 से 25 हजार पदों पर भर्तियां की गई हैं और चयन प्रक्रिया को पारदर्शी बनाने के लिए विशेष प्रयास किए जा रहे हैं। पीएससी से जुड़ी अनियमितताओं की उच्चस्तरीय जांच कराई गई है और ई-ऑफिस प्रणाली लागू कर प्रशासन में पारदर्शिता लाई गई है। इसके साथ ही मुख्यमंत्री बिजली बिल भुगतान समाधान योजना-2026 के माध्यम से उपभोक्ताओं को राहत दी जा रही है, जिसमें बकाया बिलों के भुगतान के लिए आसान किस्तों और सरचार्ज में छूट की व्यवस्था की गई है। मुख्यमंत्री ने कहा कि छत्तीसगढ़ को विकसित राज्य बनाने के लिए सभी समाजों का सहयोग आवश्यक है। उन्होंने वन और खनिज संपदा के बेहतर उपयोग के साथ स्वरोजगार के अवसर बढ़ाने पर भी जोर दिया। कार्यक्रम के अंत में मुख्यमंत्री को स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया।

असम में राहुल पर पीएम मोदी का वार

# राजकुमार की पराजय की सेंचुरी आने वाली है



**गुवाहाटी, एजेंसी**

असम में चुनावी रैली के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कांग्रेस पर जमकर बरसे। पीएम मोदी ने कहा कि असम में कांग्रेस की हार तय है। कांग्रेस के स्वघोषित राजकुमार की पराजय की सेंचुरी लगने वाली है। उन्होंने कहा कि पहले सर्वानंद सोनोवाल जी का नेतृत्व और फिर हिमंता विश्व शर्मा जी की अगुवाई में असम ने बीते 10 वर्षों में सेवा और सुशासन का नया दौर देखा है। असम के ये चुनाव विकसित असम से विकसित भारत बनाने का चुनाव है। इस बार भाजपा-ह्रष्ठ सरकार की हैट्रिक लगनी तय है। असम में 9 अप्रैल को विधानसभा चुनाव होने हैं।

### असम में बनाएंगे 40 लाख लखपति दीदी

पीएम मोदी ने असम के धेमाजी के गोगामुख में रैली को संबोधित करते हुए कहा, ङ्कअसम के चुनाव की घोषणा के बाद ये मेरी पहली जनसभा है। ये जो सामने जनसमुद्र है, युवाओं का ये उत्साह, बहनों-बेटियों का ये आशीर्वाद, ये प्यार इस बात की खुली घोषणा है कि इस बार हैट्रिक पक्की है। लखपति दीदी अभियान से असम की बहनों को बहुत लाभ हुआ है।

### बाढ़ का भी स्थायी समाधान निकालने की कोशिश

असम में हर साल आने वाली बाढ़ का जिक्र करते हुए पीएम मोदी ने कहा, असम में यूनियन सिविल कोड लागू करना और हमारे आदिवासी समाज, संस्कृति और परंपराओं को सुरक्षित रखना, असम की संस्कृति और परंपराओं को सुरक्षित रखना।

चंडीगढ़ में पंजाब बीजेपी हेडक्वार्टर के बाहर ब्लास्ट

# ग्रेनेड फेंकने का वीडियो सामने आया, दावा- यह इसी अटैक का, 2 संदिग्धों की तलाश

**चंडीगढ़, एजेंसी**

चंडीगढ़ में बीजेपी के पंजाब मुख्यालय के बाहर बुधवार शाम 5 बजे ब्लास्ट हुआ। ब्लास्ट के बाद वहां पार्किंग में खड़ी कई गाड़ियों के शीशे टूट गए। बीजेपी ऑफिस की दीवार पर 70 से 80 छर्रे जैसे निशान बन गए हैं। अब इसका एक वीडियो सामने आया है, जिसमें एक व्यक्ति ग्रेनेड की पिन खोलकर उसे फेंककर भाग रहा है। इस दौरान धमाके की भी आवाज सुनाई देती है। दावा किया जा रहा है कि यह वीडियो बीजेपी ऑफिस पर हमले का है। ब्लास्ट की सूचना मिलते ही चंडीगढ़ पुलिस की कई टीमें मौके पर हैं। भारतीय सेना और एनआईए की टीम भी मौके पर आई है। बम व डॉग स्क्वायड और फोरेंसिक टीमों के जरिए पूरे इलाके को खंगाला जा रहा है। टीम ने विस्फोटक के टुकड़ों की भी जांच की। पुलिस को सीसीटीवी में 2 संदिग्ध नजर आए हैं। ये दोनों बाइक पर बीजेपी ऑफिस के आसपास आते-जाते नजर भी आ रहे हैं। इनकी तलाश की जा रही है।



# टेक कंपनी ओरेकल ने 30 हजार कर्मचारी निकाले, इनमें 12 हजार भारतीय शामिल




**नई दिल्ली, एजेंसी**

दुनिया के छठे सबसे अमीर कारोबारी लैरी एलिसन की टेक कंपनी ओरेकल ने करीब 30 हजार कर्मचारियों को निकाल दिया है। इनमें भारत के 12 हजार कर्मचारी हैं। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक कंपनी अगले महीने छंटनी का दूसरा दौर भी शुरू कर सकती है। कर्मचारियों को सोमवाह सुबह 6 बजे इनबॉक्स में टर्मिनेशन लेटर मिले। इसमें लिखा था कि आज उनका लास्ट वर्किंग डे है। कुछ ही मिनटों में उनका सिस्टम एक्सेस बंद कर दिया गया। कंपनी ने अभी तक छंटनी की वजह नहीं बताई है।

### ओरेकल ने 30 हजार कर्मचारियों को किया मेल

हम आपको आपके पद से जुड़ी एक जरूरी और कठिन जानकारी देना चाहते हैं। कंपनी की वर्तमान जरूरतों को ध्यान में रखते हुए हमने संगठन में बड़े बदलाव के तहत आपका पद खत्म करने का फैसला किया है। इसलिए आज आपका आखिरी कार्य दिवस है। हम आपके योगदान, मेहनत और काम के लिए धन्यवाद देते हैं। टर्मिनेशन से जुड़े दस्तावेज साइन करने के बाद आप सेवरेंस पैकेज पाने के पात्र होंगे, जो कंपनी की शर्तों के अनुसार होगा।

# डिजिटल पेमेंट में टू-फैक्टर ऑथेंटिकेशन अनिवार्य, यूपीआई ट्रांजैक्शन सुरक्षित



**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारतीय रिजर्व बैंक ने बढ़ती ऑनलाइन धोखाधड़ी पर लगाम लगाने के लिए बड़ा कदम उठाया है। 1 अप्रैल 2026 से यूपीआई समेत सभी डिजिटल भुगतान के लिए टू-फैक्टर ऑथेंटिकेशन (2एफए) अनिवार्य कर दिया गया है। अब केवल पिन डालकर भुगतान संभव नहीं होगा, बल्कि अतिरिक्त सत्यापन जरूरी होगा। नए नियम के तहत उपयोगकर्ताओं को हर ट्रांजैक्शन के लिए पिन के साथ ओटीपी, फिंगरप्रिंट या फेस रिकॉग्निशन के जरिए पुष्टि करनी होगी।

ईरान जंग के बीच पश्चिमी देशों में बढ़ा मतभेद

# नाटो को ट्रम्प ने बताया कागजी शेर, ब्रिटेन भी नहीं देगा अमेरिका का साथ



**वॉशिंगटन/लंदन/तेहरान, एजेंसी**

अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने नाटो को लेकर बड़ा बयान देते हुए कहा है कि वे इससे बाहर निकलने पर गंभीरता से विचार कर रहे हैं। उन्होंने नाटो को कागजी शेर बताते हुए आरोप लगाया कि संकट के समय सहयोगी देश अमेरिका के साथ नहीं खड़े हुए। यह बयान ऐसे समय आया है, जब ईरान के साथ जारी युद्ध में कई नाटो देशों ने अमेरिका को सैन्य समर्थन देने से इनकार कर दिया है। ट्रम्प ने कहा कि अमेरिका हमेशा अपने सहयोगियों के साथ खड़ा रहा है, लेकिन इस बार उसे वैसा समर्थन नहीं मिला। उन्होंने यूक्रेन का उदाहरण देते हुए कहा कि वहां अमेरिका ने मदद की थी, लेकिन बदले में सहयोग नहीं मिला। उन्होंने यह भी कहा कि व्लादिमीर पुतिन भी नाटो को गंभीरता से नहीं लेते।

### मिडिल ईस्ट को जंग से 18 लाख करोड़ रुपये का नुकसान

यूनाइटेड नेशन्स डेवलोपमेन्ट प्रोग्राम की रिपोर्ट के अनुसार, मध्य पूर्व में जारी संघर्ष से पूरे क्षेत्र की अर्थव्यवस्था को बड़ा झटका लग सकता है। क्षेत्रीय जीडीपी में 3.7 से 6 प्रतिशत तक गिरावट का अनुमान है और कुल नुकसान लगभग 18 लाख करोड़ रुपये तक पहुंच सकता है। होर्मुज जलडमरूमध्य से जहाजों की आवाजाही 70 प्रतिशत तक घट गई है।

# जंग के बीच भारत को राहत... 94,000 टन एलपीजी लेकर दो टैंकर सुरक्षित पहुंचे




**नई दिल्ली, एजेंसी**

पश्चिम एशिया में जारी तनाव के बीच भारत के लिए राहत भरी खबर सामने आई है। यूएई से रसोई गैस लेकर आए दो टैंकर होर्मुज जलडमरूमध्य पार कर सुरक्षित रूप से भारत पहुंच गए हैं। पहला टैंकर 31 मार्च को मुंबई पहुंचा। यह जहाज यूएई के रास अल खैमाह से रवाना हुआ था और लगभग 6 दिनों में भारत पहुंचा। इसमें भारत पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड के लिए गैस लाई गई है। दूसरा टैंकर 1 अप्रैल को न्यू मैंगलोर के पास पहुंचा। यह जहाज हिंदुस्तान पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड के लिए एलपीजी लेकर आया है। दोनों जहाजों के जरिए कुल मिलाकर करीब 94,000 टन एलपीजी भारत पहुंची है। इन जहाजों पर 50 से अधिक भारतीय नाविक भी मौजूद थे, जो सुरक्षित हैं। सरकार के अनुसार अब तक कुल 8 भारतीय जहाज होर्मुज मार्ग से सुरक्षित गुजर चुके हैं। यह घटनाक्रम ऐसे समय में हुआ है, जब क्षेत्र में तनाव के कारण समुद्री आपूर्ति को लेकर चिंता बनी हुई है।

**विजय मत एंकर** नई तकनीक बनेगी चुनौती, ईमेल, बैंकिंग और डेटा पर नया खतरा

# क्वांटम कंप्यूटर से खतरे में होगी पूरी डिजिटल सुरक्षा : गूगल



**नई दिल्ली, एजेंसी**

दुनियाभर में डिजिटल सुरक्षा को लेकर एक नई चिंता सामने आई है। गूगल ने चेतावनी दी है कि आने वाले वर्षों में क्वांटम कंप्यूटर इतने शक्तिशाली हो सकते हैं कि वर्तमान में इस्तेमाल हो रही पूरी डिजिटल सुरक्षा प्रणाली खतरे में पड़ सकती है। इसका सीधा असर ईमेल, बैंकिंग, ऑनलाइन लेनदेन और निजी डेटा की सुरक्षा पर पड़ सकता है। अब तक वैज्ञानिक मानते थे कि अत्याधुनिक क्वांटम कंप्यूटर विकसित होने में 10 से 15 साल का समय लगेगा, लेकिन गूगल ने इस अनुमान को घटाकर वर्ष 2029 कर दिया है। यानी आने वाले कुछ वर्षों में ही इंटरनेट पर मौजूद संवेदनशील जानकारी असुरक्षित हो सकती है। गूगल के अनुसार, वर्तमान एन्क्रिप्शन सिस्टम जटिल गणितीय प्रक्रियाओं पर आधारित है, जिसे पारंपरिक कंप्यूटर तोड़ने में हजारों साल लग सकते हैं। लेकिन क्वांटम कंप्यूटर इन्हीं जटिल समस्याओं को बहुत कम समय में हल कर सकते हैं। इससे मौजूदा साइबर सुरक्षा ढांचा कमजोर पड़ सकता है।

### क्यों बढ़ रहा है खतरा

विशेषज्ञों के अनुसार, क्वांटम कंप्यूटर मौजूदा एन्क्रिप्शन को आसानी से तोड़ सकते हैं, जिससे बैंक ट्रांजेक्शन, ईमेल, चैटिंग एप्स और फाइल ट्रांसफर जैसी सेवाएं असुरक्षित हो जाएंगी। बिटकॉइन और अन्य डिजिटल संपत्तियां भी इसी सुरक्षा प्रणाली पर आधारित हैं, इसलिए उन पर भी बड़ा खतरा मंडरा रहा है। डिजिटल प्राइवेट कीज, जो खातों और डिवाइस की सुरक्षा करती हैं, उनके भी हैक होने का जोखिम बढ़ जाएगा। इसी कारण अब पोस्ट-क्वांटम क्रिप्टोग्राफी की दिशा में तेजी से काम करने की जरूरत बताई जा रही है।

### क्या हैं क्वांटम कंप्यूटर

क्वांटम कंप्यूटर पारंपरिक कंप्यूटर से अलग तरीके से काम करते हैं और एक साथ कई संभावनाओं पर गणना कर सकते हैं। इससे जटिल समस्याएं बहुत तेजी से हल हो जाती हैं। हालांकि यह तकनीक अभी शुरुआती चरण में है, लेकिन इसमें तेजी से प्रगति हो रही है। गूगल का मानना है कि 2029 तक यह तकनीक निर्णायक स्तर तक पहुंच सकती है। विशेषज्ञों का कहना है कि तकनीकी विकास के साथ-साथ साइबर सुरक्षा को भी मजबूत करना जरूरी होगा, ताकि भविष्य में डिजिटल दुनिया को सुरक्षित रखा जा सके।

# धीरेंद्र शास्त्री बोले- हिंदुओं को कटने-बंटने-मिटने नहीं देंगे

## पंडाल में झूमने लगे महिलाएं-पुरुष



**कोरबा, एजेंसी**

छत्तीसगढ़ के कोरबा जिले में बागेश्वर धाम के पीठाधीश्वर पंडित धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री की कथा में 583 लोगों की घर वापसी हुई। इनमें एक मुस्लिम परिवार भी शामिल है, जिन्होंने सनातन धर्म अपनाया है। वहीं, दरबार में महिलाएं और पुरुष झूमते नजर आए। पंडित धीरेंद्र शास्त्री ने धर्मांतरण कराने वालों को चेतावनी दी है। उन्होंने कहा कि, जब तक जिएंगे, हिंदुओं को न कटने देंगे, न बंटने देंगे और न मिटने देंगे। उन्होंने यह भी बताया कि लालच में आकर जिन लोगों ने हिंदू धर्म छोड़कर दूसरा मजहब अपनाया था, उनमें से सैकड़ों लोग अब घर वापसी कर रहे हैं। दरअसल, कोरबा के ढपढप में 5 दिवसीय हनुमंत कथा का आयोजन किया गया है। आज चौथे दिन पंडित धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री के दिव्य दरबार में जनसैलाब उमड़ पड़ा। चौथे दिन 2 लाख से ज्यादा लोग पहुंचे थे। दावा है कि दरबार में भूत-प्रेत बाधा से पीड़ित लोगों का इलाज किया गया। पर्चा लिखकर लोगों की समस्याओं का समाधान किया।

प्रधान संपादक- विजय शुक्ला। कार्यालयः ■ रायपुर ■ बिलासपुर ■ दुर्ग ■ धमतरी ■ बस्तर ■ कवर्धा ■ कांकेर ■ कोरबा ■ कोरिया ■ जशपुर ■ जांजगीर-चाम्पा ■ मनेंद्रगढ ■ मोहला-मानपुर ■ दन्तेवाड़ा ■ महासमुन्द ■ राजनांदगांव ■ रायगढ़ ■ सरगुजा ■ बलौदाबाजार ■ बालोद ■ मुंगेली ■ बेमेतरा ■ सूरजपुर ■ गरियाबंद ■ सुकमा ■ बलरामपुर ■ कोंडागाँव ■ नारायणपुर

# माँ हिंगलाज के दरबार में चैत्र पूर्णिमा हनुमान जयंती पर आज लगेगा एक दिवसीय भव्य मेला

■ आस्था- सुबह 5 बजे से रात्रि 8.30 बजे तक लगता है मेला

**विजय मत/सारंगढ़**
नगर भटगांव से महज 3 किलो मीटर की दूरी पर स्थित ग्राम देवसागर में चैत्र पूर्णिमा के दिन विशेष रूप में पुजा अर्चना किया जाता है। इस दिन मां हिंगलाज भवानी से सच्ची श्रद्धा और भक्ति से मांगी हुई मनोकामना पूर्ण होती हैं इस दिन नगर तथा आसपास के क्षेत्रों से लाखों की संख्या में लोग माता के दर्शन करने आते हैं साथ ही इसी दिन मां भगवती हिंगलाज माता के मंदिर मे मेले का भव्य आयोजन किया जाता है। मेले में सुबह 5 बजे से रात्रि 8:30 बजे तक लोगों की भीड़ बनी रहती है, जहां मेले में लोग पूजा अर्चना कर मन्नतें मांगते हैं।

**हल्दी की छिंटा का महत्व-** वहीं बाहर से आये श्रध्दालु नारियल, नींबू चढ़ाकर अपनी मनोकामना के लिए वरदान मांगते हैं। जहां माता हिंगलाज मंदिर में प्रसाद के रूप में पुजारी द्वारा माता में चढ़ी हल्दी श्रध्दालुओं को दिया जाता है। ऐसी मान्यता है कि श्रध्दालू माता के दरबार में मन्नतें मांगते हैं और उनकी मनोकामना पूरी होती है। बताया जाता है कि चैत पूर्णिमा को इस क्षेत्र के धरनीहीन जो जमीन पर लेट कर जमीन नापते हुए मां हिंगलाज की मंदिर जाते हैं, और पूर्व रात्रि में मंदिर पहुंच कर लेटे रहते हैं। उन्हे सुबह पांच बजे जमींदार परिवार द्वारा पूजा अर्चना के बाद हल्दी पानी का छींटा देकर उठाया जाता है। उसके बाद धरनीहीन उठकर देवी की पूजा अर्चना कर मेले का आनंद लेते हैं, खास बात यह है कि जिस मां की गोद सुनी रहती है, एवं अन्य परेशानियों में जो शरीरिक रूप से परेशान रहते हैं, ऐसे लोग मां का दरबार में जमीन नापते ( लोट मारते) आते हैं और मन्नत मांगते है। जिसकी मन्नत पूरी होती होती है वे दूसरे साल चैत्र पूर्णिमा के दिन अपने बच्चों परिवार के साथ आते हैं और मां हिंगलाज का दर्शन कर आशीर्वाद लेते हैं।

**पहाड़ो व वनांचल की सुन्दरता का लुत्फ उठाते हैं लोग-** वहीं मां हिंगलाज मंदिर के आसपास अनेकों देवी-देवता की



मुर्तियां मंदिर कि निर्माण किया गया जिसमें भैरव नाथ,बजरंग बली, राधा कृष्णा, महादेव, नंनदी, और समाजिक बन्धुओं द्वारा भी अनेक मंदिर बनवाया गया है शाम होते होते पहाड़ो की रौनकता बढ़ने लगता और लोग इन पहाड़ों में मंदिर की घुम-घुम कर दर्शन पुजन कर पहाड़ो व वनांचल की सुन्दरता का लुत्फ उठाते हैं

**भटगांव से महज 3 किलो मीटर की दूरी पर स्थित है मंदिर-** आपको बता दें कि नगर भटगांव से महज 3 किलो मीटर में दक्षिण दिशा? की ओर ऐतिहासिक मंदिर पठारो में घिरा हुआ है। जहां आदि शक्ति मां हिंगलाज जेवरादाई विराजमान हैं, यह प्राचीन काल से चैत्र पूर्णिमा हनुमान जयंती के दिन एक दिवसीय भव्य मेला लगता है। मान्यता यह है कि लोगों की हर मन्नत पूरी होती है। लाखों की संख्या मे लोग दर्शन करने आते हैं। वहीं रात में एक भी व्यक्ति मंदिर के पास नहीं रूकता है, बताया जाता है कि माता जो है उस रात पूरे मंदिर क्षेत्र में भ्रमण करती है।

**राजघराने से जुड़ी है कथा-** इस ऐतिहासिक मंदिर का रहस्य भटगांव जमींदार व सारंगढ़ के राजघराने से जुड़ी हुई है। वहीं पुराने जमाने के बुजुर्गो द्वारा बताया गया कि प्राचीन काल से देवी हिंगलाज माता भटगांव नगर पंचायत से 3 किलों मीटर दूर ग्राम जेवराडीह गांव की पहाड़ी पर विराजमान थी। वहीं एक दिन सारंगढ़ के राजा को जेवरादाई की करूण गाथा का पता चला तब सारंगढ़ के राजा अपनी प्रजा के साथ जेवराडीह पहुंचे और देवी कहा कि मां आप मेरे साथ मेरे राज्य सारंगढ़ चलो तब माता जेवरादाई ने सारंगढ़ के राजा को कहा कि मैं तुम्हारे साथ चली जाऊंगी लेकिन इसमें मेरी एक सर्त है कि हे राजा तुम मेरे पग पग पे नींबू, नारियल तथा बकरे की बली चढ़ाओगे तभी मैं तुम्हारे साथ तुम्हारे राज्य सारंगढ़ जाऊंगी और तुम रात भर में अगर सारंगढ़ ले जा पाओगे तभी मैं तुम्हारे साथ तुम्हारे राज्य जाओगी और अगर मुझे ले जाते हुए सुबह हो गई तो मैं उसी जगह पर विराजमान हो जाऊंगी तब सारंगढ़ के राजा ने जेवरादाई माता की सर्त को मान लिया और सारंगढ़ के राजा देवी की मूर्ति को रात्रि में बैलगाड़ी से अपनी राज्य ले जा रहा था। तभी ठीक उसी रात भटगांव के जमींदार को मां जेवरादाई ने स्वपन्न दिया कि मुझे सारंगढ़ का राजा जबरदस्ती उठाकर बैलगाड़ी में अपने राज्य ले जा रहा है तब भटगांव जमींदार उसी रात क्षेत्र के कुछ ग्रामीणों को लेकर देवसागर पहुंचा। जहां सारंगढ़ के राजा माता हिंगलाज देवी की मूर्ति को अपने बैलगाड़ी में लेकर जा रहा था। तो वहीं सारंगढ़ के राजा मां जेवरादाई की मूर्ति को लेकर थोड़ी दूर ग्राम देवसागर के कोसमनाल के पास पहुंच पाया था। तभी सारंगढ़ के राजा और भटगांव जमींदार के बीच जबरदस्त युद्ध चला साथ ही युध्द के चलते चलते सुबह हो गई तब मां जेवरादाई के कहे अनुसार सारंगढ़ के राजा को मां जेवरादाई की मूर्ति को वहीं ग्राम देवसागर में छोड़ कर जाना पड़ा और भटगांव जमींदार ने भी सारंगढ़ के राजा को मूर्ति को छोड़ कर जाने को कहा तब सारंगढ़ के राजा ने देवी की मूर्ति को ग्राम देवसागर के कोसमनार के पास छोड़कर अपने राज्य सारंगढ़ चला गया।

वहीं पुराने बुजुर्गो ने बताया कि सारंगढ़ राजा एवं भटगांव जमींदार के बीच देवी मूर्ति को ले जाने के चलते काफी विवाद हुआ, इस दौरान सारंगढ़ के राजा ने देवी के नाक का कुछ हिस्सा नथनी सहित काट कर अपने राज्य सारंगढ़ ले गया। जहां आज भी चैत्र पूर्णिमा के दिन सारंगढ़ राज महल में देवी की नाक की पूजा अर्चना होती है। ठीक इसी दिन चैत्र पूर्णिमा के दिन ग्राम देवसागर में भटगांव जमींदार स्व.धरम सिंह ने मूर्ति की स्थापना ग्राम पंचायत देवसागर की पहाड़ियों के ऊपर की इसीलिए इसी दिन से चैत्रराई मेरे की शुरुआत हुई मेले का आयोजन प्रतिवर्ष चैत्र पूर्णिमा के दिन से आज तक भटगांव जमींदार परिवार द्वारा किया जाता है।

## जमींदार परिवार के लोग करते हैं पूजा

*जहां जमींदार परिवार द्वारा देवी की कई पीढ़ियों से पूजा अर्चना करते आ रहे हैं?। अंतिम जमींदार प्रेम भुवन प्रताप सिंह थे, उनकी वंशज प्रभादेवी, इंदिरा कुमारी द्वारा लगभग 50 वर्षों तक देवी की पूजा अर्चना की गई, और माता हिंगलाज भटगांव जमींदार की कुलदेवी के रूप में मानी जाती है?। प्रभादेवी के स्वर्गवास हो जाने के बाद उनकी छोटी बहन इंदिरा कुमारी ने पूजा अर्चना जारी रखी। इसके बाद उनके गोद पुत्र पुष्पेन्द्र प्रताप सिंह द्वारा पूजा अर्चना अभी तक किया जा रहा है। क्षेत्र में यह बात देवसागर मंदिर के बारे में चर्चित है कि आज भी मेला के दिन रात्रि में 9 बजे के बाद कोई भी आदमी मेला परिसर में नहीं ठहराता?। कहा जाता है कि देवी का वाहन शेर आता है और बलि दिए हुए बकरे का खून चाट कर पूरा साफ कर देता है।*

## संक्षिप्त समाचार

### जनदर्शन में सुनीं लोगों की समस्याएं कलेक्टर ने अधिकारियों को दिए त्वरित निराकरण के निर्देश



**विजय मत/धमतरी।** कलेक्टर अबिनाश मिश्रा ने बुधवार को जनदर्शन में जिले के दूर-दराज से आए लोगों की समस्याएं और शिकायतें सुनीं तथा आवेदनों का गुणवत्तापूर्ण और त्वरित निराकरण के निर्देश अधिकारियों को दिए। कलेक्टोरेट में बुधवार को जनदर्शन में ग्राम पंचायत सियादेही के ग्रामीणों ने अवैध ईंट भट्टे का संचालन रोकने संबंधी आवेदन प्रस्तुत किया। वहीं बोरसी के ग्रामीणों ने पेयजल व्यवस्था के लिए तीन स्थानों पर बोर खनन करने, सांस्कृतिक रंगमंच में डोम निर्माण की स्वीकृति देने, गांव के घास भूमि व पावड़ भूमि को आबादी भूमि घोषित करने की गुजारिश कलेक्टर से की। धमतरी निवासी 86 वर्षीय वृद्ध किशन यादव ने अपनी तीन नातिनों के लिए महिला एवं बाल विकास विभाग की ओर से छात्रवृत्ति योजना का लाभ देने संबंधी आवेदन दिया। नगरी ब्लॉक के चंदनलाल साहू ने अनियमित जमा पाबंदी योजना 2019 लागू करने संबंधी आवेदन प्रस्तुत किया। ग्राम दरगहन के पिताम्बर ने ग्राम सलोनी एवं दरगहन में वादग्रस्त भूमि विक्रय रोकने के लिए कलेक्टर के समक्ष निवेदन किया। इसी तरह ग्राम रूद्री निवासी रामरतन सिन्हा ने शासकीय नाले पर अवैध कब्जा व अतिक्रमण हटाने के लिए विधिसम्मत कार्यवाही करने की बात कही।

### रोजगार मेला अब 15 अप्रैल को लाईवलीहुड कॉलेज धमतरी में

**विजय मत/धमतरी।** जिले के युवाओं को रोजगार उपलब्ध कराने के लिए अब 15 अप्रैल को लाईवलीहुड कॉलेज धमतरी में रोजगार मेला का आयोजन किया जाएगा। सहायक परियोजना अधिकारी, जिला परियोजना लाईवलीहुड कॉलेज धमतरी ने बताया कि पूर्व में यह रोजगार मेला 10 अप्रैल को आयोजित होना था, जिसमें संशोधन किया गया है। अब यह रोजगार मेला 15 अप्रैल को आयोजित होगा। रोजगार मेला में शामिल होने के इच्छुक युवा निर्धारित पॉम्पलेट में दिए गए लिंक पर ऑनलाईन पंजीयन करा सकते हैं। रोजगार मेला में निजी संस्था के नियोक्ताओं द्वारा क्लाईट डिलाईट एक्जीक्यूटिव और डाटा एंट्री ऑपरेटर के 50-50 तथा सपोर्ट एक्जीक्यूटिव के 100 पदों, इस तरह कुल 200 पदों पर भर्ती की जाएगी। कलेक्टर सह अध्यक्ष जिला परियोजना लाईवलीहुड कॉलेज अबिनाश मिश्रा ने जिले के विभिन्न महाविद्यालयों के प्राचार्यों को निर्देशित किया है कि वे अपनी संस्थान से शिक्षा प्राप्त कर चुके या अध्ययनरत युवाओं का समुचित परामर्श कर इच्छुक युवओं को प्रस्तावित रोजगार मेला में सम्मिलित करना सुनिश्चित करें।

### बालोद में अतिक्रमण हटाने हेतु की जा रही है निरंतर कार्रवाई

**विजय मत/बालोद।** बालोद जिले में प्रशासनिक अमले के द्वारा शासकीय भूमि को अतिक्रमण मुक्त करने हेतु निरंतर कार्रवाई की जा रही है। इसके अंतर्गत आज एसडीएम बालोद नूतन कंवर, तहसीलदार आशुतोष शर्मा एवं मुख्य नगर पालिका अधिकारी मोबिन अली के नेतृत्व में



राजस्व एवं नगर पालिका के संयुक्त टीम के द्वारा नया बस स्टैण्ड बालोद में अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की गई। इस दौरान नया बस स्टैण्ड के अनेक स्थानों को अतिक्रमण मुक्त किया गया।

# मोर गाँव,मोर पानी अभियान ने हासिल की ऐतिहासिक उपलब्धि

**विजय मत/बलौदाबाजार**
मोर गांव,मोर पानी महाभियान अंतर्गत जिले में जल संरक्षण को जन-आंदोलन का स्वरूप देते हुए अभूतपूर्व उपलब्धि हासिल की गई है। प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) के तहत निर्मित आवासों में केवल 15 दिन में 31,066 रेन वाटर हार्वेस्टिंग संरचनाओं का निर्माण पूर्ण कर एक नया कीर्तिमान स्थापित किया गया है। यह उपलब्धि व्यापक जनजागरूकता, सामुदायिक सहभागिता एवं श्रमदान का मिसाल बन गया है। जनभागीदारी बना जन आंदोलन - कलेक्टर कुलदीप शर्मा के मार्गदर्शन एवं सीईओ जिला पंचायत सुश्री दिव्या अग्रवाल के नेतृत्व में मोर गांव, मोर पानी महाभियान 2.0 की शुरुआत जिले में 13 मार्च 2026 से की गई है। इस अभियान के सफल संचालन हेतु तिथिवार कार्यक्रम तय किये गए है। इस उपलब्धि से जल संरक्षण के प्रति जिले की सामूहिक प्रतिबद्धता, जनसहभागिता



और सशक्त नेतृत्व परिलक्षित होता है।ग्रामीणों ने स्वयं आगे बढ़कर श्रमदान किया जिससे अभियान ने एक जन-आंदोलन का रूप ले लिया।

प्रत्येक पीएम आवास की औसत साइज लगभग 300 वर्ग फीट है। इनमे निर्मित रेन वाटर हार्वेस्टिंग संरचनाएं वर्षा जल को संरक्षित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगी। अनुमानतः प्रत्येक वर्षा ऋतु में इन संरचनाओं के माध्यम से हजारों लीटर पानी का संग्रहण संभव होगा, जिससे भूजल स्तर में वृद्धि, जल संकट में कमी तथा स्थायी जल प्रबंधन को बढ़ावा मिलेगा। वर्तमान के साथ भविष्य भी सुरक्षित -इस पहल से न केवल वर्तमान जल आवश्यकताओं की पूर्ति होगी, बल्कि भविष्य के लिए जल सुरक्षा सुनिश्चित करने की दिशा में भी यह एक ठोस कदम है। मोर गांव,मोर पानी अभियान ने यह सिद्ध कर दिया है कि जब प्रशासन और आमजन एक साथ मिलकर संकल्प लेते हैं।

# कसडोल बीएमओ अजगल्ले ने 19 आरएचओ को मूल पदस्थापना में लौटने दिया निर्देश

**विजय मत/कसडोल**
शहीद संतराम साहू सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कसडोल के ब्लॉक चिकित्सा अधिकारी रविशंकर अजगल्ले ने छ.ग.शासन स्वास्थ्य विभाग द्वारा जारी आदेशों का परिपालन करते हुए विकासखंड अंतर्गत में लम्बे समय से मूल पदस्थापना स्थान को छोड़कर व्यवस्था वाली जगहों में कार्यरत 19 आरएचओ को मूल पदस्थापना स्थान पर त्वरित रूप से कार्यरत होने के लिए निर्देश जारी किया है। वर्तमान पदस्थाना स्थल से मूल पदस्थापना स्थल होने वाले कर्मचारियों के नाम इस प्रकार है। 1.श्रीमती ममता पैंकरा आयुष्मान आरोग्य मंदिर अर्जुनी (ब) सेआयुष्मान आरोग्य मंदिर बफरा।2.चन्द्रभान जायसवाल आयुष्मान आरोग्य मंदिर छेछर से आयुष्मान आरोग्य मंदिर



बफरा।3.संतोष यादव आयुष्मान आरोग्य मंदिर पुटपुरा से आयुष्मान आरोग्य मंदिर अर्जुनी (ब) 4.कृष्ण नारायण ध्रूव आयुष्मान आरोग्य मंदिर बफरा से आयुष्मान आरोग्य मंदिर पुटपुरा। 5. दयानंद कैवर्त्य आयुष्मान आरोग्य मंदिर सोनाखान से आयुष्मान आरोग्य मंदिर नवागांव।6. विजय कुमार सिदार सेआयुष्मान आरोग्य मंदिर चरौदा (बार)से आयुष्मान आरोग्य मंदिर देवपुर

7.ऋषिकेश साहु आयुष्मान आरोग्य मंदिर आमाखोहा से आयुष्मान आरोग्य मंदिर बार। 8.सुरेन्द्र कुमार घृतलहरे आयुष्मान आरोग्य मंदिर सोनाखान से आयुष्मान आरोग्य मंदिर छाता।9.तरूण कुमार डडसेना आयुष्मान आरोग्य मंदिर गिरौदपुरी से आयुष्मान आरोग्य मंदिर सोनाखान।

10.नारायण प्रसाद साहु प्राथमिक स्वा. केन्द्र बरपाली से आयुष्मान आरोग्य मंदिर गिधौरी। 11.अशोक साहु आयुष्मान आरोग्य मंदिर गिरौदपुरी से आयुष्मान आरोग्य मंदिर मटिया।12.मनीष कुमार साहू आयुष्मान आरोग्य मंदिर खर्वे से आयुष्मान आरोग्य मंदिर मोहतरा। 13.मनीष कुमार साहू आयुष्मान आरोग्य मंदिर झबड़ी से आयुष्मान आरोग्य मंदिर सेल।14.सुखदेव प्रसाद डडसेना आयुष्मान आरोग्य मंदिर बिलारी से आयुष्मान आरोग्य मंदिर थरगांव।

### आज होगा जनसमस्या निवारण शिविर का आयोजन

**बालोद ।** छत्तीसगढ़ शासन, सामान्य प्रशासन एवं जनशिकायत निवारण विभाग के निर्देशानुसार जिला प्रशासन बालोद द्वारा आम जनता की समस्याओं के त्वरित निराकरण हेतु नियमित रूप से जिले के प्रत्येक विकासखण्डों में जिला स्तरीय 'जनसमस्या निवारण शिविरों' का आयोजन किया जा रहा है। जिसके अंतर्गत गुरूर विकासखण्ड के ग्राम अरमरीकला में बुधवार, 02 अप्रैल सुबह 10 बजे से जिला स्तरीय जनसमस्या निवारण शिविर का आयोजन किया जाएगा। जनसमस्या निवारण शिविरों का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण जनता की समस्याओं, मांगों और शिकायतों का मौके पर ही प्रभावी ढंग से निराकरण करना है।

## सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सिमगा को मिला स्वास्थ्य सेवाओं में गुणवत्ता प्रमाण पत्र

**विजय मत/सिमगा**
NQAS, भारत सरकार द्वारा लागू एक गुणवत्ता मानक है, जिसके अंतर्गत स्वास्थ्य संस्थाओं का मूल्यांकन मरीजों को प्रदान की जाने वाली सेवाओं, स्वच्छता, संक्रमण नियंत्रण, दवाओं की उपलब्धता, स्टॉफ दक्षता तथा मरीज संतुष्टि जैसे प्रमुख मानको पर किया जाता है।

सामु.स्वा.केन्द्र सिमगा ने भारत सरकार के स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग द्वारा हृक्क्र, (राष्ट्रीय गुणवत्ता आश्वासन मानक) में भाग लिया गया था। जिसका उददेश्य मरीजो को बेहतर एवं विश्वसनीय इलाज प्रदान करना और सरकारी स्वास्थ्य सेवाओं में जनता का विश्वास बढ़ाना है। जिसके अंतर्गत सामु.स्वा.केन्द्र सिमगा ने 08 विभागों में क्रमशः Emergency & Truma Department, Au&iliary , General Adminstration, IPD,



Laboratory, Labour Room, OPD, Pharmacy में भाग लिया। जिसका आंतरिक मूल्यांकन दिनांक 16 एवं 17 जनवरी 2026 तथा पुनः आंतरिक मूल्यांकन 27 एवं 28 फरवरी 2026 को भारत सरकार द्वारा किया गया। जिसमें सामु.स्वा.केन्द्र सिमगा को 87 प्रतिशत् अंको के साथ हृक्क्र, (राष्ट्रीय गुणवत्ता आश्वासन मानक) का प्रमाण पत्र दिया गया। जिला बलौदाबाजार-भाटापारा के अंतर्गत 06 सामु.स्वा.केन्द्रों में सामु.स्वा.केन्द्र सिमगा NQAS (राष्ट्रीय गुणवत्ता आश्वासन मानक) प्रमाण पत्र प्राप्त करने वाला जिले का प्रथम सामु.स्वा.केन्द्र है। सामु.स्वा.केन्द्र सिमगा में इन सभी मानको को ध्यान में रखते हुए आवश्यक सुधार किए गये है।

अस्पताल में स्वच्छता व्यवस्था, रिकार्ड संधारण, दवा वितरण प्रणाली, लेबर रूम एवं ओ.पी.डी सेवाओं को बेहत बनाया गया है। साथ ही मरीजों को गुणवत्तापूर्ण एवं सम्मानजनक उपचार उपलब्ध कराने पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों के मागदर्शन एंव समस्त स्टाफ के सहयोग से यह तैयारी सम्भव हो पायी है।

## कुटेला में शासकीय एवं निजी गड्ढेयुक्त 5 भूमि पर फ्लाई ऐश डपिंग की अनुमति जारी

**विजय मत/सारंगढ़-बिलाईगढ़**
सारंगढ़ के वार्ड कुटेला से जुड़े पत्थर खदान के संबंध में माननीय विधायक द्वारा विधानसभा में प्रश्न किया गया था, वहीं इस विषय पर कुछ स्थानीय मीडिया में प्रकाशित समाचार के संबंध में वस्तुस्थिति जारी की गई है। जिले के कुटेला में पुराने पत्थर खदानों में फ्लाई ऐश डपिंग हेतु अनुमति नहीं दी गई है, अपितु पुराने निजी एवं शासकीय गड्ढे युक्त भूमि पर फ्लाई ऐश भू-भराव कर उपयोगी बनाये जाने हेतु अनुमति क्षेत्रीय कार्यालय छत्तीसगढ़ पर्यावरण संरक्षण मंडल रायगढ़ द्वारा केन्द्रीय पर्यावरण वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय नई दिल्ली की अधिसूचना दिनांक 31.12.2021 एवं छत्तीसगढ़ पर्यावरण संरक्षण मंडल रायपुर के फ्लाईऐश भराव हेतु जारी एस.ओ.पी. पत्र दिनांक 11.12.2024 के अनुसार दी गई है। शासकीय एवं निजी गड्ढे युक्त भूमि पर अनुमति जारी करने से पूर्व राजस्व विभाग सारंगढ़-बिलाईगढ़, कार्यालय कलेक्टर जिला-सारंगढ़-बिलाईगढ़ एवं स्थानीय निकाय नगरपालिका परिषद् सारंगढ़ से अनापत्ति प्राप्त की गई है।

**विधानसभा में पूछे गए प्रश्न पर भी दिया गया था लिखित**

# कलेक्टर ने समय-सीमा की बैठक में लंबित प्रकरणों की गहन समीक्षा की

## जल संरक्षण, रेन वाटर हार्वेस्टिंग और सोख्ता गड्ढों पर कलेक्टर का विशेष जोर

**विजय मत/बेमेतरा**
कलेक्टर सुश्री प्रतिष्ठा ममगाई ने आज कलेक्टरेट के दिशा सभाकक्ष में आयोजित समय-सीमा की साप्ताहिक समीक्षा बैठक में विभिन्न विभागों द्वारा संचालित योजनाओं, सेवाओं और कार्यक्रमों की विस्तार से समीक्षा की। बैठक में कलेक्टर ने सभी विभागीय अधिकारियों को सौंपे गए लक्ष्यों को निर्धारित समय-सीमा के भीतर हर हाल में पूरा करने के निर्देश दिए और कहा कि इसकी नियमित मॉनिटरिंग की जाएगी।

**प्रधानमंत्री आवास, बिहान और शिक्षा विभाग की समीक्षा-** बैठक में कलेक्टर ने प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) के अंतर्गत मास्टर रोल की प्रगति की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को अपूर्ण प्रविष्टियों को शीघ्र पूर्ण करने और पात्र हितग्राहियों को समय पर लाभ दिलाने के निर्देश दिए।

इसी तरह राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन (बिहान) के तहत स्व-सहायता समूहों की गतिविधियों की समीक्षा की गई। शिक्षा विभाग की समीक्षा के दौरान पहली से दसवीं कक्षा तक अध्ययनरत छात्र-छात्राओं के प्रमाण-पत्र बनाए जाने की प्रगति की भी जानकारी ली गई।

**बायोमेट्रिक उपस्थिति और लंबित प्रकरणों पर सख्ती-**कलेक्टर ने सभी विभागों में अनिवार्य बायोमेट्रिक उपस्थिति की स्थिति की समीक्षा करते हुए स्पष्ट निर्देश दिए कि अधिकारी एवं कर्मचारी समय पर कार्यालय पहुंचकर ऑनलाइन उपस्थिति दर्ज करें। उन्होंने कहा कि समय-सीमा की बैठक में लंबित पत्रों और प्रकरणों की लगातार मॉनिटरिंग की जाएगी तथा किसी भी स्तर पर लापरवाही पाए जाने पर कार्रवाई की



जाएगी।**स्वास्थ्य विभाग की योजनाओं की विस्तृत समीक्षा-** बैठक में शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में आयुष्मान भारत योजना के अंतर्गत आयुष्मान कार्ड तथा आयुष्मान वय वंदन कार्ड की प्रगति की समीक्षा की गई। इसके अलावा चिरायु योजना, पोषण पुनर्वास केंद्र, जननी सुरक्षा योजना और मातृ-शिशु स्वास्थ्य सेवाओं की स्थिति की भी विस्तार से समीक्षा की गई। कृषि विभाग की समीक्षा के दौरान कलेक्टर ने किसान क्रेडिट कार्ड योजना के अंतर्गत अधिक से अधिक किसानों को लाभ दिलाने के निर्देश दिए। इसके साथ ही पीएम सूर्यघर योजना के अंतर्गत जिले में हो रही प्रगति की भी समीक्षा की गई।

**मिशन वात्सल्य और स्वामित्व योजना की प्रगति की समीक्षा-** कलेक्टर ने मिशन वात्सल्य योजना के अंतर्गत संचालित गतिविधियों की जानकारी ली तथा राजस्व विभाग की समीक्षा करते हुए स्वामित्व योजना के अंतर्गत संपत्ति कार्ड वितरण की प्रगति की भी समीक्षा की।

**लक्ष्यों को समय-सीमा में पूरा करने के कड़े निर्देश-**कलेक्टर ने सभी अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि उन्हें सौंपे गए सभी कार्यों और लक्ष्यों को निर्धारित समय-सीमा के भीतर पूर्ण किया जाए। उन्होंने कहा कि समय-सीमा की बैठकों में इनकी निरंतर समीक्षा की जाएगी और योजनाओं के क्रियान्वयन में किसी भी स्तर पर विलंब या उदासीनता बरतने वाले अधिकारियों के विरुद्ध अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाएगी।

**जल संरक्षण और रेन वाटर हार्वेस्टिंग पर विशेष जोर-**बैठक में कलेक्टर ने जिले में जल संरक्षण, संवर्धन और संग्रहण के लिए सभी ग्राम पंचायतों में सोख्ता गड्ढों और रेन वाटर हार्वेस्टिंग के कार्यों को प्राथमिकता से करने के निर्देश दिए।

### कांग्रेस संगठन सृजन कार्यक्रम के तहत बूथ कमेटी के अध्यक्ष जामवंत सिन्हा बने

**बालोद।** डौंडीलोहारा ब्लाक के ग्राम हरदी(ट) में संगठन सृजन कार्यक्रम के अंतर्गत बूथ कमेटी एवं पंचायत कमेटी का गठन किया गया जिसमें सर्व सम्मति से जामवंत सिन्हा को पुनः बूथ अध्यक्ष की महत्वपूर्ण सौंपी गई तथा पुरुषोत्तम पटेल को पंचायत कमेटी का अध्यक्ष बनाया गया उक्त कार्यक्रम में विशेष रूप से संगठन सृजन कार्यक्रम के तहत मंडल प्रभारी शजागृत सोनकर जिला अध्यक्ष किसान कांग्रेस बालोद,केजू राम सोनबोईर जिला अध्यक्ष पिछड़ा वर्ग कांग्रेस बालोद,ललित हिरवानी मंडल अध्यक्ष,पुरुषोत्तम उर्वशा सेक्टर प्रभारी, दीपक सिन्हा सोशल मीडिया प्रभारी जिला कांग्रेस कमेटी बालोद सहित बड़ी संख्या में बूथ कांग्रेस के कार्यकर्ता गण उपस्थित रहे।

## सार समाचार

### पूर्व पुलिसकर्मी ने पत्नी और सौतेली बेटी को कुल्हाड़ी से वारकर उतारा मौत के घाट, फिर खुद थाने जाकर किया सरेंडर



**विजय मत/रायपुर।** राजधानी में डबल मर्डर की वारदात से सनसनी फैल गई है। घटना विधानसभा थाना क्षेत्र के अंतर्गत सेमरिया गांव की है, जहां एक पूर्व पुलिसकर्मी ने अपनी ही पत्नी और सौतेली बेटी की कुल्हाड़ी से वारकर निर्मम हत्या कर दी। शुरूआती जानकारी के अनुसार, आरोपी गुलाब साहू ने आज सुबह करीब 7 बजे पारिवारिक विवाद और चरित्र शंका के चलते इस वारदात को अंजाम दिया। बताया जा रहा है कि गुलाब साहू और लता साहू ने करीब चार साल पहले दूसरी शादी की थी। चित्रा (22 वर्षीय) लता की पहले पति से बेटी थी। सौतेली बेटी चित्रा का किसी युवक के साथ आना-जाना था, जिससे आरोपी गुलाब नाराज रहता था। इसी बात को लेकर कई बार परिवार में विवाद होता था। इस दौरान मृतका की मां लता अपनी बेटी चित्रा का बचाव करती थी। आज सुबह गुलाब और बेटी चित्रा के बीच विवाद हुआ था। इस दौरान आरोपी ने आक्रोश में आकर कुल्हाड़ी से ताबड़तोड़ वारकर उसकी हत्या कर दी। वहीं, बीच-बचाव करने आई पत्नी की भी मौत के घाट उतार दिया और फिर उसने खुद थाने जाकर पुलिस के सामने सरेंडर कर दिया।

### छत्तीसगढ़ की नई आबकारी नीति को चुनौती, हाईकोर्ट ने नहीं पाई कोई त्रुटि, स्टे आवेदन किया रद्द



**विजय मत/रायपुर।** राज्य सरकार के नए आबकारी नीति को चुनौती देते हुए लगाई गई याचिका पर सुनवाई करते हुए हाईकोर्ट जस्टिस नरेश चंद्रवंशी की कोर्ट ने स्टे वाले आवेदन को रद्द कर दिया है. हाईकोर्ट ने शासन की पॉलिसी में किसी भी प्रकार की कोई त्रुटि नहीं पाया. साथ ही याचिका में प्लास्टिक की बोतल से स्वास्थ्य को नुकसान होने का जिक्र किया गया था, उसमें हाईकोर्ट ने शासन से दो सप्ताह में जवाब मांगा है. दरअसल, ऋषि इंटरप्राइजेस ने शासन की नई आबकारी नीति के खिलाफ याचिका दायर कर प्लास्टिक बॉटलिंग पर सवाल उठाया था, साथ ही इस पॉलिसी पर रोक लगाने की मांग की थी. याचिकाकर्ता ने इस पॉलिसी को लोगों के स्वास्थ्य को हानि होना बात कहते हुए उस पॉलिसी में रोक लगाने की मांग की थी. अब मामले में दो सप्ताह बाद फिर सुनवाई होगी.

आपातकालीन स्वास्थ्य सेवाएं के सुदृढ़ीकरण से अब हर जरूरतमंद को मिलेगी 108 एम्बुलेंस की सेवाएं

# मंत्री नेताम ने बलरामपुर जिले के लिए वर्चुअल रूप से 9 नई एम्बुलेंस को दिखाई हरी झंडी

### दूरस्थ क्षेत्रों में अब सही समय में मिलेगी त्वरित चिकित्सा सहायता

विजय मत, रायपुर

राज्य सरकार प्रदेश में आपातकालीन स्वास्थ्य सेवाओं को और अधिक सुदृढ़ एवं प्रभावी बनाने की दिशा में ऐतिहासिक पहल की गई। इसी कड़ी में बलरामपुर जिला अस्पताल परिसर में आयोजित कार्यक्रम में आदिम जाति विकास मंत्री श्री रामविचार नेताम ने जिले को 9 नई एम्बुलेंस को वर्चुअल माध्यम से हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इनमें 08 बेसिक लाइफ सपोर्ट और 01 एडवांस्ड लाइफ सपोर्ट एम्बुलेंस शामिल हैं। इस सौगात के साथ ही जिले में 108 एम्बुलेंस की समस्त सेवाएं अब जिले के सभी विकासखंडों और दूरस्थ ग्रामीण वनांचलों तक त्वरित आपातकालीन चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराएगी।

मंत्री श्री रामविचार नेताम ने आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में राज्य शासन प्रत्येक नागरिक को गुणवत्तापूर्ण एवं शीघ्र स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि ये एम्बुलेंस केवल वाहन नहीं, बल्कि संकट की घड़ी में जीवन बचाने वाली महत्वपूर्ण कड़ी है। मंत्री श्री नेताम ने बताया कि शासन का उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि दूरस्थ और दुर्गम क्षेत्रों में रहने वाली माताओं, बहनों और बच्चों को



आपातकालीन स्थिति में समय पर उपचार मिल सके। मरीजों को गोल्डन ऑवर में चिकित्सा सहायता मिलना जीवन रक्षा के लिए अत्यंत आवश्यक है और यह पहल इसी दिशा में एक बड़ा कदम है।

बलरामपुर जिले के कलेक्टर श्री राजेंद्र कटारा ने बताया कि आपातकालीन सेवाओं को दुरुस्त रखने के लिए एम्बुलेंस संचालन एजेंसी के साथ बेहतर समन्वय स्थापित किया जाएगा। इससे सेवाओं की गुणवत्ता और प्रतिक्रिया समय में निरंतर सुधार होगा, जिससे जरूरतमंदों को त्वरित सहायता मिल सकेगी। उन्होंने कहा कि किसी भी आपात स्थिति में नागरिकों को समय पर एम्बुलेंस सुविधा उपलब्ध कराना प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है और इस दिशा में सतत प्रयास किए जाएंगे। जिले को मिली 9 नई एम्बुलेंस को विभिन्न विकासखंडों और स्वास्थ्य केंद्रों में आवश्यकतानुसार तैनात किया गया है, ताकि पूरे जिले को कवर किया जा सके। नई व्यवस्था के तहत जिला चिकित्सालय बलरामपुर को 2 और वाड्रफनगर को 2 एम्बुलेंस आवंटित की गई हैं। राजपुर, शंकरगढ़, कुसमी, रामानुजगंज और सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) सनावल में एक-एक एम्बुलेंस उपलब्ध कराई गई है। इस नई व्यवस्था से अब जिले के सुदूर ग्रामीण अंचलों में किसी भी स्वास्थ्य आपातकाल के समय मरीजों को त्वरित सहायता मिल सकेगी। इस कार्यक्रम अवसर पर पुलिस अधीक्षक वैभव बेंकर, रेडक्रॉस सोसायटी अध्यक्ष श्री ओमप्रकाश जायसवाल, जनपद पंचायत अध्यक्ष सुश्री सुमित्रा चेरवा, उपाध्यक्ष श्रीमती बबली देवी सिंह, नगर पालिका अध्यक्ष श्री लोधी राम एक्का, उपाध्यक्ष श्री दिलीप सोनी एवं मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. विजय कुमार सिंह, जिला चिकित्सालय के सिविल सर्जन डॉ. शशांक गुप्ता सहित स्वास्थ्य विभाग के समस्त अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित थे।

## पीएम आवास योजना से बना ग्वालिन के सपनों का आशियाना जनकल्याणकारी योजना के लिए शासन का जताया आभार

रायपुर। जीवन में हर व्यक्ति के मन में एक सपना होता है कि उनका खुद का आशियाना हो, जिसमें वह सुख–चैन से अपना जीवनयापन कर सके। मुंगेली विकासखंड के ग्राम लौदा की निवासी ग्वालिन के जीवन में प्रधानमंत्री आवास योजना ने एक बड़ा बदलाव लाया है। पहले कच्चे घर में रहने के कारण उन्हें हर मौसम में कई परेशानियों का सामना करना पड़ता था। बरसात में पानी टपकना, गर्मी में असहनीय ताप और सर्दी में ठंड से जूझना उनकी दिनचर्या का हिस्सा था। शासन की प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत उन्हें पक्का घर स्वीकृत हुआ, जिससे उनका वर्षों का सपना साकार हो सका।

योजना के अंतर्गत मिले सहयोग से उन्होंने अपना सुरक्षित और मजबूत घर बना लिया है। अब ग्वालिन और उनका परिवार पक्के मकान में सुरक्षित और सम्मानजनक जीवन जी रहे हैं। उन्होंने बताया कि पहले जहां रहने की चिंता बनी रहती थी, वहीं अब घर की सुरक्षा और स्थायित्व से जीवन में स्थिरता आई है। बच्चों के लिए भी बेहतर माहौल मिला है,



जिससे उनका भविष्य संवर रहा है। ग्वालिन ने इस जनकल्याणकारी योजना के लिए शासन का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना ने उनके जीवन को नई दिशा दी है।

## शराब के विवाद में दोस्त की हत्या, पत्नी के साथ मिलकर घर में दफनाया शव

विजय मत, सरगुजा

छत्तीसगढ़ के अंबिकापुर जिले में एक सनसनीखेज हत्या का मामला सामने आया है, जहां शराब पीने को लेकर मामूली विवाद में एक युवक ने अपने ही दोस्त की लाठी-डंडे से वार कर हत्या कर दी, फिर शव को आरोपी ने अपनी पत्नी के साथ मिलकर घर के अंदर दफना दिया। पूरा मामला गांधीनगर थाना क्षेत्र का है।

मामले का खुलासा तब हुआ जब आरोपी मिथलेश कुजूर ने घटना के 9 दिन बाद खुद थाने पहुंचकर हत्या की जानकारी दी और अपना जुर्म कबूल किया। बताया जा रहा है कि आरोपी आत्मा के आने के डर से मानसिक रूप से परेशान था, जिसके चलते उसने पुलिस के सामने सच्चाई उजागर कर दी। पुलिस के अनुसार, 25 मार्च की दरमियानी रात मृतक बृजलाल अपने दोस्त



मिथलेश के यहां गया था, जहां उसने शराब पीने का ऑफर किया। बृजलाल ने नवरात्रि चलने के कारण शराब पीने से मना कर दिया। इस दौरान दोनों के बीच विवाद हुआ, जिसमें आरोपी का मोबाइल टूट गया। फिर गुस्से में आकर मिथलेश ने बृजलाल पर लाठी-डंडे से वार किया, जिससे उसकी मौत हो गई। हत्या के बाद आरोपी ने अपनी पत्नी के साथ मिलकर शव को घर के अंदर ही जमीन में दफना दिया था, ताकि किसी को घटना की भनक न लगे।

## मोर गाँव, मोर पानी अभियान ने हासिल की ऐतिहासिक उपलब्धि

### पखवाडेभर में 31 हजार से अधिक रेन वाटर हार्वेस्टिंग संरचनाओं का निर्माण जनजागरूकता, सामुदायिक सहभागिता एवं श्रमदान बना मिसाल

विजय मत, रायपुर

मोर गांव,मोर पानी महाभियान अंतर्गत बलौदा बाजार भाटापारा जिले में जल संरक्षण को जन-आंदोलन का स्वरूप देते हुए अभूतपूर्व उपलब्धि हासिल की गई है। प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) के तहत निर्मित आवासों में केवल 15 दिन में 31,066 रेन वाटर हार्वेस्टिंग संरचनाओं का निर्माण पूर्ण कर एक नया कीर्तिमान स्थापित किया गया है। यह उपलब्धि व्यापक जनजागरूकता, सामुदायिक सहभागिता एवं श्रमदान का मिसाल बन गया है।

जनभागीदारी बना जन आंदोलन - कलेक्टर कुलदीप शर्मा के मार्गदर्शन एवं



सीईओ जिला पंचायत सुश्री दिव्या अग्रवाल के नेतृत्व में मोर गांव, मोर पानी महाभियान 2.0 की शुरूआत जिले में 13 मार्च 2026 से की गई है। इस अभियान के सफल संचालन हेतु तिथिवार कार्यक्रम तय किये गए है। इस उपलब्धि से जल संरक्षण के प्रति जिले की सामूहिक प्रतिबद्धता, जनसहभागिता और सशक्त नेतृत्व परिलक्षित होता है।ग्रामीणों ने स्वयं आगे बढ़कर श्रमदान किया जिससे अभियान ने एक जन-आंदोलन का रूप ले लिया। प्रत्येक पीएम आवास की औसत साइज लगभग 300 वर्ग फीट है। इनमे निर्मित रेन वाटर हार्वेस्टिंग संरचनाएं वर्षा जल को संरक्षित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगी। अनुमानतः प्रत्येक वर्षा ऋतु में इन संरचनाओं के माध्यम से हजारों लीटर पानी का संग्रहण संभव होगा, जिससे भूजल स्तर में वृद्धि, जल संकट में कमी तथा स्थायी जल प्रबंधन को बढ़ावा मिलेगा। वर्तमान के साथ भविष्य भी सुरक्षित - इस पहल से न केवल वर्तमान जल आवश्यकताओं की पूर्ति होगी, बल्कि भविष्य के लिए जल सुरक्षा सुनिश्चित करने की दिशा में भी यह एक ठोस कदम है। मोर गांव,मोर पानी अभियान ने यह सिद्ध कर दिया है कि जब प्रशासन और आमजन एक साथ मिलकर संकल्प लेते हैं तो असंभव भी संभव हो जाता है। प्रशासन की अपील - जिला प्रशासन द्वारा सभी नागरिकों से अपील की गई है कि वे इस जन-आंदोलन से जुड़कर अपने घरों एवं गांवों में अधिक से अधिक जल संरक्षण संरचनाएं बनाएं तथा 'हर घर जल संचयइ के लक्ष्य को साकार करने में सक्रिय भागीदारी निभाएं।

### अप्रैल से नया वित्तीय वर्ष शुरू होते ही देशभर में कई बड़े बदलाव लागू

# रजिस्ट्री सस्ती, पेट्रोल महंगा, शराब और कॉमर्शियल गैस के दाम बढ़े, टोल दरें भी बढ़ी

विजय मत, रायपुर

**रायपुर।** एक अप्रैल से नया वित्तीय वर्ष शुरू होते ही देशभर में कई बड़े बदलाव लागू हो गए हैं, जिसका सीधा असर आम लोगों की जेब और रोजमर्रा की जिंदगी पर पड़ेगा। नए टैक्स सिस्टम के लागू होने से टैक्स प्रक्रिया बदली है। टोल प्लाजा पर कैश भुगतान बंद कर दिया गया है। टोल दरों में बढ़ोतरी से हाईवे पर सफर करना अब महंगा हो गया है। वहीं छत्तीसगढ़ में शराब और पेट्रोल के दाम बढ़ गए हैं। इसी बीच राहत की बात यह है कि प्रदेश में प्रॉपर्टी की रजिस्ट्री सस्ती हो गई है।

***टैक्स सिस्टम में बड़ा बदलाव***–1 अप्रैल यानी आज से देश में नया इनकम टैक्स एक्ट 2025 लागू होगा, जो 1961 के पुराने आयकर अधिनियम की जगह लेगा। इस नए कानून के तहत टैक्स सिस्टम को सरल बनाने की कोशिश की गई है। गैर–ऑडिट करदाताओं के लिए ITR–3 और ITR–4 दाखिल करने की आखिरी तारीख बढ़ाकर 31 अगस्त कर दी गई है, जिससे टैक्सपेयर्स को राहत मिलेगी। अब तक लागू व्यवस्था में वित्तीय वर्ष और आकलन वर्ष अलग–अलग होते थे, जिससे अक्सर भ्रम की स्थिति बनती थी। नए प्रावधान में इस व्यवस्था




को खत्म कर सिर्फ 'टैक्स वर्ष' लागू किया गया है। यानी 1 अप्रैल 2026 से 31 मार्च 2027 तक की अवधि को टैक्स वर्ष 2026–27 कहा जाएगा, जिससे टैक्स प्रक्रिया को आसान और स्पष्ट बनाने की कोशिश की गई है।

***टोल पर अब सिर्फ FASTag और UPI से होगा भुगतान***–एक अप्रैल से देशभर के टोल प्लाजा पर कैश ट्रांजेक्शन पूरी तरह बंद कर दिया गया है। अब टोल टैक्स का भुगतान केवल FASTag या UPI जैसे डिजिटल माध्यमों से ही किया जा सकेगा।

इस बदलाव के बाद बिना FASTag या पर्याप्त बैलेंस के यात्रियों को परेशानी का सामना करना पड़ सकता है। ऐसे में UPI ही एकमात्र विकल्प बचेगा, क्योंकि कैश भुगतान की सुविधा पूरी तरह खत्म कर दी गई है। टोल दरों में बढ़ोतरी से हाईवे पर सफर करना अब महंगा हो गया है।

### छत्तीसगढ़ में हुए ये बड़े बदलाव

- स्टाम्प ड्यूटी पर 12% सरचार्ज खत्म होने से जमीन की रजिस्ट्री सस्ती हुई।
- ड्यूटी बढ़ने से विदेशी अंग्रेजी शराब और बियर महंगी हो गई है।
- एक अप्रैल से पेट्रोल का दाम एक रुपए बढ़ गया है।
- टोल टैक्स का भुगतान केवल FASTag या UPI जैसे डिजिटल माध्यमों से ही किया जा सकेगा।
- कॉमर्शियल गैस के दाम में बढ़ोतरी की गई है। रायपुर में अब कीमत 2300 रुपए तक पहुंच गया है।

### अब 8 घंटे पहले तक ही मिलेगा रेल टिकट का रिफंड

1 अप्रैल से ट्रेन टिकट कैंसिलेशन के नियमों में बदलाव किया गया है। अब यात्रियों को ट्रेन छूटने से कम से कम 8 घंटे पहले टिकट रद्द करने पर ही रिफंड मिलेगा, जबकि पहले यह सीमा 4 घंटे थी। वहीं यात्री ट्रेन छूटने से 30 मिनट पहले तक बोर्डिंग स्टेशन बदल सकेंगे। इस बदलाव का सीधा असर यात्रियों की जेब पर पड़ेगा, क्योंकि समय पर टिकट कैंसिल नहीं करने पर रिफंड नहीं मिलेगा। हालांकि नियम सख्त होने से फर्जी बुकिंग पर रोक लगेगी और कंफर्म टिकट मिलने की संभावना बढ़ेगी।



### कॉमर्शियल गैस के दाम में बढ़ोतरी

आज से तेल कंपनियों ने कॉमर्शियल एलपीजी गैस सिलेंडर के दाम 218 तक बढ़ा दिए हैं, जिसके बाद चेन्नई में इसकी कीमत 2246.50 और दिल्ली में 2078.50 हो गई है। वहीं रायपुर में 2300 रुपए हो गया है। सिलेंडर महंगा होने से होटल, रेस्टोरेंट और ढाबा संचालकों का खर्च बढ़ेगा, जिसका असर सीधे आम लोगों पर पड़ेगा। चाय, नाश्ता और थाली की कीमतें बढ़ सकती हैं, वहीं शादी–ब्याह और कैटरिंग सेवाएं भी महंगी हो सकती हैं।

## रेलवे ट्रैक पर मिली लाश की हुई पहचान, बॉयफ्रेंड ही निकला नाबालिग का हत्यारा, पुलिस ने 3 आरोपियों को किया गिरफ्तार

विजय मत, रायपुर

जिले में चलती ट्रेन से नाबालिग लड़की को धक्का देकर हत्या का सनसनीखेज मामला सामने आया है। घटना मस्तूरी थाना क्षेत्र की है, जहां रेलवे ट्रैक पर मिली अज्ञात शव की पहचान बाद में खैरागढ़ निवासी 14 वर्षीय नाबालिग किशोरी देविका वर्मा के रूप में हुई। पुलिस ने मामले में कार्रवाई करते हुए उसके बॉयफ्रेंड मोहन वर्मा और उसके दो साथियों को



गिरफ्तार किया है। पुलिस जांच में खुलासा हुआ है कि मृतका का डोंगरगढ़ निवासी मोहन वर्मा के साथ प्रेम संबंध था। 28 मार्च को वह अपने मामा की शादी में खैरागढ़ आई हुई थी, इसी दौरान वह बिना परिजनों को बताए अपने बॉयफ्रेंड मोहन वर्मा और उसके दो साथियों (हरीश वर्मा और एक नाबालिग) के साथ डोंगरगढ़ जाने के लिए घर से निकली थी। डोंगरगढ़ पहुंचने के बाद चारों वेनगंगा एक्सप्रेस ट्रेन से कोरबा के लिए रवाना हुए। यात्रा के दौरान किसी बात को लेकर मोहन और नाबालिग किशोरी के बीच विवाद हो गया, जो देखते ही देखते धक्का-मुक्की में बदल गया।

### खेल राज्य मंत्री रक्षा खडसे ने खेलो इंडिया ट्राइबल गेम्स 2026 का किया दौरा, कहा- क्षेत्र के लिए खुल रही नई दिशा



**विजय मत/रायपुर।** युवा मामले और खेल राज्य मंत्री रक्षा खडसे ने खेलो इंडिया ट्राइबल गेम्स 2026 के दौरान बुधवार को रायपुर का दौरा किया है. इस दौरान उन्होंने यहां के माहौल को ऊर्जा, आशा और बदलाव से भरपूर बताया. उन्होंने इस आयोजन को सफल बनाने में भारतीय खेल प्राधिकरण साई टीम के प्रयासों की सराहना की और कहा कि एथलीटों, स्थानीय समुदाय और इस क्षेत्र के लोगों की ओर से मिली प्रतिक्रिया बेहद उत्साहजनक रही है. देशभर के सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों से 2,500 से ज्यादा एथलीट अलग-अलग खेलों में खेलो इंडिया ट्राइबल गेम्स 2026 में हिस्सा ले रहे हैं. खडसे ने कहा कि खेलो इंडिया ट्राइबल गेम्स 2026, केंद्र सरकार की उस प्रतिबद्धता को दिखाता है, जिसके तहत आदिवासी युवाओं को अपना भविष्य बनाने के लिए एक मंच दिया जा रहा है. उन्होंने कहा कि इस क्षेत्र के लोगों के लिए यह खेल एक नई उम्मीद हैं ।

**न्यायालयः श्रीमान व्यवहार न्यायाधीश महोदय प्रथम श्रेणी, मनेन्द्रगढ़, जिला-एम0सी0बी0 छ0ग0**

1. जय सिंह आ० मोहन सिंह, उम्र 40 वर्ष, पेशा-कृषि
2. करन सिंह आ० स्व० कुशियाल सिंह, उम्र 25 वर्ष, पेशा-कृषि
3. शिव बालक आ० स्व० विनोद सिंह, उम्र 19 वर्ष, पेशा अध्ययन

सभी जाति-गोंड़, निवासी ग्राम बुन्देली, थाना झगराखांड, तहसील मनेन्द्रगढ़, जिला-एम०सी०बी० छ०ग

**......आवेदकगण**

**"प्रति"**

1. सर्व साधारण आज जनता जिसका सम्बन्ध मृतक हिरमतिया एवं कौशिल्या से हो।
2. शाखा प्रबंधक सेन्ट्रल बैंक ऑफ इंडिया शाखा मनेन्द्रगढ़ जिला-एम०सी०बी० छ०म०

**......अनावेदकगण**

**सर्व साधारण / इश्तेहार प्रकाशन हेतु जानकारीः-**

इस न्यायालय के समक्ष आवेदकगण द्वारा उत्तराधिकार प्रकरण क्रमांक 02/2026 प्रस्तुत किया गया है, कि मृतक हिरमतिया आवेदक क्र. 01 की माता एवं आवेदक क्र. 02 व 03 की दादी हैं व कौशिल्या आवेदक क्र. 01 की माता हैं, जिसका स्वर्गवास हो गया हैं एवं उनकी जमा राशि आवेदक क्र. 02 बैंक में सम्मिलित खाता क्र. 4033893473 में फिक्स डिपोजीट किया गया है। जिसकी मय व्याज सहित पाने हेतु उत्तराधिकार प्रमाण पत्र हेतु विचाराधीन हैं। उक्त इश्तेहार दावा में सुनवाई इस न्यायालय में आगामी पेशी तिथि /02/2026 को नियत हैं।

यदि आप उक्त प्रकरण में हित रखते हो तो नियत दिनाँक 23/04/2026 को प्रातः 11 बजे इस उक्त प्रकरण में स्वयं या लीडर या आपका काम करने वाले कोई विधिक व्यक्ति के साथ उपस्थित हो। हाजिर नहीं होने पर आपकी अनुपस्थिति में प्रकरण की सुनवाई करते हुए निश्चित किया जाएगा एवं उक्त दिनाँक को न्यायालय में अवकाश होने पर प्रकरण की सुनवाई आगामी कार्यवाही दिवस को होगी।

आज दिनाँक 24/03/2026 को मेरे हस्ताक्षर व न्यायालय के पद मुद्रा से जारी किया जाता हैं।

**(लोकेश शुमार)**
**प्रथम व्यवहार न्यामापन गरिष्ठ श्रेणी**
**मनेन्द्रगढ़, जिला–एन.सी.सी. (क.ग.)**

**संस्थापक**
**श्री रामसिपाही शुक्ल**

# भारतीय शासन व्यवस्था की पटकथा फिर से लिख रहा है मिशन कर्मयोगी



**डॉ जितेंद्र सिंह**
**केंद्रीय राज्य मंत्री**

> कल्पना करें कि राजस्थान के दूरदराज के किसी कोने में जिला कलेक्टर को एक ऐसी महत्वाकांक्षी कल्याण योजना की जिम्मेदारी सौंपी जाती है जिसके बारे में उसकी जानकारी बहुत कम है। एक दशक पहले उसे जानकारी के लिए कहीं धूल खा रही किसी नियमावली का सहारा लेना होता। या फिर वह अपने किसी वरिष्ठ सहयोगी की तीन बैठकों और लंच के बाद खाली होने का इंतजार करता। उसकी उम्मीद उस प्रशिक्षण कार्यक्रम पर भी टिकी हो सकती थी जो शायद एक या दो साल में कभी आता। लेकिन आज वह अपने फोन के जरिए आईगॉट (इंटिग्रेटेड गर्वनमेंट ऑनलाइन ट्रेनिंग प्लेटफॉर्म) पर लॉग ऑन करता है। उसे मिनटों में ही अपनी जरूरत के अनुरूप एक सुव्यवस्थित कार्यकुशलता आधारित पाठ्यक्रम मिल जाता है। वह शाम तक सूचनाओं और आत्मविश्वास से लैस होकर योजना के लाभार्थियों की पहली बैठक की अध्यक्षता कर रहा होता है। यह बदलाव देखने में छोटा लग सकता है मगर हकीकत में किसी क्रांति से कम नहीं है।

चमक-दमक से दूर धैर्य के साथ पांच साल पहले शुरू किया गया मिशन कर्मयोगी एक क्रांति ला रहा है। यह नए भारत के लिए एक नई तरह के प्रशासनिक अधिकारी तैयार करने के उद्देश्य से चुपचाप काम कर रहा है। इसके महत्व को समझने के लिए हमें पहले संदर्भ को जानना होगा। 2047 तक विकसित भारत के प्रधानमंत्री के निर्धारित लक्ष्य तक यूं ही नहीं पहुंचा जा सकता। इस मंजिल तक पहुंचने के लिए हमें भारत गणतंत्र को चलाने वाली संस्थाओं और व्यक्तियों के जरिए सावधानी से एक-एक कदम आगे बढ़ना होगा। इस यात्रा में सबसे महत्वपूर्ण पूंजी, प्रौद्योगिकी या नीति नहीं है। सबसे ज्यादा अहमियत उन लगभग 3.5 करोड़ प्रशिक्षित, उत्साही और नागरिक केंद्रित सरकारी कर्मियों की क्षमता की है जो हर सुबह उठ कर भारतीय शासन को संचालित करते हैं। स्वतंत्र भारत के इतिहास में ज्यादातर समय क्षमता निर्माण का मॉडल सांयोगिक रहा है। किसी नौजवान अधिकारी को सेवा की शुरुआत के समय औपचारिक प्रशिक्षण दिया जाता था। फिर करियर के बीच में यदा-कदा उसे कुछ पाठ्यक्रमों में हिस्सा लेने का अवसर मिल सकता था। बाकी, उसे काम करते हुए और दूसरों को देख कर ही सीखना होता था। एक स्थिर और धीमी गति से आगे बढ़ते विश्व में यह काफी था। लेकिन कृत्रिम मेधा, जलवायु अवरोध, जनसांख्यिकीय दबाव और जबर्दस्त प्रौद्योगिकीय परिवर्तन के युग में यह सरासर नाकाफी है। प्रशासन के सामने चुनौतियां जिस रफ्तार से आती हैं उसके सामने प्रशिक्षण की पुरानी प्रणालियों की गति कहीं नहीं टिकती। मिशन कर्मयोगी को इसी बेमेल स्थिति के समाधान के रूप में की गई थी। 2021 में शुरू किया गया यह मिशन–जिसे उसी वर्ष अप्रैल में स्थापित क्षमता निर्माण आयोग द्वारा संस्थागत रूप से संचालित किया गया, एक सचमुच महत्वाकांक्षी लक्ष्य को पूरा करने के लिए आगे बढ़ा। भारतीय सिविल सेवाओं की सीखने की संस्कृति को, समय-समय पर होने वाली और केवल नियमों के पालन तक सीमित प्रक्रिया से बदलकर, एक निरंतर चलने वाली, भूमिका-आधारित और स्वयं-निर्देशित विकास यात्रा में रूपांतरित करना इसका मकसद है। जैसा कि आयोग इसका वर्णन करता है, यह बदलाव कर्मचारी–यानी नियमों का पालन करने वाले एक पदाधिकारी से कर्मयोगी बनने की ओर है: एक ऐसा लोक सेवक जो किसी उद्देश्य, सेवा-भाव और उत्कृष्टता से प्रेरित हो। पाँच वर्षों के बाद, ये आंकड़े अत्यंत शिक्षाप्रद हैं। 'आईगॉट' (इंटीग्रेटेड गवर्नमेंट ऑनलाइन ट्रेनिंग) प्लेटफॉर्म पर अब 1.5 करोड़ से अधिक सरकारी अधिकारी सक्रिय शिक्षार्थी के रूप में जुड़े हैं – यह एक ऐसी संख्या है जो शुरुआत के समय काल्पनिक लगती थी। 4,600 से अधिक योग्यता-आधारित पाठ्यक्रमों के माध्यम से, इन अधिकारियों ने 8.3 करोड़ से अधिक पाठ्यक्रम पूरे किए हैं। अकेले पिछले राष्ट्रीय शिक्षण सप्ताह के दौरान, भागीदारी के परिणामस्वरूप 4.5 मिलियन घंटे के पाठ्यक्रम नामांकन और 3.8 मिलियन घंटे की वास्तविक शिक्षा दर्ज की गई। ये केवल अमूर्त आंकड़े नहीं हैं। दर्ज किया गया प्रत्येक घंटा भारत में कहीं न कहीं एक लोक सेवक का प्रतिनिधित्व करता है – छत्तीसगढ़ में एक राजस्व निरीक्षक, पुणे में एक शहरी स्थानीय निकाय अधिकारी, मणिपुर में एक स्वास्थ्य कार्यकर्ता, ये सब अपने साथी नागरिकों की बेहतर सेवा करने के लिए अपनी क्षमता बढ़ा रहें हैं। जो बात आईगॉट प्लेटफॉर्म को वास्तव में परिवर्तनकारी बनाती है, वह केवल इसका पैमाना नहीं है, बल्कि इसकी पहुँच की संरचना है। यह किसी भी समय और कहीं भी, स्मार्टफोन या डेस्कटॉप पर, कई भाषाओं में उपलब्ध है, और इसे शिक्षार्थी के पेशेवर प्रोफाइल के अनुसार बनाया गया है। पाठ्यक्रमों को हर तीन से छह महीने में अपडेट किया जाता है, जिससे यह सुनिश्चित होता है कि शासन में एआई टूल का उपयोग कैसे करें या नए वित्तीय नियमों को कैसे समझें, इससे संबंधित सामग्री वर्तमान और प्रासंगिक बनी रहे। दूसरे शब्दों में, यह प्लेटफॉर्म धूल फांकने वाली कोई डिजिटल लाइब्रेरी नहीं है – बल्कि यह सीखने का एक जीवंत और अनुकूलन योग्य तंत्र है। इस पर विचार कीजिए कि एक आदिवासी जिले की जूनियर आंगनवाड़ी कार्यकर्ता के लिए इसका क्या अर्थ है, जिसे उसकी अपनी भाषा में बाल पोषण मूल्यांकन के नवीनतम प्रोटोकॉल समझाने वाला एक मॉड्यूल प्राप्त होता है। उसे अपने ब्लॉक में किसी प्रशिक्षक के आने का इंतज़ार करने की ज़रूरत नहीं है। वह सीखती है, और कार्य करती है। यही इस मिशन का लोकतांत्रिक लाभांश है। क्षमता निर्माण आयोग, इस तंत्र के रणनीतिक संरक्षक के रूप में, एक साथ वास्तुकार और संचालक दोनों की भूमिका निभाता है। राष्ट्रीय नीति बनाने वाले एक सचिव से लेकर ग्राम स्तर पर इसे लागू करने वाले एक पंचायत पदाधिकारी तक, यह पहचान करता है कि सार्वजनिक भूमिकाओं के विशाल स्पेक्ट्रम में किन योग्यताओं की आवश्यकता है। यह सिविल सेवा प्रशिक्षण संस्थानों के लिए राष्ट्रीय मानक 2.0 ढांचे के माध्यम से देश के प्रशिक्षण संस्थानों के लिए गुणवत्ता मानक निर्धारित करता है, जिसके तहत देश भर के 200 से अधिक प्रशिक्षण संस्थान पहले ही मान्यता प्राप्त कर चुके हैं। यह राज्यों के साथ मिलकर काम करता है। सभी 30 राज्य और केंद्र शासित प्रदेश अब औपचारिक समझौता ज्ञापनों के माध्यम से जुड़ चुके हैं ताकि ऐसी विशिष्ट क्षमता निर्माण योजनाएं तैयार की जा सकें जो कार्यबल की दक्षताओं को संगठनात्मक लक्ष्यों के साथ जोड़ती हैं। राष्ट्रीय कर्मयोगी जन सेवा कार्यक्रम जैसी ऐतिहासिक पहलों के माध्यम से, इसने एक मिलियन से अधिक प्रमाणित अधिकारियों को बड़े पैमाने पर व्यवहार प्रशिक्षण दिया है, जो प्रत्येक नागरिक को अंतिम हितधारक के रूप में मानने की सूक्ष्म लेकिन महत्वपूर्ण कला है। मिशन के इस अंतिम आयाम पर विशेष ध्यान देने की आवश्यकता है, क्योंकि यह एक ऐसी चीज़ के बारे में है जिसे पूर्णता प्रमाण पत्र या लॉग किए गए घंटों में आसानी से नहीं मापा जा सकता। मिशन कर्मयोगी की सबसे गहरी आकांक्षाओं में से एक है–दृष्टिकोण में बदलाव। यह राज्य और नागरिक के बीच एक लेन-देन वाले संबंध से हटकर नागरिक देवो भव की भावना से परिभाषित संबंध की ओर एक आंदोलन है: नागरिक ईश्वर के समान है, वह सर्वोच्च अधिकारी है जिसके प्रति राज्य का सेवक जवाबदेह है। जब रेलवे काउंटरों, राजस्व कार्यालयों और स्वास्थ्य केंद्रों पर नागरिक-केंद्रित अधिकारियों को इसके तहत प्रशिक्षित किया गया और बाद में नागरिकों का सर्वेक्षण किया गया तो प्रतिक्रिया आश्चर्यजनक थी। उन्होंने बदलाव को महसूस किया। न केवल दक्षता में, बल्कि व्यवहार की आत्मीयता, तत्परता और बातचीत की मानवीय गुणवत्ता में भी।

(यह लेखक के निजी विचार हैं)– साभार

## जल संरक्षण करने जागरूक होने की जरुरत है

जल जीवन का आधार है। शास्त्रों में सलिल, तोदक, नितंब आदि द्वारा इसका वर्णन किया गया है। जल के साधारण गुण को बतलाते हुए लिखा है कि जल श्रम का नाश करने वाला, बल कारक, तृप्ति कारक, हृदय को प्रिय लगने वाला, अव्यक्त रसयुक्त, नित्य हितकारी, शीतल, लघु, स्वच्छ रस का कारण रूप, अमृत के समान जीवन दायक है। यह मूर्छा विनाशक, वमन, विबंध, निद्रा और अजीर्ण को नष्ट करता है।यह प्राणियों का जीवन रूप है और संपूर्ण जगत जल से भरा हुआ है । रोगों में निषेध होने पर भी सर्वथा उसका ख्याल नहीं करना चाहिए । हारित संहिता में कहा गया है कि तृष्णा अत्यंत भयंकर है क्योंकि तत्काल प्राणों को नष्ट कर देती है । इसलिए तृष्णा से पीड़ित को जलपान कराना चाहिए । जिससे प्राणि जिंदा रहे अन्यथा तृष्णा से मुंह बंद हो जाता है और वह प्राणों का नाश करने वाला है । जलपान का त्याग कभी भी नहीं करना चाहिए तथा ध्यान रखना चाहिए कि अधिक जल पीने से अन्न की पाचन क्रिया भली प्रकार नहीं होती और जल के न पीने से भी पाचन क्रिया में गड़बड़ी रहती है । अतः मनुष्य को आगे बढ़ाने के लिए थोड़ा-थोड़ा जल बारंबार पीना चाहिए । हां अरुचि प्रतिश्याय मंदाग्नि रोग मुक्त प्रसाद उदर रोग कुश्ती नेत्र रोग धरा ब्राह्मण और मधुमेह में अल्प जलपान हितकारक कहा गया है । भारत के कुल क्षेत्रफल का लगभग एक-चौथाई भाग जल अपरदन से प्रभावित है। देश में सिर्फ जल अपरदन द्वारा प्रतिवर्ष लगभग 6100 टन ऊपरी मिट्टी का कटाव होता है जिसमें पोषक तत्वों की मात्रा की अनुमानित कीमत 1200 करोड़ रूपये से भी ज्यादा की होती है। जल अपरदन से प्रभावित कृषि भूमि का संरक्षण एवं पुनरूत्थान घास की प्रजातियों जैसे दूब , अंजान तथा मुंज के रोपण से किया जा सकता है। उक्त घास की प्रजातियाँ आमतौर से बहुवर्षीय एवं कठोर प्रवृत्ति की होती हैं। इनकी जड़े मिट्टी के कड़ों को बाँधकर मृदा अपरदन को रोकने में सहायक होती हैं। घासों के निरन्तर उगने से मृदा में जीवांश पदार्थ की वृद्धि होती है जिससे मृदा संरचना में सुधार के साथ-साथ उसकी उपजाऊ क्षमता में भी वृद्धि होती है।जल के अभिगमन द्वारा मृदा का ह्रस जल अपरदन कहलाता है।

**सूचना**
सम्पादकीय पृष्ठ पर प्रकाशित लेख-आलेख एवं विचार लेखक के व्यक्तिगत विचार हैं। अतः यह जरूरी नहीं है कि विजय मत समूह उपरोक्त लेख या विचारों से सहमत हो। किसी लेख से जुड़े सभी दावे या आपत्ति के लिए सिर्फ लेखक ही जिम्मेदार हैं।

# संकट हरता, सुखकर्ता, कलियुग के देवता हैं हनुमान जी

**योगेश गोयल**

> भगवान श्रीराम का जन्म लगभग 5114 ईसा पूर्व अयोध्या में हुआ माना जाता है और यह मान्यता है कि हनुमानजी का जन्म श्रीराम के जन्म से पूर्व हुआ था ताकि वे श्रीराम की सेवा में समर्पित हो सकें। हनुमानजी हिन्दू धर्म के सबसे पूज्यनीय और लोकप्रिय देवताओं में से एक हैं। उनकी पूजा केवल भारत ही नहीं बल्कि दुनियाभर में फैले हिन्दू समुदाय द्वारा श्रद्धा और भक्ति भाव से की जाती है। भगवान हनुमान को कलियुग का देवता माना गया है, जो शीघ्र प्रसन्न होते हैं। यह मान्यता है कि सच्चे मन से उनकी पूजा करने से सभी प्रकार की बाधाएं दूर होती हैं, आरोग्यता प्राप्त होती है और जीवन में सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है। विशेष रूप से मंगलवार और शनिवार को हनुमानजी की पूजा अत्यंत फलदायक मानी जाती है। हनुमान चालीसा का पाठ इस दिनजरूर किया जाता है।

सनातन धर्म में सप्ताह के प्रत्येक दिन को किसी न किसी देवता को समर्पित किया गया है और भगवान श्रीराम के अनन्य भक्त पवनपुत्र हनुमान को मंगलवार का दिन समर्पित माना गया है। हनुमान जयंती, जिसे 'हनुमान जन्मोत्सव' भी कहा जाता है, प्रतिवर्ष चैत्र माह के शुक्ल पक्ष की पूर्णिमा तिथि को बड़े धूमधाम से मनाई जाती है। इस वर्ष यह पावन पर्व 2 अप्रैल को मनाया जा रहा है। हनुमान जयंती को 'हनुमान जन्मोत्सव' इसीलिए कहा जाता है क्योंकि ऐसी मान्यता है कि महाबली हनुमान आज भी धरती पर विद्यमान हैं और अपने भक्तों की सहायता के लिए सदैव उपस्थित रहते हैं। पुराणों के अनुसार, जब हनुमानजी ने भगवान श्रीराम की सेवा, भक्ति और समर्पण का अनुपम उदाहरण प्रस्तुत किया, तब माता सीता ने उन्हें अमरता का वरदान दिया था। यही कारण है कि उन्हें 'चिरंजीवी' माना जाता है और उनके जन्मोत्सव को विशेष श्रद्धा के साथ मनाया जाता है। यह पर्व हिन्दू समाज के लिए केवल एक धार्मिक आयोजन नहीं बल्कि सांस्कृतिक चेतना और आस्था का प्रतीक है। हनुमान जन्मोत्सव अच्छाई की विजय और न्याय की स्थापना के संकल्प का स्मरण कराता है। यह दिन सभी को प्रेरणा देता है कि वे धर्म के मार्ग पर चलते हुए जीवन में सच्चाई, सेवा और समर्पण को अपनाएं।

भगवान श्रीराम का जन्म लगभग 5114 ईसा पूर्व अयोध्या में हुआ माना जाता है और यह मान्यता है कि हनुमानजी का जन्म श्रीराम के जन्म से पूर्व हुआ था ताकि वे श्रीराम की सेवा में समर्पित हो सकें। हनुमानजी हिन्दू धर्म के सबसे पूज्यनीय और लोकप्रिय देवताओं में से एक हैं। उनकी पूजा केवल भारत ही नहीं बल्कि दुनियाभर में फैले हिन्दू समुदाय द्वारा श्रद्धा और भक्ति भाव से की जाती है। भगवान हनुमान को कलियुग का देवता माना गया है, जो शीघ्र प्रसन्न होते हैं। यह मान्यता है कि सच्चे मन से उनकी पूजा करने से सभी प्रकार की बाधाएं दूर होती हैं, आरोग्यता प्राप्त होती है और जीवन में सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है। विशेष रूप से मंगलवार और शनिवार को हनुमानजी की पूजा अत्यंत फलदायक मानी जाती है। हनुमान चालीसा का पाठ इस दिन विशेष रूप से किया जाता है। 16वीं शताब्दी के महान संत, कवि और भक्त गोस्वामी तुलसीदास ने हनुमान चालीसा की रचना की थी, जो आज भी करोड़ों लोगों की श्रद्धा का केन्द्र है। हनुमान चालीसा में हनुमानजी के गुण, पराक्रम, भक्ति और उनके चमत्कारों का विस्तारपूर्वक वर्णन है। ऐसा कहा जाता है कि इसका पाठ करने से भय और दुख दूर होते हैं और साधक को मानसिक शांति प्राप्त होती है।

पौराणिक कथाओं के अनुसार, भगवान हनुमान का जन्म त्रेतायुग में हुआ था, जब भगवान विष्णु ने श्रीराम के रूप में अवतार लिया था। भगवान शिव ने भगवान राम की सेवा हेतु रुद्रावतार हनुमान के रूप में जन्म लिया। वाल्मीकि रामायण, महाभारत, पुराणों और अन्य ग्रंथों में हनुमानजी के पराक्रम, भक्ति और सेवाभाव का विस्तारपूर्वक वर्णन मिलता है। माता अंजना और वानरराज केसरी के पुत्र हनुमान को जन्म से ही असाधारण शक्तियां प्राप्त थीं। उन्हें सूर्य से शिक्षा प्राप्त करने का सौभाग्य मिला और अनेक देवी-देवताओं ने उन्हें अपने-अपने आशीर्वाद से शक्तिशाली बना दिया। हनुमानजी को अष्ट सिद्धियां और नव निधियां प्राप्त हैं। यही कारण है कि उन्हें अजेय, अमर और महाबली देवता माना गया है।



हनुमानजी की भक्ति और शक्ति का सबसे बड़ा प्रमाण रामायण में मिलता है, जब उन्होंने माता सीता की खोज में समुद्र पार किया, लंका दहन किया और संजीवनी बूटी लाकर लक्ष्मणजी के प्राणों की रक्षा की। उनका समर्पण, साहस और त्याग अप्रतिम है। वे केवल पराक्रमी योद्धा ही नहीं बल्कि एक अत्यंत बुद्धिमान और विनम्र भक्त भी हैं। 'संकटमोचन' कहे जाने वाले हनुमान अपने भक्तों को हर प्रकार के संकट से उबारते हैं और उन्हें भय, पीड़ा तथा क्लेश से मुक्त करते हैं। ऐसी मान्यता है कि जो व्यक्ति सच्चे मन से हनुमानजी की उपासना करता है, वह जीवन में आने वाली सभी बाधाओं को पार करते हुए सफलता की सीढ़ियां चढ़ता है।

हनुमानजी के नामकरण को लेकर भी एक विशेष कथा प्रचलित है। संस्कृत में 'हनु' का अर्थ होता है दाढ़ी। पौराणिक मान्यता के अनुसार, बाल्यावस्था में जब हनुमानजी को तीव्र भूख लगी तो उन्होंने सूर्य को एक लाल फल समझकर खाने के लिए दौड़ लगा दी। उसी समय राहु भी सूर्यग्रहण के लिए आया था लेकिन हनुमानजी ने राहु को भगा दिया और सूर्य को निगल लिया। इससे संसार में अंधकार फैल गया। राहु ने देवताओं से जाकर शिकायत की तो देवराज इंद्र ने क्रोधित होकर हनुमान पर अपने वज्र से प्रहार किया, जिससे उनकी दाढ़ी में चोट आई और वे मूर्छित हो गए। जब पवनदेव को यह ज्ञात हुआ तो उन्होंने पूरे ब्रह्मांड में वायु का प्रवाह रोक दिया। सृष्टि में हाहाकार मच गया और तब सभी देवताओं ने ब्रह्मा जी की अगुवाई में पवनदेव को मनाया और हनुमानजी को जीवनदान दिया। इस दिन को ही उनके जन्मोत्सव के रूप में मनाया जाता है।हनुमानजी का चरित्र आज के युग के लिए प्रेरणास्रोत है। वे शक्ति, सेवा, समर्पण और विनम्रता के अद्भुत संगम हैं। उनका जीवन दर्शाता है कि किसी भी शक्ति का प्रयोग केवल धर्म और सेवा के लिए किया जाना चाहिए। वे निर्भयता और निस्वार्थ सेवा का प्रतीक हैं। भक्तों का विश्वास है कि हनुमानजी की आराधना से जीवन के हर क्षेत्र में सफलता प्राप्त होती है। आज जब संसार अनेक प्रकार की चुनौतियों से जूझ रहा है, तब हनुमान जन्मोत्सव का संदेश हमें शक्ति, साहस और संकल्प के साथ आगे बढ़ने की प्रेरणा देता है।

## अपने भीतर के हनुमान को जगाने का पव


**रमेश गौतम**

हनुमान जयंती केवल एक धार्मिक पर्व नहीं, बल्कि मानव जीवन के चरित्र-निर्माण, आत्मबल, संयम, सेवा और समर्पण की प्रेरणा देने वाला महान दिवस है। यह दिन हमें मंदिरों में दीप जलाने से अधिक अपने भीतर के अंधकार को दूर करने का संदेश देता है। हनुमान केवल शक्ति के प्रतीक नहीं हैं, वे शक्ति के सदुपयोग, ज्ञान की विनम्रता, भक्ति की पराकाष्ठा और सेवा की परंपरा के प्रतीक हैं। इसलिए हनुमान जयंती मनाने का वास्तविक अर्थ है- अपने भीतर के हनुमान को जगाना। हनुमान जी को मंगलकर्ता और विघ्नहर्ता कहा गया है। लेकिन वे विघ्न केवल बाहरी नहीं हटाते, वे मनुष्य के भीतर के विघ्न-अहंकार, भय, आलस्य, क्रोध, लोभ, मोह, इन सबका भी नाश करते हैं। आज का मनुष्य बाहरी समस्याओं से कम और आंतरिक कमजोरियों से अधिक परेशान है। इसलिए आज हनुमान की प्रासंगिकता पहले से कहीं अधिक है।हनुमान शक्ति के प्रतीक हैं, लेकिन उनकी सबसे बड़ी विशेषता यह है कि उन्होंने कभी अपनी शक्ति का प्रदर्शन नहीं किया। उन्होंने अपनी शक्ति को सेवा में लगाया। आज का युग शक्ति प्रदर्शन का युग बन गया है-धन का प्रदर्शन, पद का प्रदर्शन, ज्ञान का प्रदर्शन, शक्ति का प्रदर्शन। लेकिन हनुमान हमें सिखाते हैं कि शक्ति और ज्ञान का प्रदर्शन नहीं, उसका संरक्षण और सदुपयोग ही महानता है। सर्वशक्तिमान होकर भी उन्होंने स्वयं को ÷राम का दास÷ कहा। इससे बड़ी विनम्रता और क्या हो सकती है? हनुमान हमें यह भी सिखाते हैं कि शक्ति और ज्ञान का अहंकार नहीं होना चाहिए। ज्ञान यदि विनम्रता नहीं देता, तो वह अज्ञान है। शक्ति यदि सेवा में नहीं लगती, तो वह विनाश का कारण बनती है। इसलिए हनुमान शक्ति और ज्ञान के साथ-साथ विनम्रता और सेवा के भी प्रतीक हैं।

वे केवल बलवान नहीं थे, वे महान विद्वान, व्याकरणाचार्य, तर्कशास्त्री, संगीतज्ञ और नीतिज्ञ भी थे। लेकिन इतनी विद्या होने पर भी उनमें अहंकार नहीं था। वे सरलता, सादगी और सेवा के प्रतीक बने रहे। आज शिक्षा बढ़ रही है, लेकिन विनम्रता घट रही है। डिग्रियाँ बढ़ रही हैं, लेकिन चरित्र घट रहा है। ऐसे समय में हनुमान का चरित्र हमें ज्ञान के साथ विनम्रता का संतुलन सिखाता है। हनुमानजी को हिन्दू देवताओं में सबसे शक्तिशाली माना गया है, वे रामायण जैसे महाग्रंथ के सह पात्र थे। वे भगवान शिव के ग्यारवें रूद्र अवतार थे ।

(यह लेखक के निजी विचार हैं) -साभार

## शब्द पहेली - 8684



**बाएँ से दाएँ**

1. साले की पत्नी-4
3. उच्च कुल का -3
5. पाताल-4
8. व्यंग,चुटीली बात-2
10. दुख,कष्ट-2
11. शराब का प्याला-2
13. सत्य,तेज-2
14. जुड़वा-3
15. विश्राम,राहत-3
17. मक्का-मदीना की यात्रा-2
19. झुका हुआ-2
20. टैक्स,हाथ-2
21. होठ,अधर-2
23. सुरक्षित-4
25. नाश,विनाश,विध्वंस-3
26. निश्चित -4

**ऊपर से नीचे**

1. नदी-3
2. संपत्ति,धन-2
3. वंश,खानदान-2
4. उत्तमता,परिष्कृतता-4
6. समुद्र,दरिया-3
7. अंधकार-2
9. जो जायज न हो-4
12. संस्कृत में 'मेरा'-2
13. सपाट- 4
16. जांघ-2
17. पैगंबर,महापुरुष-4
18. रनिवास (उर्दू-3)
20. हुनर,फन-2
22. देह,काया-3
23. गलत का विलोम -2
24. निश्चित-2


**शब्द पहेली - 8683 का हल**



Jagrutidaur.com, Bangalore

## दैनिक पंचांग

**2 अप्रैल 2026 को सूर्योदय के समय की ग्रह स्थिति**




**गुरुवार** 2026 वर्ष का 92 वा दिन
**दिशाशूल** दक्षिण **ऋतु** बसंत।
**विक्रम संवत्** 2083 **शक संवत्** 1948
**मास** चैत्र **पक्ष** शुक्ल
**तिथि** पूर्णिमा 07.42 बजे को समाप्त।
**नक्षत्र** हस्त 17.39 बजे को समाप्त।
**योग** ध्रुव 14.20 बजे को समाप्त।
**करण** बव 07.42 बजे तदनन्तर बालव 20.09 बजे को समाप्त।
**चन्द्रायु** 13.9 घण्टे
**रवि क्रान्ति** उत्तर 04° 51'
**सूर्य** उत्तरायन
**कलि अहर्गण** 1872667
**जूलियन दिन** 2461132.5
**कलियुग संवत्** 5128
**कल्पारंभ संवत्** 1972949128
**सृष्टि ग्रहारंभ संवत्** 1955885128
**वीरनिर्वाण संवत्** 2552
**हिजरी सन्** 1447
**महीना** सव्वाल
**तारीख** 13
**विशेष** हनुमान जयंती, धरती पुजा।

| ग्रह | स्थिति | लग्नारंभ | समय |
|---|---|---|---|
| सूर्य | मीन में | मेष | 06.32 बजे से |
| चंद्र | कन्या में | वृष | 08.12 बजे से |
| मंगल | कुंभ में | मिथुन | 10.10 बजे से |
| बुध | कुंभ में | कर्क | 12.24 बजे से |
| गुरु | मिथुन में | सिंह | 14.40 बजे से |
| शुक्र | मेष में | कन्या | 16.52 बजे से |
| शनि | मीन में | तुला | 19.02 बजे से |
| राहु | कुंभ में | वृश्चिक | 21.17 ब.से |
| केतु | सिंह में | धनु | 23.33 बजे से |
| राहुकाल | | मकर | 01.38 बजे से |
| 1.30 से 3.00 बजे तक | | कुंभ | 03.25 बजे से |
| | | मीन | 04.57 बजे से |

| दिन का चौघड़िया | | | रात का चौघड़िया | | |
|---|---|---|---|---|---|
| शुभ | 05.54 से | 07.22 बजे तक | अमृत | 05.40 से | 07.11 बजे तक |
| रोग | 07.22 से | 08.51 बजे तक | चर | 07.11 से | 08.43 बजे तक |
| उद्वेग | 08.51 से | 10.19 बजे तक | रोग | 08.43 से | 10.15 बजे तक |
| चर | 10.19 से | 11.47 बजे तक | काल | 10.15 से | 11.47 बजे तक |
| लाभ | 11.47 से | 01.15 बजे तक | लाभ | 11.47 से | 01.19 बजे तक |
| अमृत | 01.15 से | 02.43 बजे तक | उद्वेग | 01.19 से | 02.51 बजे तक |
| काल | 02.43 से | 04.11 बजे तक | शुभ | 02.51 से | 04.23 बजे तक |
| शुभ | 04.11 से | 05.40 बजे तक | अमृत | 04.23 से | 05.55 बजे तक |

**चौघड़िया शुभाशुभ**– **शुभत्व श्रेष्ठ** शुभ, अमृत व लाभ, **मध्यम** चर, **अशुभ** उद्वेग, रोग व काल। सभी समय भारतीय मानक समय की मध्य रेखा बिन्दु के आधार पर है अतः आप अपने स्थानीय समयानुसार ही देखें। Jagrutidaur.com, Bangalore

## सार समाचार



### भारतीय स्वतंत्रता संग्राम सेनानी स्वर्गीय बिसाहू दास महंत की जयंती कांग्रेसजनों ने मनाई

**विजय मत/डोंगरगाँव ।** ब्लॉक कांग्रेस कमेटी डोंगरगांव द्वारा मारगांव मंडल के ग्राम कोनारी मे भारतीय स्वतंत्रता संग्राम सेनानी स्वर्गीय बिसाहू दास महंत जी की जयंती के अवसर पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं द्वारा एक सभा एवं विचार संगोष्ठी का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में उनके योगदान, त्याग और देशभक्ति को याद करते हुए उपस्थित जनों ने उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। वक्ताओं ने कहा कि बिसाहू दास महंत जी का जीवन हम सभी के लिए प्रेरणास्त्रोत है। उन्होंने स्वतंत्रता संग्राम में सक्रिय भूमिका निभाते हुए देश की आज़ादी के लिए महत्वपूर्ण योगदान दिया।

### आबकारी जांच चौकी धनवार में कार्रवाई 20.64 बल्क लीटर अवैध विदेशी मदिरा जब्त

**विजय मत/बलरामपुर।** जिले के वाड्रफनगर वृत्त अंतर्गत आबकारी विभाग द्वारा अवैध मदिरा के विरुद्ध सख्त कार्रवाई करते हुए आबकारी जांच चौकी धनवार में कार्रवाई की गई। इस दौरान 20.64 बल्क लीटर विदेशी मदिरा (उत्तर प्रदेश राज्य की) जब्त की गई है।प्राप्त जानकारी के अनुसार अमृत कुमार एवं आदित्य कुमार द्वारा दो पहिया वाहन से विदेशी मदिरा (उत्तर प्रदेश राज्य की) का अवैध परिवहन किया जा रहा था। धनवार जांच चौकी में जांच के दौरान आरोपियों के पास से 20.64 बल्क लीटर विदेशी मदिरा एवं दो पहिया वाहन को जब्त कर आरोपियों के विरुद्ध आबकारी अधिनियम की धारा 34(1)(क), 34(2), 36 एवं 59-क के तहत प्रकरण दर्ज आवश्यक कार्यवाही की गई है।



### पांच परिवारों को 20 लाख रूपए की आर्थिक सहायता मंजूर

**विजय मत/कवर्धा।** कलेक्टर श्री गोपाल वर्मा ने राजस्व पुस्तक परिपत्र छह-चार के तहत पांच विपत्तिग्रस्त परिवारों को चार-चार लाख रूपए की मान से 20 लाख रूपए की आर्थिक सहायता राशि की स्वीकृति दी है। इसके तहत ग्राम सिंघनपुरी निवासी लक्ष्मी बंशे की सर्प काटने से मृत्यु हो जाने पर विपत्तिग्रस्त उनके पति श्री मिलाप बंशे को, ग्राम मुरकी निवासी रमौतिन बाई की नदी में डूबने से मृत्यु हो जाने पर विपत्तिग्रस्त उनके पुत्र श्री गौतर सिंह को, ग्राम कौआनार बदना निवासी मोहित कुमार की सर्प काटने से मृत्यु हो जाने पर विपत्तिग्रस्त उनके पत्नी डाक्टरिन बाई को, ग्राम बाहपानी निवासी तिहारो बाई की आकाशीय बिजली गिरने से मृत्यु हो जाने पर विपत्तिग्रस्त उनके पति ज्ञान सिंह को और ग्राम बाहपानी निवासी रामबाई की आकाशीय बिजली गिरने से मृत्यु हो जाने पर विपत्तिग्रस्त उनके पति भगतराम को राजस्व पुस्तक परिपत्र छह-चार के तहत चार-चार लाख रूपए की आर्थिक सहायता की मंजूरी दी गई है।

# कलेक्टर ने सुदूर वनांचल ग्राम भुरसीपकरी में लगाई रात्रि चौपाल

- *जिले के अंतिम छोर में बसे बैगा आदिवासियों के साथ जमीन पर बैठकर की चर्चा*
- *झिरिया में सेनेटरी वेल का होगा निर्माण, ताकि गांव में साल भर मिले पानी*
- *कार्य योजना तैयार, वनांचल में पेयजल की समस्या से मिलेगी निजात*
- *कलेक्टर ने बैगा आदिवासियों की सुनी समस्याएं, अधिकारियों तो त्वरित निराकरण के दिए निर्देश*

**मानिकदास मानिकपुरी**



**विजय मत/कवर्धा।** जिले के अंतिम छोर में बसे बोड़ला विकासखंड के सुदूर वनांचल एवं बैगा बाहुल्य ग्राम भुरसीपकरी की योजनाओं में क्रियान्वयन का मुआयना करने और शासन की योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुँचाने कलेक्टर श्री गोपाल वर्मा स्वयं गांव पहुंचे। उन्होंने यहां रात्रि चौपाल लगाकर बैगा आदिवासियों के साथ जमीन पर बैठकर बातचीत की और उनकी समस्याएं सुनी। कलेक्टर ने ग्रामीणों की समस्याएं, शिकायतें और मांगें विस्तार से सुनीं तथा कई मामलों में मौके पर ही अधिकारियों को समाधान के निर्देश दिए।

कलेक्टर को रात्रि चौपाल के दौरान ग्रामीणों ने मुख्य रूप से पेयजल समस्या की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि गांव में गर्मी के दिनों में पेयजल की समस्या होती है। करीब डेढ़ किलोमीटर दूर झिरिया से पानी लाना पड़ता है, जिससे काफी कठिनाई होती है। उन्होंने बताया कि झिरिया में सालभर पानी उपलब्ध रहता है। इस पर कलेक्टर श्री वर्मा ने पीएचई विभाग के अधिकारियों से जानकारी लेकर समाधान की दिशा में तत्काल कदम उठाने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने बताया कि झिरिया में सेनेटरी वेल बनाया जाएगा। सेनेटरी वेल में मोटर पंप लगाकर और पाइपलाइन के जरिए पानी पहुंचाने की योजना तैयार की गई है और शासन को भेजा गया है। कलेक्टर श्री वर्मा ने बताया कि जिले के ऐसे सभी वनांचल गांवों का सर्वे किया जा रहा है, जहां झिरिया से पानी लाना पड़ता है। इन गांवों के लिए भी इसी तरह की योजना बनाकर सेनेटरी वेल मोटर पंप और पाइपलाइन के माध्यम से सालभर पेयजल उपलब्ध कराने का कार्य किया जाएगा। कार्यपालन अभियंता श्री दिलीप राजपूत ने बताया कि वर्तमान में गांव में 3 सोलर पंप स्थापित है जिससे पेयजल आपूर्ति की जाती है, गर्मी के दिनों में जल स्तर नीचे चले जाने के कारण समस्या होती है। उन्होंने बताया कि इस योजना के माध्यम से गांव में साल भर पानी की आपूर्ति हो सकेगी। उन्होंने बताया कि इसके लिए कार्य योजना तैयार किया गया है।

कलेक्टर श्री वर्मा ने जनमन योजना के तहत आवास निर्माण की प्रगति की भी समीक्षा की। ग्राम सचिव ने जानकारी दी कि भुरसीपकरी में 142 आवास स्वीकृत हैं, जिनमें से 83 पूर्ण हो चुके हैं, 55 निर्माणाधीन हैं और 4 कार्य शुरू नहीं हुए हैं। कलेक्टर ने निर्देश दिए कि जिन हितग्राहियों को राशि मिल चुकी है, उनके आवास निर्माण कार्य तत्काल शुरू कराए जाएं। साथ ही आवास मित्रों को नियमित निरीक्षण कर समयसीमा में कार्य पूर्ण कराने के निर्देश दिए। राशन वितरण की जानकारी लेते हुए ग्रामीणों ने बताया कि उन्हें नियमित राशन मिल रहा है। एक महिला ने राशन कार्ड दूसरे गांव में बने होने की समस्या बताई, जिस पर कलेक्टर ने सचिव को तत्काल स्थानांतरण की प्रक्रिया शुरू कर समाधान करने के निर्देश दिए।

चौपाल के दौरान ग्रामीणों द्वारा विभिन्न शासकीय योजनाओं और राजस्व से संबंधित आवेदन भी प्रस्तुत किए। जिसमें नामांतरण के संबंध में ग्रामवासियों ने समस्या बताई। कलेक्टर ने इन आवेदनों के त्वरित निराकरण के लिए अधिकारियों की टीम गठित कर समयबद्ध कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। स्वास्थ्य सुविधाओं को लेकर ग्रामीणों ने उप स्वास्थ्य केंद्र में नर्स की कमी की बात रखी। इस पर कलेक्टर ने सीएमएचओ से समन्वय कर आवश्यक व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। रात्रि चौपाल में जिला पंचायत सीईओ श्री अभिषेक अग्रवाल, डिप्टी कलेक्टर श्री आर बी देवांगन, अधीक्षक भू अभिलेख श्री गजेंद्र साहू, जनपद सीईओ बोड़ला श्री आकाश राजपूत, तहसीलदार श्री हुलेश्वर पटेल सहित अन्य अधिकारी एवं बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।

## महिला उद्यमियों को मिला बाजार विस्तार का मार्गदर्शन, एमडीए कार्यशाला संपन्न

**विजय मत/मुंगेली**



जिले में महिला उद्यमियों को बाजार से जोड़ने, उनके उत्पादों की बिक्री एवं ब्रांडिंग को मजबूत करने और राज्य व राष्ट्रीय स्तर पर अवसर उपलब्ध कराने के उद्देश्य से महिला उद्यमियों हेतु मार्केट डेवलपमेंट असिस्टेंस (एमडीए) कार्यशाला का सफल आयोजन किया गया। कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य महिला उद्यमियों, स्वयं सहायता समूह (एसएचजी) सदस्यों तथा महिला संचालित सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यमों को बाजार विकास सहायता योजनाओं, प्रदर्शनी/मेलों में भागीदारी, ब्रांडिंग, पैकेजिंग सुधार एवं डिजिटल मार्केटिंग के माध्यम से व्यवसाय विस्तार के लिए सक्षम बनाना रहा। कार्यक्रम का शुभारंभ जनपद पंचायत मुंगेली के मुख्य कार्यपालन अधिकारी विक्रम सिंह ठाकुर ने किया। उन्होंने कहा कि महिला उद्यमिता आर्थिक सशक्तिकरण के साथ-साथ सामाजिक परिवर्तन और स्थानीय अर्थव्यवस्था को मजबूत करने में अहम भूमिका निभाती है। उन्होंने कहा कि एमडीए जैसी योजनाएं महिला उद्यमियों को बड़े बाजारों तक पहुंच बनाने में सहायक सिद्ध होती हैं। कार्यशाला में विशेषज्ञों द्वारा विभिन्न महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तृत जानकारी दी गई, जिसमें एमडीए योजनाएं, राज्य एवं राष्ट्रीय स्तर के मेलों में भागीदारी की प्रक्रिया, उत्पादों की ब्रांडिंग एवं पैकेजिंग, गुणवत्ता प्रमाणन, बी2बी व बी2सी मार्केट लिंकज, ई-कॉमर्स प्लेटफॉर्म के माध्यम से बिक्री विस्तार तथा सरकारी अनुदान प्राप्त करने की प्रक्रिया शामिल रही। इस दौरान सफल महिला उद्यमियों के उदाहरण प्रस्तुत किए गए और प्रतिभागियों को व्यावहारिक सुझाव दिए गए कि वे अपने उत्पादों को प्रतिस्पर्धी बाजार में कैसे स्थापित करें। प्रतिभागियों की शंकाओं का समाधान करते हुए उन्हें आगे की कार्ययोजना तैयार करने के लिए मार्गदर्शन भी दिया गया। कार्यक्रम में जिलेभर से लगभग 40 महिला उद्यमियों, एसएचजी प्रतिनिधियों एवं महिला संचालित उद्यमों ने सक्रिय भागीदारी की। प्रतिभागियों ने इसे प्रेरणादायक एवं उपयोगी बताते हुए भविष्य में भी ऐसे प्रशिक्षण कार्यक्रमों के आयोजन की अपेक्षा जताई। कार्यक्रम में विकासखंड परियोजना प्रबंधक शैलेन्द्र बिंझवार सहित विभागीय अधिकारी, विपणन विशेषज्ञ एवं संबंधित संस्थाओं के प्रतिनिधि उपस्थित रहे। एएफसी इंडिया लिमिटेड द्वारा सभी प्रतिभागियों एवं अतिथियों का आभार व्यक्त करते हुए कार्यक्रम का समापन किया गया।

## दीपका में स्व. बिसाहू दास महंत की 102 वीं जयंती मनाई गई

**विजय मत/सक्ती**



दीपका स्थित स्व. बिसाहू दास महंत बाल उद्यान में बिसाहू दास महंत की 102 वीं जयंती मनाई गई । सर्वप्रथम दीपका के कांग्रेसियों एवं आम नागरिकों द्वारा स्व. बिसाहू दास महंत की प्रतिमा पर पुष्पहार अर्पित किया गया । सादे किंतु गरिमामई समारोह को संबोधित करते हुए सांसद प्रतिनिधि इंजीनियर पोशक दास महंत प्रदेश कांग्रेस कमिटी सचिव तनवीर अहमद , छत्तीसगढ़ कांग्रेस कमिटी के संयुक्त महामंत्री रजनीश तिवारी ने अपने संयुक्त उद्बोधन में कहा कि स्व. महंत कोरबा जिला के बाँगो बांध की आधारशिला के सोच एवं पृथक छत्तीसगढ़ राज्य के स्वप्नदृष्टा थे जो सिंचाई के लिए एक बांध 1984 में पूरे छत्तीसगढ़ के कृषक जिलाओं में सिंचाई की व्यवस्था पूर्ण हुई और नवंबर 2000 में नए छत्तीसगढ़ का स्वरूप की स्थापना साकार हुइ।

मध्यप्रदेश और छत्तीसगढ़ की राजनीति में अपनी गहरी पैठ रखने वाले कांग्रेसी नेता बिसाहू दास जी महंत छत्तीसगढ़ के जांजगीर चांपा जिले का सुनाम धन्य गांव सारागांव के मूल निवासी थे। आपने मूलत: कबीर के विचारों को अपने जीवन में आत्मसात किया,इसीलिए उनकी वाणी में बेबाक रूप से कबीराना अंदाज की दिखाई पड़ता था। आज कबीर के सिद्धांत और कबीर पंथ में मान्य विचारधारा में बहुत कुछ अंतर दिखाई पड़ने लग गया है,इसका कारण कबीर पंथ की अनेक शाखा प्रशाखा का होना है।महंत जी ऐसे जाति में जन्म लिए थे जो मूलत: कबीर के सिद्धांतों को जीता है ,पनिका जाति कबीर तथा कबीर पंथ को मानने वाली कट्टर आदिम कबीर पंथी जाति है ,एक समय था जब महंत जी के समकालीन पंथ श्रीगृंध मुनि नाम साहेब और उनके पहले भी पनिका जाति को उनके कुशल व्यवहार,सादगी,विनम्रता,सरलता के आधार पर कबीर पंथ का प्रमुख स्थल दामाखेड़ा में दीवान,से लेकर कबीर भजन गायकी तथा महंती पंजा जिसे आजकल कड़िहार कहते है,रखा जाता था।आज भी इस जाति के लोगों का खान पान बोली ब्यावहार बिल्कुल सरल होता है।गुरु शिष्य परम्परा पर कबीर धर्मदासी परंपरा को पनिका जाति जीता है,आज भी। इसी परम्परा को महंत बिसाहू दास जी ने स्वीकारा। उन्होंने सीपत बलौदा मार्ग पर स्थित ग्राम धनिया के गांवटिया नामी व्यक्ति श्री काशी दास जी से दीक्षा ली थी। मध्यप्रदेश राज्य के समय छत्तीसगढ़ मध्यप्रदेश में ही अन्तर्भुक्त था,उस समय यह जाति अनुसूचित जनजाति में थे,आज भी यह जाति मध्य प्रदेश के कुछ जिलों में अनुसूचित जनजाति में हैं। मध्यप्रदेश में ही इस जाति को दिग्विजय सिंह जी के मुख्य मंत्री काल में पिछड़ा वर्ग में रखा गया।आज यह जाति छत्तीसगढ़ में पिछड़ा वर्ग में आता है। महंत जी आजीवन संघर्ष शील थे। पारिवारिक जनों के स्वास्थ्य और नागपुर जैसे स्थान पर अध्यापन के कारण कृषि योग्य जमीन बेचना पड़ गया।

## चिरमिरी से 12 नवीन 108 संजीवनी एक्सप्रेस एम्बुलेंस को हरी झंडी, स्वास्थ्य सुविधाओं को मिलेगा नया विस्तार

**30 मिनट में पहुंचेगी 108 सेवा, लोगों ने कहा स्वास्थ्य मंत्री और हमारे विधायक की सोच, दूरदर्शी का परिणाम है जिले को 12 एम्बुलेंस की सौगात।**



**विजय मत/एमसीबी,चिरमिरी।** जिला स्वास्थ्य विभाग द्वारा आज चिरमिरी के बड़ा बाजार स्थित दुर्गा पंडाल परिसर से 12 नवीन 108 संजीवनी एक्सप्रेस एम्बुलेंस को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि, स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी, कर्मचारी एवं स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि रहे राम नरेश राय महापौर, चिरमिरी नगर पालिक निगम ने एम्बुलेंस को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता संतोष सिंह, सभापति, नगर पालिक निगम चिरमिरी ने की। कार्यक्रम की शुरुआत छत्तीसगढ़ महतारी के छायाचित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलित कर विधिवत रूप से की गई।

मुख्य अतिथि ने अपने संबोधन में कहा कि 108 संजीवनी एक्सप्रेस आपातकालीन स्वास्थ्य सेवा आम जनता के लिए जीवन रक्षक सेवा है। सड़क दुर्घटना, गंभीर बीमारी, गर्भवती महिलाओं एवं अन्य आपातकालीन परिस्थितियों में यह सेवा लोगों के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण साबित होती है। उन्होंने कहा कि नई एम्बुलेंस मिलने से जिले के दूरस्थ और ग्रामीण क्षेत्रों के मरीजों को समय पर अस्पताल पहुंचाने में काफी सुविधा मिलेगी और कई लोगों की जान बचाई जा सकेगी।

कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे सभापति ने कहा कि राज्य सरकार द्वारा स्वास्थ्य सुविधाओं को लगातार मजबूत किया जा रहा है और 108 एम्बुलेंस सेवा इस दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

## कबीरधाम में स्वास्थ्य सुदृढ़ीकरण का नया अध्याय, जिले को मिली 7 नयी एम्बुलेंस

**विजय मत/कवर्धा**

**जिला पंचायत अध्यक्ष श्री ईश्वरी साहू, नगर पालिका अध्यक्ष श्री चंद्रप्रकाश चंद्रवंशी एवं कलेक्टर श्री गोपाल वर्मा ने हरी झंडी दिखाकर किया रवाना**

**दूरस्थ अंचलों में स्वास्थ्य सुविधाओं को मिलेगी मजबूती**

**गंभीर मरीजों व आपातकालीन स्थिति में चिकित्सीय सहायता पहुंचाना होगा आसान**



कबीरधाम जिले में स्वास्थ्य सेवाओं के सुदृढ़ीकरण में एक और नया अध्याय जुड़ा है। 108 सेवाओं के तहत चलने वाली 07 नयी एम्बुलेंस जिले को मिली हैं। इन एंबुलेंस को कलेक्ट्रेट परिसर से जिला पंचायत अध्यक्ष श्री ईश्वरी साहू, नगर पालिका अध्यक्ष श्री चंद्रप्रकाश चंद्रवंशी व कलेक्टर श्री गोपाल वर्मा ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। 07 एंबुलेंस में से 02 एएलएस और 05 बीएलएस एम्बुलेंस में से 01 एएलएस एम्बुलेंस कवर्धा जिला मुख्यालय और 01 चिल्पी में तैनात होंगें। वहीं 05 बीएलएस एंबुलेंस पंडरिया, सहसपुर लोहारा, रेंगाखार, कुकदूर और बोड़ला में सेवाएं देंगी।

जिला पंचायत अध्यक्ष श्री ईश्वरी साहू ने इस अवसर पर कहा कि जिले में स्वास्थ्य सुविधाओं के निरंतर विस्तार के लिए कार्य किया जा रहा है। मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व व उप मुख्यमंत्री श्री विजय शर्मा के प्रयासों से कवर्धा में स्वास्थ्य सुविधाओं को आगे बढ़ाने के लिए लगातार कार्य किया जा रहा है। मेडिकल कॉलेज का निर्माण, जिला अस्पताल में सीटी स्कैन, सोनोग्राफी के साथ ही उपचार एवं स्वास्थ्य सुविधाओं उपलब्धता सुनिश्चित की जा रही है। इसी कड़ी में अब राज्य शासन द्वारा जिले को 07 नयी एम्बुलेंस मिली है। जो दूरस्थ अंचलों से जरूरतमंद व गंभीर मरीजों को बेहतर उपचार के लिए अस्पतालों तक परिवहन में सहायक होंगी।

नगर पालिका अध्यक्ष श्री चंद्रप्रकाश चंद्रवंशी ने कहा कि जिले को मिले एम्बुलेंस मरीजों के परिवहन के लिए आवश्यक जीवन रक्षक उपकरणों और सुविधाओं से युक्त हैं। इससे ग्रामीण और दूर दराज के ऐसे मरीज जिन्हें अस्पताल तक आने में कठिनाई है अथवा दुर्घटना इत्यादि के समय फौरन चिकित्सीय सहायता की जरूरत होती है उनके लिए बड़ी सहायक होगी। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ सरकार ग्रामीण अंचलों में स्वास्थ्य सुविधाओं की बेहतरी के लिए निरंतर प्रयासरत है।

कलेक्टर श्री गोपाल वर्मा ने कहा कि 07 नए एम्बुलेंस का वितरण इस प्रकार किया गया है, जिससे शहरी के साथ साथ दूरस्थ ग्रामीण क्षेत्रों के मरीजों को इसका लाभ मिले। इसके साथ ही उन्होंने बताया कि शासन द्वारा बच्चों के आईसीयू युक्त नियो नेटल एंबुलेंस संभाग मुख्यालयों में प्रदान किया गया है, जो बच्चों के लिए चलता फिरता आईसीयू है। दुर्ग में प्रदान किए गए इस एंबुलेंस का लाभ कबीरधाम जिले में भी लिया जा सकता है। उन्होंने कहा कि इन एंबुलेंस से आपातकालीन स्थिति में त्वरित चिकित्सीय सहायता मुहैय्या कराना आसान होगा।

उल्लेखनीय है कि बीएलएस एवं एएलएस एम्बुलेंसों में मरीजों को मौके पर ही प्राथमिक एवं उन्नत चिकित्सा सहायता उपलब्ध कराने के लिए बीपी मॉनिटर, पल्स ऑक्सीमीटर, ईसीजी मॉनिटर, ग्लूकोमीटर जैसी जांच सुविधाओं के साथ ऑक्सीजन सपोर्ट, नेब्युलाइजेशन एवं अन्य आपातकालीन उपचार व्यवस्थाएं सुनिश्चित की गई हैं। गंभीर मरीजों के सुरक्षित स्थानांतरण हेतु पोर्टेबल वेंटिलेटर, डिफिब्रिलेटरध्कार्डियक मॉनिटर, सिरिंज पंप, लैरिंजोस्कोप सहित अन्य उन्नत उपकरण भी उपलब्ध कराए गए हैं।

### ऐसी करनी कर चलो हम हंसे जग रोय: श्यामसुंदर अग्रवाल

## खुशहाल छत्तीसगढ़ के लिए काम किया था बाबू बिसाहू दास महन्त ने: रामकुमार यादव

**विजय मत/सक्ती**





दिन दुखियों की सेवा और समृद्ध छत्तीसगढ़ का सपना स्व बिसाहू दास महन्त ने देखा था उक्त विचार स्वतंत्रता संग्राम सेनानी स्व बिसाहू दास महन्त के जन्म जयंती दिनांक 01 अप्रेल को उद्यान हटरी रोड में 102 वी जयंती के अवसर पर विधानसभा चंद्रपुर के विधायक रामकुमार यादव ने कही पूर्व विधायक मनेन्द्रगढ़ विनय जायसवाल ने कहा कि स्व महन्त जी के लिये अमीर गरीब के बीच कोई रेखा नहीं थी वे सबको सम्मान नजरो से देखते थे कहा सन्त कबीर की वाणी को देश दुनिया मे पहचान कराई और लोगों को आपस प्रेम भाव मे रहने का संदेश दिया नगर पालिका परिषद सक्ती अध्यक्ष श्याम सुंदर अग्रवाल ने कहा कि आज हम जिन रास्तों पर हम चल रहे हैं वह रास्ता स्व बिसाहू दास महन्त की देन हैं सक्ती जिले सपना साकार हुआ डॉ चरण दास महन्त की देन हैं किसानो को नहर से पानी मिल रहा है वो भी स्व बाबू जी का ही सपना था जिले भर के कॉग्रेसजनो सामाजिक संगठन द्वारा श्रद्धांजलि, पुष्पांजलि समारोह कार्यक्रम नेता प्रतिपक्ष डॉ चरण दास महन्त पुत्र सूरज महन्त विधायक रामकुमार यादव नगर पालिका परिषद सक्ती के अध्यक्ष श्याम सुंदर अग्रवाल पूर्व विधायक पूर्व विधायक चैन सिंह सामले जिला प्रतिनिधि गुलजार सिंह जिला कॉग्रेस कमेटी श्रीमती रश्मि गभेल पूर्व जिलाध्यक्ष त्रिलोक चन्द जायसवाल जिला पंचायत सदस्य सरोज डनसेना पूर्णिमा खूंटे जनपद पंचायत सक्ती अध्यक्ष नीतू ॠषिराय महबूब भाई नरेश गेवाडीन मेनका जायसवाल जागेश्वर सिंह सरवन सिदार बलराम पाण्डे बोध साय चन्द्रा अमर सिंह बनाफर भुनेश्वर चन्द्रा ताम्रध्वज चन्द्रा मधुसूदन साहू छोटू दास महन्त सुरेश गोपाल भारद्वाज श्याम कुमार केवत सन्नी यादव कृष्णा रात्रे भरत जलतारे मनोज सिदार रूपनारायण साहू गिरधरजायसवाल पिन्टू ठाकुर राजीव जायसवाल बंटी धनजल उमेश देवांगन अनिल देवांगन कालू अग्रवाल उगेन्द अग्रवाल रामप्यारी सिदार कुशल कश्यप राकेश राठौर सावित्री गवेल मनोज जायसवाल कुसुम यादव कुसुमलता अजगले अलका जायसवाल गीता देवांगन चांदनी सहिस रोहित यादव हेमंत डनसेना अशोक यादव सत्यप्रकाश महन्त टंकेश्वर पटेल हेमू सोनी धनेश्वर जायसवाल पियूष राय घनश्याम पांडेय डीआर यादव शफीक अहमद सजय सिदार जन्नाथ सिदार अग्नि सिदार विशाल जांगडे जोगेंद्र चन्द्रा चन्द्रशेखर कवर सोमेन्द्र सिंह लाला सोनी रामसजीवन भूरू अग्रवाल हरीश अग्रवाल राजेश शर्मा घनश्याम देवांगन आनंद अग्रवाल विकास अग्रवाल सुषमा जायसवाल विजया जायसवाल रायगढ़ से अनिल अग्रवाल विष्णु तिवारी एवँ जिला कॉग्रेस कमेटी सक्ती के सभी पदाधिकारियों ब्लॉक अध्यक्ष गण महिला कॉग्रेस किसान कॉग्रेस युवा कॉग्रेस आदिवासी कॉग्रेस एन एस यू आई मण्डल अध्यक्ष गण जिला पंचायत जनपद पंचायत के अध्यक्ष जनपद सदस्य गण सरपँच पंच गण पार्षद गण कांग्रेसजनों की गरिमामयी उपस्थिति रही श्रद्धांजलि कार्यक्रम के पश्चात दिव्यांगों को ट्राई सायकिल वितरण किया गया सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सक्ती में नेता प्रतिपक्ष डॉ चरण दास महन्त पूर्व विधायक विनय जायसवाल नगर पालिका परिषद सक्ती के अध्यक्ष श्याम सुंदर अग्रवाल ने भारत सरकार द्वारा स्वास्थ्य विभाग जिला सक्ती के चारो विकास खंड के लिये सुसज्जित 108 एम्बुलेंस को हरी झंडी दिखाकर लोकार्पण किया।

## सूरजपुर में स्वास्थ्य सेवाएं हुई बेहतर, शहर में 15 मिनट और गांव में आधे घंटे में एंबुलेंस पहुंचने का दावा

**विजय मत/सूरजपुर**



आपात स्थिति में मरीजों को समय पर एंबुलेंस की सुविधा मिल पाए, इसको लेकर लगातार प्रयास जारी हैं. इसकी कड़ी में जिले को 9 हाइटेक एंबुलेंस की सुविधा प्रदान की गई है. महिला एवं बाल विकास मंत्री ने इन एंबुलेंस को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया. महिला एवं बाल विकास मंत्री ने कहा कि जिले के लोगों को अब और बेहतर स्वास्थ्य सेवाओं मिल पाएंगी. मंत्री ने ये भी माना कि जो सुविधाएं स्वास्थ्य के क्षेत्र में जिले में होनी चाहिए, वैसी स्वास्थ्य सेवाएं फिलहाल नहीं मिल पा रही हैं लेकिन मंत्री ने ये जरूर कहा कि जल्द ही हम उन कमियों को दूर कर लेंगे. जिला अस्पताल पहुंचीं मंत्री ने कहा कि हमारी लगातार ये कोशिश है कि हम लोगों को बेहतर से बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं दे पाएं.

स्वास्थ्य विभाग की ओर से कहा गया है कि शहर में 15 मिनट में एंबुलेंस सुविधा लोगों के घरों तक पहुंच जाएगी. वहीं, ग्रामीण इलाके में आधे घंटे के भीतर एंबुलेंस पहुंच जाएगी. इन दावों पर स्वास्थ्य विभाग और ये सुविधा कितनी खरी उतरेगी ये तो वक्त बताएगा. लेकिन इतना तय है कि जिले को मिले इस सौगात से स्वास्थ्य सेवाएं और मजबूत होंगी. सबसे ज्यादा फायदा ग्रामीण इलाके के लोगों को होगा.

इन सभी एम्बुलेंस को एडवांस और बेसिक लाइफ सपोर्ट सिस्टम से लैस किया गया है. इनमें बीपी मॉनिटर, पल्स ऑक्सीमीटर, ऑक्सीजन सपोर्ट जैसी आवश्यक चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध हैं. साथ ही, प्राथमिक उपचार से लेकर आपातकालीन स्थिति में आवश्यक सभी व्यवस्थाएं सुनिश्चित की गई हैं, ताकि मरीज को घटनास्थल पर ही प्रारंभिक उपचार मिल सके और उसे सुरक्षित रूप से अस्पताल तक पहुंचाया जा सके. जिले और विकासखंड स्तर पर इन एम्बुलेंस की तैनाती से स्वास्थ्य सेवाओं का दायरा और प्रभाव दोनों बढ़ेगा. यह पहल न केवल मरीजों की जान बचाने में सहायक होगी, बल्कि स्वास्थ्य तंत्र को भी अधिक मजबूत बनाएगी. निश्चित रूप से, इन नई एम्बुलेंसों के शामिल होने से सूरजपुर जिले में आपातकालीन स्वास्थ्य सेवाएं पहले से और प्रभावी हो सकेंगी.

# कृषि मंत्री श्री नेताम ने वर्चुअल रूप से 9 नई एम्बुलेंस को दिखाई हरी झंडी

- *दूरस्थ क्षेत्रों में अब गोल्डन ऑवर में मिलेगी त्वरित चिकित्सा सहायता*
- *आपातकालीन स्वास्थ्य सेवाएं के सुदृढ़ीकरण से अब हर जरूरतमंद को मिलेगी 108 सेवा*

**आनन्द मिश्रा**

**विजय मत/बलरामपुर।** जिले में आपातकालीन स्वास्थ्य सेवाओं को और अधिक सुदृढ़ एवं प्रभावी बनाने की दिशा में ऐतिहासिक पहल की गई। जिला अस्पताल परिसर में आयोजित कार्यक्रम में जिले को मिले 9 एम्बुलेंस को प्रदेश के कृषि मंत्री श्री रामविचार नेताम ने वर्चुअल माध्यम से हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इनमें 08 बेसिक लाइफ सपोर्ट और 01 एडवांस्ड लाइफ सपोर्ट एम्बुलेंस शामिल हैं। इस सौगात के साथ ही जिले में 108 एम्बुलेंस की समस्त सेवाएं अब जिले के सभी विकासखंडों और दूरस्थ ग्रामीण वनांचलों तक त्वरित आपातकालीन चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराएगी।

इस अवसर पर मंत्री श्री रामविचार नेताम ने वर्चुअल रूप से संबोधित करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में राज्य शासन प्रत्येक नागरिक को गुणवत्तापूर्ण एवं शीघ्र स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि ये एम्बुलेंस केवल वाहन नहीं, बल्कि संकट की घड़ी में जीवन बचाने वाली महत्वपूर्ण कड़ी है। मंत्री श्री नेताम ने बताया कि शासन का उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि दूरस्थ और दुर्गम क्षेत्रों में रहने वाली माताओं, बहनों और बच्चों को आपातकालीन स्थिति में समय पर उपचार मिल सके। मरीजों को ''गोल्डन ऑवर'' में चिकित्सा सहायता मिलना जीवन रक्षा के लिए अत्यंत आवश्यक है और यह पहल इसी दिशा में एक बड़ा कदम है।







कलेक्टर श्री राजेंद्र कटारा ने कहा कि आपातकालीन सेवाओं को दुरुस्त रखने के लिए एम्बुलेंस संचालन एजेंसी के साथ बेहतर समन्वय स्थापित किया जाएगा। इससे सेवाओं की गुणवत्ता और प्रतिक्रिया समय में निरंतर सुधार होगा जिससे जरूरतमंदों को त्वरित सहायता मिल सकेगी। उन्होंने कहा कि सेवा में पारदर्शिता और प्रभावशीलता बनाए रखने के लिए वे स्वयं इन सेवाओं की नियमित निगरानी करेंगे,ताकि किसी भी जरूरतमंद को समय पर एम्बुलेंस मिलने में कोई कठिनाई न हो। उन्होंने कहा कि किसी भी आपात स्थिति में नागरिकों को समय पर एम्बुलेंस सुविधा उपलब्ध कराना प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है और इस दिशा में सतत प्रयास किए जाएंगे।

जिले को मिली 9 नई एम्बुलेंस को विभिन्न विकासखंडों और स्वास्थ्य केंद्रों में आवश्यकतानुसार तैनात किया गया है, ताकि पूरे जिले को कवर किया जा सके। नई व्यवस्था के तहत जिला चिकित्सालय बलरामपुर को 2 और वाड्रफनगर को 2 एम्बुलेंस आवंटित की गई हैं। राजपुर, शंकरगढ़, कुसमी, रामानुजगंज और सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) सनावल में एक-एक एम्बुलेंस उपलब्ध कराई गई है। इस नई व्यवस्था से अब जिले के सुदूर ग्रामीण अंचलों में किसी भी स्वास्थ्य आपातकाल के समय मरीजों को त्वरित सहायता मिल सकेगी।

इस कार्यक्रम अवसर पर पुलिस अधीक्षक वैभव बेंकर, रेडक्रॉस सोसायटी अध्यक्ष ओमप्रकाश जायसवाल, जनपद पंचायत अध्यक्ष सुश्री सुमित्रा चेरवा, उपाध्यक्ष श्रीमती बबली देवी सिंह, नगर पालिका अध्यक्ष लोधी राम एक्का, उपाध्यक्ष दिलीप सोनी एवं मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. विजय कुमार सिंह, जिला चिकित्सालय के सिविल सर्जन डॉ. शशांक गुप्ता सहित स्वास्थ्य विभाग के समस्त अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

## शिक्षकों की वरिष्ठता सूची विसंगतियां, छग टीए ने सौंपा ज्ञापन

**विजय मत/जगदलपुर**

### सीनियर को बना दिया जूनियर और जूनियर को सीनियर

### डीईओ और जेडी कार्यालय से जारी सूचियों में भारी अंतर की शिकायत



छत्तीसगढ़ टीचर्स एसोसिएशन नेजिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय और संयुक्त संचालक कार्यालय द्वारा जारी शिक्षकों की वरिष्ठता सूचियों में भारी अंतर और गंभीर विसंगतियां होने की शिकायत की है।

एसोसिएशन के बस्तर जिला इकाई के पदाधिकारियों ने संयुक्त संचालक शिक्षा और जिला शिक्षा अधिकारी को सौंपे गए ज्ञापन में विसंगति की ओर उनका ध्यान आकृष्ट कराया है। बताया गया है कि जिला स्तरीय सहायक शिक्षक एलबी (ई एंड टी) की जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय जिला बस्तर से 1 अप्रैल 2025 की स्थिति में अंतिम वरिष्ठता सूची प्रकाशित हुई है। कार्यालय संयुक्त संचालक शिक्षा संभाग बस्तर से भी 1 अप्रैल 2025 की स्थिति में संभाग स्तरीय सहायक शिक्षक एलबी (ई/टी) की अंतरिम वरिष्ठता सूची का प्रकाशित हुई है। दोनों ही वरिष्ठता सूची में भारी विसंगति व्याप्त है। सूची के अनुसार जिला स्तरीय वरिष्ठता सूची में वरिष्ठ क्रम के सहायक शिक्षक संभाग स्तरीय वरिष्ठता सूची के कनिष्ठ क्रम में आ गए हैं तथा जिला स्तरीय वरिष्ठता सूची में कनिष्ठ क्रम के सहायक शिक्षक को वरिष्ठ क्रम में दर्ज किया गया है, जिस पर सहायक शिक्षकों ने आक्रोश व्यक्त करते हुए सभी शिक्षक संघों से आपत्ति दर्ज करने की गई मांग है।

एसोसिएशन ने मांग की है कि सेवा पुस्तिका का अवलोकन कर नियमानुसार वरिष्ठ क्रम में आने वाले शिक्षकों को वरिष्ठता सूची में वरिष्ठ क्रम में तथा कनिष्ठ क्रम के आने वाले सहायक शिक्षकों को कनिष्ठ क्रम में दर्शाते हुए त्रुटि सुधार कर वरिष्ठता सूची जारी की जाए।

## बस्तर को मिलीं 15 अत्याधुनिक एंबुलेंस मेयर पाण्डेय ने किया जनता को समर्पित

**विजय मत/जगदलपुर**

प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की जनहितैषी पहल के अंतर्गत बस्तर की जनता को बेहतर और त्वरित चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराने के संकल्प के साथ 15 नई एंबुलेंस सौंपी गईं। इस महत्वपूर्ण सौगात के साथ अब जिले के वनांचल और दूरस्थ क्षेत्रों में आपातकालीन स्वास्थ्य सेवाओं की पहुंच और अधिक सुगम हो गई है। विशेष रूप से आकस्मिक दुर्घटनाओं और प्रसव के मामलों में मरीजों को समय पर अस्पताल पहुंचाना संभव हो सकेगा।





बुधवार 1 अप्रैल को जगदलपुर स्थित महारानी अस्पताल के प्रांगण में आयोजित एक कार्यक्रम में महापौर संजय पांडे ने इन एंबुलेंस को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। रवानगी से पहले महापौर ने एंबुलेंस में मौजूद आधुनिक जीवन रक्षक उपकरणों का निरीक्षण किया और विधि विधान से पूजा-अर्चना कर इन वाहनों को बस्तर की जनता की सेवा के लिए समर्पित किया। उन्होंने इस अवसर पर कहा कि मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में प्रदेश सरकार अंतिम व्यक्ति तक स्वास्थ्य सेवाएं पहुंचाने के लिए प्रतिबद्ध है और ये एंबुलेंस इसी कड़ी का एक महत्वपूर्ण हिस्सा हैं। इस अवसर पर एमआईसी सदस्य लक्ष्मण झा, निर्मल पाणिग्रही और संजय विश्वकर्मा के साथ स्वास्थ्य विभाग के वरिष्ठ अधिकारी भी मौजूद रहे। कार्यक्रम में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. संजय बसाक, सिविल सर्जन डॉ संजय प्रसाद, जिला टीकाकरण अधिकारी डॉ. सी. मैत्री, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन की जिला कार्यक्रम प्रबंधक डॉ. रीना लक्ष्मी और डॉ. नीरज ओझा सहित महारानी अस्पताल के चिकित्सकों एवं स्वास्थ्य कर्मियों ने अपनी सहभागिता दर्ज कराई।



## 30 साल से स्कूल में कदम नहीं रखा शिक्षक ने, कर रहे हैं बिजनेस, विभाग से बराबर उठा रहे हैं सैलरी!

**विक्रम कौशल**

**विजय मत/जगदलपुर।** बस्तर संभाग में एक ऐसा भी शासकीय शिक्षक है, जिसने डेढ़ दशक से स्कूल में कदम नहीं रखा है, वे बाकायदा बाईक शो रूम चला रहे हैं मोटी तनख्वाह सरकार से ले रहे हैं। गजब जलवे हैं इन मास्साब के। जी हां, यह कोई किताबी या फिल्मी कहानी नहीं, बल्कि आदिवासी बाहुल्य बस्तर के सिस्टम की वह हकीकत है, जो सरकारी तंत्र की भर्राशाही को बयां करती है।हम बात कर रहे हैं बस्तर संभाग के दंतेवाड़ा जिला मुख्यालय के एक सरकारी स्कूल के शिक्षक की। शासकीय कन्या हाई स्कूल दंतेवाड़ा में पदस्थ गणित शिक्षक मधुसूदन राव ने छत्तीसगढ़ शासन के वर्तमान वित्त मंत्री ओपी चौधरी के दंतेवाड़ा कलेक्टर रहने के दौरान ही स्कूल में पढ़ाना छोड़कर गैर शिक्षकीय कार्य करना शुरू कर दिया था। इस गुरूजी की पहुंच ?सी कि पहुंच के दम पर वे न सिर्फ जिला ग्रंथालय के प्रभारी बन बैठे, बल्कि जिला प्रशासन के विभिन्न खेल और सांस्कृतिक आयोजनों में इवेंट मैनेजमेंट करने का मलाईदार काम भी उन्होंने हथिया लिया। कहा जाता है कि ऐसे आयोजनों में अब तक वे लाखों के वारे न्यारे कर चुके हैं। बचे समय में मूल पोस्टिंग वाले स्कूल में जाने के स्थान पर श्री राव अपने बाइक शो रूम में बैठकर गाड़ियों की खरीदी-बिक्री में व्यस्त रहते हैं। ग्रंथपाल पद के लिए जरूरी शैक्षणिक योग्यता नहीं रखने के बाद भी इस शिक्षक को दंतेवाड़ा के 2-2 ग्रंथालयों का प्रभारी बनाकर रखा गया है। बी लिब डिग्रीधारी कुछ शिक्षकों के शिक्षा विभाग में उपलब्ध रहने के बाद भी उन्हें अवसर नहीं दिया जा रहा है। वित्त मंत्री ओपी चौधरी और यहां पदस्थ रह चुके सीनियर आईएएस अधिकारियों से घनिष्ठता का अनुचित फायदा उठाकर उक्त शिक्षक गैर शिक्षकीय कार्यों और अपने निजी बिजनेस में मगन रहते हैं। हर साल होने वाले युक्तियुक्तकरण में भी यह शिक्षक अपने स्कूल नहीं लौट रहे हैं, यह इस बात का सबसे बड़ा प्रमाण है।

## बीजागुड़ा के विद्यार्थियों का शानदार प्रदर्शन, दीपिका नाग बनी जिला टॉपर

**विजय मत/जगदलपुर**

बकावंड। गायत्री शक्तिपीठ के तत्वावधान में आयोजित भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा 2025ङ्26 में पूर्व माध्यमिक शाला बीजागुड़ा, छोटे देवड़ा कलस्टर सरगीपाल के विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए क्षेत्र का नाम गौरवान्वित किया है। सफल विद्यार्थियों को महापौर संजय पाण्डेय और जिला शिक्षा अधिकारी बीआर बघेल ने प्रमाण पत्र वितरित किए तथा बधाई दी।

इस परीक्षा में लगभग 10 हजार विद्यार्थियों ने भाग लिया था। विद्यालय की छात्रा दीपिका नाग पिता सुकरू नाग ने 87 प्रतिशत अंक प्राप्त कर जिला स्तर पर प्रथम स्थान हासिल किया है। वहीं छात्र गगन नाग पिता जयकिशोर नाग ने 83 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विकासखंड बकावंड स्तर पर प्रथम स्थान प्राप्त किया है। दोनों विद्यार्थियों की इस शानदार उपलब्धि से विद्यालय एवं क्षेत्र में हर्ष का माहौल है। विद्यालय के प्राचार्य एवं समस्त शिक्षकों ने विद्यार्थियों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है। इस अवसर पर ब्लॉक शिक्षा विभाग एवं विद्यालय से जुड़े अधिकारियों, शिक्षकों ने भी विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन करते हुए उन्हें आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। प्रमुख रूप से ब्लॉक शिक्षा अधिकारी चंद्रशेखर यादव, खंड स्रोत समन्वयक सोनसिंह बघेल, संकुल प्राचार्य अनिता आनंद अय्यर, संकुल समन्वयक फूलदास नागेश, प्रधान अध्यापक प्राथमिक शाला अनिल कुमार पटेल, प्रधान अध्यापिका पूर्व माध्यमिक शाला सुनीता नाग, शिक्षिका निशा साहू, थलममता सेठिया, ललित बघेल, तेज लक्ष्मी नायडू, प्रियंका यादव, रिक्की देवांगन आदि ने विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए कहा कि यह सफलता अन्य विद्यार्थियों के लिए प्रेरणा का स्रोत बनेगी आने वाले समय में और भी बेहतर परिणाम प्राप्त करने हेतु प्रेरित करेगी।





## नक्सलवाद के उन्मूलन में कांग्रेस ने भी दी हैं बड़ी आहूतियां : दीपक बैज

### भाजपा नेता कर रहे हैं स्तरहीन राजनीति : बैज

### बस्तर में विकास की शुरुआत कांग्रेस ने की

### भाजपा सरकार के दौरान हुईं नक्सली वारदातें

**विजय मत/जगदलपुर।** बस्तर के नक्सल मुक्त होने, केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह और राज्य के मंत्रियों के बयानों पर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कड़ी नाराजगी जाहिर की है। उन्होंने कहा है कि बस्तर में नक्सलवाद के खात्मे की बुनियाद कांग्रेस सरकार ने रखी थी। हमारी सरकार ने नक्सलियों को पीछे हटने मजबूर किया। सुदूर जंगलों के गांवों में पुलिस और सुरक्षा बलों के कैंप स्थापित करवाए, गांवों के विकास का मार्ग प्रशस्त किया। पहुंच विहीन गांवों में बिजली, पानी, सड़क, शिक्षा, चिकित्सा जैसी बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध करवाई। भाजपा सरकार को एंटी नक्सल ऑपरेशन के लिए बना बनाया प्लेटफार्म मिल गया।पीसीसी चीफ दीपक बैज ने कहा कि बस्तर को नक्सलवाद से मुक्ति यहां के लोगों, सुरक्षा बलों और कांग्रेस नेताओं के बलिदान की बदौलत मिली है। झीरम घाटी में हमने अपने बड़े नेताओं को खोया है। बस्तर टाइगर महेंद्र कर्मा जी नक्सलवाद से लड़ते लड़ते नक्सलियों के हाथों शहीद हुए। इतनी सारी कुर्बानियां कांग्रेस ने नक्सलवाद की लडाई में दी हैं। श्री बैज ने कहा कि झीरम घाटी, ताड़मेटला, रानी बोदली जैसी बड़ी नक्सली वारदातें भाजपा सरकारों के दौरान हुईं। दीपक बैज ने कहा कि नक्सल उन्मूलन को लेकर भाजपा स्तरहीन राजनीति कर रही है।



## अप्रैल फूल बना दिए गए सैकड़ों विद्यार्थी! 9वीं अर 12वीं के प्रश्न पत्रों में त्रुटि, 1 अप्रैल के पेपर कैंसिल

**विजय मत/जगदलपुर।** बस्तर जिले के सैकड़ों विद्यार्थी आज 1 अप्रैल को सुबह सुबह अप्रैल फूल बना दिए गए। बेचारे स्टूडेंट्स सज धज कर पूरी तैयारी के साथ स्कूलों में पहुंचे थे, मगर उन्हें मायूस होकर लौटना पड़ा। दरअसल शिक्षा विभाग द्वारा ली जा रही परीक्षाओं के तहत आज 1 अप्रैल को 9वीं और 11वीं के संस्कृत और हिंदी के पेपर होने वाले थे। प्रश्न पात्रों में त्रुटि के कारण दोनों विषयों की आज की परीक्षाएं स्थगित कर दी गईं। इसकी सूचना आज स्कूलों में पहुंचने पर विद्यार्थियों को मिली। अब इन दोनों विषयों की परीक्षाएं 9 अप्रैल को आयोजित की जाएंगी। पता चला है कि प्रश्न पत्रों में त्रुटि सुधार के बाद जिला शिक्षा कार्यालय ने 27 मार्च को अपने उच्च अधिकारी को जानकारी प्रेषित कर दी थी और जनसंपर्क विभाग को भी सूचना भेजी थी, ताकि उसके माध्यम से सब को जानकारी हो सके। किंतु कोई जानकारी सामने नहीं आते देख आज शिक्षा विभाग ने अल सुबह ही परीक्षा प्रभारियों के माध्यम से उक्त प्रश्न पत्र आज नहीं होने की जानकारी पालकों और छात्रों के बीच पहुंचाई, इस त्वरित सूचना से पालक और परीक्षार्थी हतप्रभ हैं और वे विभाग को कोस रहे हैं। अब सवाल यह उठता है कि जानकारी जो शिक्षा विभाग द्वारा जारी की गई थी उसे क्या जानबूझ कर अन्य लोगों ने संबंधित तक साझा नहीं किया या आज छात्रों को अप्रैल फूल बना दिया गया।

## सीसीएसएच में हुई पहली ऑर्थो सर्जरी, डायलिसिस भी जल्द

**विजय मत/जगदलपुर।** कांटिनेंटल छत्तीसगढ़ सुपर स्पेशयलिटी हॉस्पिटल में बुधवार को ऑर्थोपेडिक्स में पहली सर्जरी हुई। यहां पर मरीज की हिप जॉइंट सर्जरी हुई। इस ऑपरेशन को आर्थोपेडिक चिकित्सक डॉ पुष्पेंद्र राठौर ने अंजाम दिया। ऑपरेशन के बाद मरीज का स्वास्थ्य तेजी से सुधार पर है। उन्हें वार्ड में शिफ्ट कर दिया गया है। इस उपलब्धि पर हॉस्पिटल के महाप्रबंधक कल्पतरु साहू ने डॉक्टर, नर्सिंग स्टॉफ को शुभकामनाएं दी हैं।कांटिनेंटल सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल में बस्तर के मरीजों के लिए डाईलिसिस की सुविधा भी जल्द शुरू हो जाएगी। इसके लिए नेफ्रोलॉजी चिकित्साक नियुक्त हो गए हैं। उनकी यूनिट अब पूरी तरह सुसज्जित हो गई है। इसके साथ ही अब आरथो, गेस्ट्रो, यूरो, न्यूरो सर्जन की सिटिंग लगातार हो रही है। इनसे संबंधित शिकायत वाले मरीजों को एडमिट कर उपचार शुरू हो गया है। मरीजों के परामर्श और जांच सहित बेहतर उपचार की अन्य सुविधाएं शासन के द्वारा रियायत दर पर देने प्रयास जारी है।



## भारत माता के जय घोष के साथ राष्ट्र साधना में समर्पित हों कार्यकर्ता : भाजपा प्रदेश महामंत्री यशवंत जैन

### भाजपा कार्यकर्ताओं को निपुण बनाने संगठन निरंतर लगा रहा प्रशिक्षण वर्ग, जगदलपुर पूर्वी नगर मण्डल की प्रशिक्षण कार्यशाला आयोजित



**विजय मत/जगदलपुर।** भारतीय जनता पार्टी के पं. दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाअभियान में आज मंगलवार को ग्राम आसना में जगदलपुर पूर्वी नगर मण्डल की प्रशिक्षण कार्यशाला आयोजित की गयी। दो दिवसीय आवासीय प्रशिक्षण कार्यक्रम में भाजपा प्रदेश महामंत्री यशवंत जैन सहित संगठन के वरिष्ठों ने कार्यकर्ताओं को विभिन्न विषयों की विस्तृत जानकारी दी और प्रशिक्षित किया।

भाजपा प्रदेश महामंत्री यशवंत जैन ने प्रशिक्षण वर्ग में कार्यकर्ताओं आत्मीय संवाद स्थापित करते हुए कहा कि भाजपा कार्यकर्ता होना गर्व का विषय है। कार्यकर्ता ही भाजपा का आधार है, पूंजी है। संगठन को सशक्त बनाने, पार्टी की नीति, सिद्धांत को आगे बढ़ाने, विस्तार देने में कार्यकर्ता निपुण हो, प्रशिक्षित बनें, यह हमारे प्रशिक्षण कार्यक्रम का उद्देश्य है।

राष्ट्र सर्वप्रथम भाजपा का मूल मंत्र है। भारत माता के जय घोष के साथ राष्ट्र सेवा व देश की जनता की सेवा में भाजपा कार्यकर्ता सदैव अग्रणी भूमिका निभायें। श्री जैन ने प्रशिक्षण कार्यशाला में कार्यकर्ताओं को बूथ प्रबंधन विषय की बारीकियां बतायी और समझायी। प्रशिक्षण वर्ग में पूर्व विधायक संतोष बाफना ने सरकार की उपलब्धियां एवं क्रियान्वयन विषय विस्तार से जानकारी रखीं। प्रदेश प्रवक्ता शिवनारायण पाण्डेय ने भाजपा की कार्य पद्धति को विस्तृत रूप से अवगत कराया।

शेष नारायण तिवारी ने कार्य विस्तार पर हमारी दृष्टि विषय पर कार्यकर्ताओं को विविध उदाहरण के साथ संबोधित किया। पूर्व विधायक डा. सुभाऊ कश्यप ने वैचारिक अधिष्ठान, श्रीनिवास मिश्रा ने भाजपा का इतिहास एवं विकास, कमलचंद्र भंजदेव ने छत्तीसगढ़ की सांस्कृतिक विरासत और तेजपाल शर्मा ने सोशल मीडिया, एआई, नमोएप के बेहतर उपयोग विषय पर संबोधन दिया। भाजपा जिला अध्यक्ष वेदप्रकाश पाण्डेय ने प्रशिक्षण वर्ग में आरंभिक उद्बोधन दिया। कार्यक्रम का संचालन जिला महामंत्री रजनीश पाणिग्रही ने किया।

## बस्तर की शिल्पकला को देख अभिभूत हुईं मंत्री

## महिला सशक्तिकरण को नई दिशा दे रहा छत्तीसगढ़ मॉडल : केंद्रीय राज्यमंत्री रक्षा खडसे

**विजय मत/जगदलपुर**

केंद्रीय युवा कार्यक्रम एवं खेल राज्यमंत्री रक्षा खडसे ने बुधवार को तुरेनार स्थित छत्तीसगढ़ कला ब्रांड के अंतर्गत ग्रोथ सेंटर एवं प्रगति महिला स्व सहायता समूह के स्टॉल्स का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने स्थानीय उत्पादों, महिला उद्यमिता एवं स्व सहायता समूहों द्वारा किए जा रहे कार्यों का अवलोकन किया। रक्षा खडसे ने कहा कि छत्तीसगढ़ में महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में उल्लेखनीय कार्य हो रहा है। स्व सहायता समूहों के माध्यम से महिलाएं न केवल आर्थिक रूप से सशक्त बन रही हैं, बल्कि सामाजिक परिवर्तन की अग्रदूत भी बन रही हैं।







उन्होंने कहा कि राज्य में संचालित विभिन्न योजनाएं, जैसे कि महतारी वंदन योजना, महिलाओं को आर्थिक संबल प्रदान कर रही हैं। साथ ही ई-कॉमर्स प्लेटफॉर्म के माध्यम से उत्पादों की बिक्री, रेडी टू ईट खाद्य उत्पादों का निर्माण तथा लखपति दीदी योजना जैसे प्रयास महिलाओं के लिए नए अवसरों के द्वार खोल रहे हैं। रक्षा खडसे ने विशेष रूप से उल्लेख किया कि स्व सहायता समूह द्वारा रेडी टू इट निर्माण, पोषण सुरक्षा, रोजगार सृजन और ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सुदृढ़ करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। उन्होंने इन प्रयासों को नारी शक्ति के नेतृत्व में आत्मनिर्भर भारत की दिशा में एक सशक्त कदम बताया। इसके अलावा बस्तर ज़िले के ग्राम चिलकुटी के दौरे के दौरान उन्होंने पारंपरिक कला एवं समृद्ध सांस्कृतिक विरासत का भी अवलोकन किया। इस अवसर पर रक्षा खडसे ने विशेष रूप से पारंपरिक लॉस्ट वैक्स तकनीक ढोकरा शिल्प को निकट से देखा, जो आदिवासी कला और शिल्प कौशल की एक अद्वितीय पहचान है। उन्होंने कहा कि यह परंपरा केवल कला नहीं, बल्कि हमारी सांस्कृतिक स्मृति और स्थानीय कारीगरों की जीवंत विरासत का सशक्त प्रतीक है। कार्यक्रम के दौरान रक्षा खडसे ने महिला उद्यमियों एवं स्थानीय कारीगरों से संवाद किया और उनके कार्यों की सराहना करते हुए उन्हें आगे बढ़ने के लिए प्रोत्साहित किया। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ में स्व-सहायता समूहों तथा पारंपरिक शिल्प के माध्यम से हो रहा यह परिवर्तन महिला सशक्तिकरण, ग्रामीण विकास और समावेशी आर्थिक वृद्धि का एक प्रेरणादायी उदाहरण बनकर उभर रहा है। इस अवसर पर खेलो इंडिया के संचालक मयंक श्रीवास्तव कलेक्टर आकाश छिकारा, पुलिस अधीक्षक शलभ सिन्हा, जिला पंचायत सीईओ प्रतीक जैन, एसडीएम बस्तर गगन शर्मा उपस्थित रहे।

## दोनो ही टीम अपने-अपने शुरुआती मुकाबले में हारी हैं

# आईपीएल में आज केकेआर और सनराइजर्स जीत के इरादे से उतरेंगे



**मुम्बई, एजेंसीकोलकाता**

यहां के ईडन गार्डन में गुरुवार को कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) और सनराइजर्स हैदराबाद के बीच मुकाबला होगा। दोनो ही टीम अपने-अपने शुरुआती मुकाबले में हारी हैं, ऐसे में दोनो का ही लक्ष्य इस मैच में बेहतर प्रदर्शन कर जीत दर्ज करना रहेगा। पिछले आईपीएल सत्र में इन दोनों ही टीमों के बीच कुल दो मुकाबले खेले गए हैं जिसमें से एक केकेआर और एक सनराइजर्स हैदराबाद ने जीता था।

इनके बीच अंतिम बार मुकाबला दिल्ली के अरुण जेटली स्टेडियम में हुआ था जिसमें सनराइजर्स हैदराबाद की टीम ने केकेआर को आसान से हराया था। केकेआर को इस बार कोलकाता में अपने घरेलू मैदान का लाभ मिल सकता है।

इस मैदान पर खेले गए आखिरी पांच टी20 मैचों में से तीन मैच लक्ष्य का पीछा करने वाली टीमों ने जीता है। ऐसे में टॉस की भी अहम भूमिका रहेगी। इस मैच पर औसत स्कोर 165 के करीब रहा है। आंकड़ों की बात करें तो अब तक केकेआर और सनराइजर्स हैदराबाद के बीच 30 मुकाबले हुए हैं जिसमें से केकेआर ने 20 जबकि सनराइजर्स ने 10 जीते हैं।

केकेआर की टीम को कप्तान अजिंक्य रहाणे, अंगकृष रघुवंशी और वरुण चक्रवर्ती जैसे खिलाड़ियों से बेहतर प्रदर्शन की उम्मीद रहेगी। केकेआर अपने गेंदबाजों से अच्छे प्रदर्शन की उम्मीद करेगी। पिछले मैच में अर्धशतक लगाने वाले रहाणे एक बार फिर अच्छी शुरुआत दिलाने की कोशिश करेंगे।

वहीं सनराइजर्स की ओर से ईशान किशन, हेनरिक क्लासेन और अभिषेक शर्मा पर पारी का दारोमदार रहेगा। कुल मिलाकर देखा जाये तो मैच भी रोमांचक होना तय है। नियमित कप्तान पैट कमिंस के फिट नहीं होने से सनराइजर्स की कमान ईशान के पास ही रहेगी। ईशान ने पहले ही मैच में 80 रनों की शानदार पारी खेली थी जिसे वह दोहराना चाहेंगे।

### दोनो ही टीमों की संभावित अंतिम ग्यारह

कोलकाता नाइट राइडर्स

अजिंक्य रहाणे (कप्तान), कैमरून ग्रीन, फिन एलन, अंगकृष रघुवंशी (विकेटकीपर), रिंकू सिंह, रमनदीप सिंह, अनुकूल रॉय, सुनील नरेन, वरुण चक्रवर्ती, वैभव अरोड़ा, और ब्लेसिंग मुजरबानी।

### सनराइजर्स हैदराबाद

ईशान किशन (कप्तान/विकेटकीपर), अभिषेक शर्मा, ट्रेविस हेड, हेनरिक क्लासेन, अनिकेत वर्मा, नितीश कुमार रेड्डी, हर्ष दुबे, हर्षल पटेल, जयदेव उनादकट, ईशान मलिंगा, और डेविड पायने।

### 21 खिलाड़ियों को शामिल किया

मैक्सवेल सहित कई दिग्गजों को नहीं मिली जगह

सिडनी (ईएमएस)। रि केट ऑस्ट्रेलिया (सीए) ने अपने नए केन्द्रीय अनुबंध की घोषणा कर दी है। इसमें 21 खिलाड़ियों को शामिल किया गया है। वहीं ग्लेन मैक्सवेल सहित कई खिलाड़ियों को इसमें जगह नहीं मिली है। इस करार में कुछ नये खिलाड़ियों को भी शामिल किया गया है। वहीं कुछ खिलाड़ियों को अधिक रकम मिली है। कॉन्सट्स, मैट रेनशॉ और झाय रिचर्डसन को केन्द्रीय अनुबंध से बाहर कर दिया गया है। ऑस्ट्रेलिया ने नये टेस्ट खिलाड़ियों ब्रेंडन डॉगेट और जेक वेदरल्ड को इस बार शामिल किया है।

## शुभमन ने हार के लिए कमजोर बल्लेबाजी को जिम्मेदार बताया

**मुल्लापुर ।** गुजरात टाइटंस टीम को आईपीएल के 19 वें सत्र के अपने पहले ही मैच में पंजाब किंग्स के हाथों हार का सामना करना पड़ा है। 3 विकेट से मिली इस हार से गुजरात टाइटंस के कप्तान शुभमन गिल निराश है। शुभमन ने हार के लिए टीम के बल्लेबाजों को जिम्मेदार बताया है। उन्होंने कहा कि हम अगर 10 से 15 रन और बनाते तो हालात अलग होते। इस मैच में पहले बल्लेबाजी करते हुए गुजरात टाइटंस ने निर्धारित 20 ओवरों में 162 रन बनाए। इसके बाद जीत के लिए मिले इस लक्ष्य को पंजाब किंग्स ने 19.1 ओवर में ही 7 विकेट के नुकसान पर हासिल कर लिया। मैच में हार के लिए शुभमन ने खराब बल्लेबाज को कारण बताया है। उन्होंने कहा कि टीम ने अगर 10 से 15 रन और ज्यादा बनाए होते तो ये मैच उनके हाथों में आ जाता। शुभमन ने कहा कि मुझे लगता है कि हमने अच्छी गेंदबाजी की, पर अंतिम पांच-छह ओवरों में रन नहीं बना पाये। उन्होंने स्वीकार किया है कि टीम 10 से 15 रन कम बना पायी थी।

# अच्छे प्रदर्शन के बाद भी मुझे टी20 के लिए योग्य नहीं माना



**मुम्बई, एजेंसी**

अच्छे प्रदर्शन के बाद भी मुझे टी20 के लिए योग्य नहीं माना जा रहा –शमी

नई दिल्ली (ईएमएस)। पिछले काफी समय से भारतीय टीम से बाहर चल रहे अनुभवी तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी का कहना है कि उन्हें पिछले पांच से छह साल में 130 विकेट लेने के बाद भी टी20 के लिए उपयुक्त नहीं माना जा रहा है। शमी के अनुसार उन्होंने एकदिवसीय में सबसे तेजी से 200 विकेट लिए हैं। टी20 प्रारुप में भी उनका रिकॉर्ड काफी अच्छा है। इसके बाद भी उन्हें टी20 मैचों में अवसर नहीं मिल रहे हैं। इस तेज गेंदबाज ने माना कि आईपीएल के पिछले सत्र में उनका प्रदर्शन उतना अच्छा नहीं रहा था पर इसके पहले के सत्र में उनका नाम सबसे अधिक विकेट लेने वालों में शामिल था। शमी ने साल 2023 में सबसे अधिक विकेट लेकर पर्पल कैप हासिल किय था। इसके बाद भी उन्हें टी20 के लायक नहीं माना जा रहा है। इसी को लेकर उन्होंने कहा कि पिछले 5-6 सालों में उन्होंने 130 के करीब विकेट लिए हैं, फिर भी उन्हें टी20 गेंदबाज नहीं समझा जाता, ऐसे में वह क्या कर सकते हैं।

## आईपीएल में ऑरेंज और पर्पल कैप की दौड़ में रिकेल्टन और डफी

**मुम्बई।** इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के 19वें सत्र के शुरुआती मैच जारी है। ऐसे में अभी से सबसे अधिक रनों के लिए मिलने वाली ऑरेंज कैप और सबसे अधिक विकेट के लिए मिलने वाली पर्पल कैप के लिए संभावितों के नाम आने शुरु हो गये हैं। अभी तक सबसे अधिक रनों के मामले में शीर्ष पांच पर मुंबई इंडियंस के सलामी बल्लेबाज रयान रिकेल्टन हैं। जिन्होंने एक ही मैच में 81 रन बनाये हैं। वहीं दूसरे नंबर पर सनराइजर्स के ईशान किशन हैं जिनके 80 रन हैं। वहीं तीसरे नंबर पर मुम्बई इंडियंस के रोहित शर्मा 78 रनों के साथ हैं। चौथे स्थान पर कूपर कोनोली हैं उनके 72 रन हैं जबकि विराट कोहली 69 रनों के साथ ही पांचवें नंबर पर हैं।

# चेकिया के बाद स्वीडन-तुर्किये की भी फीफा विश्व कप में एंट्री, रोमांचक मुकाबलों में दर्ज की जीत

**नई दिल्ली, एजेंसी**

फीफा विश्वकप 2026 के लिए चेकिया, स्वीडन और तुर्किये की टीमों ने भी क्वालिफाई कर लिया है। तीनों टीमों ने प्लेऑफ मुकाबलों में शानदार प्रदर्शन करते हुए फीफा विश्वकप के मेन इवेंट में जगह बनाई।

### तुर्किये की वापसी

तुर्किये ने कोसोवो टीम को कड़े मुकाबले में हराकर 24 साल बाद वर्ल्ड कप में वापसी की। मैच का इकलौता गोल करीम अक्तुरकोग्लू ने किया। साथ ही मैच में केनान यिलदिज और ओर्कुन कोकू ने भी अहम भूमिका निभाई। तुर्किये अब ग्रुप डी में अमेरिका, ऑस्ट्रेलिया और पराग्वे के साथ खेलेगा।

**स्वीडन ने पोलैंड से लिया बदला**

स्वीडन ने रोमांचक मुकाबले में पोलैंड को हराकर क्वालिफाई किया। एंथनी एलांगा और विक्टर ग्लोकेरेस ने अहम गोल किए। मुकाबला एक्स्ट्रा टाइम तक गया और अंत में स्वीडन ने बाजी मारी। स्वीडन अब ग्रुप एफ में नीदरलैंड, जापान और ट्यूनीशिया के साथ होगा।

### 20 साल बाद चेकिया की वापसी

चेकिया ने डेनमार्क को पेनल्टी शूटआउट में हराकर 20 साल बाद वर्ल्ड कप में जगह बनाई। निर्णायक पेनल्टी माइकल सैदलिक ने गोल में बदली। डेनमार्क के लिए सिर्फ क्रिश्चियन एरिक्सन ही पेनल्टी में सफल रहे। चेकिया अब ग्रुप ए में मैक्सिको, दक्षिण अफ्रीका और दक्षिण कोरिया के साथ खेलेगा।

रोमांच से भरे मुकाबले

तीनों मुकाबले बेहद रोमांचक रहे। कहीं पेनल्टी शूटआउट का ड्रामा हुआ तो कहीं आखिरी मिनट में गोल दागा गया। और कहीं



20-24 साल बाद ऐतिहासिक वापसी हुई है। कुल मिलाकर फीफा विश्वकप रोमांचक रहने वाला है। इटली के बाहर होने ने भी सभी को चौंका दिया।

## टी20 रैंकिंग में बेथ को पीछे छोड़कर जॉर्जिया शीर्ष पर पहुंची

**दुबई ।** अंतरराष्ट्रीय क्रिकेटर परिषद (आईसीसी) की महिला टी20 बल्लेबाजी रैंकिंग में ऑस्ट्रेलिया की बल्लेबाज जॉर्जिया वॉल नंबर एक स्थान पर पहुंच गयी हैं। जॉर्जिया वॉल ने अपनी ही साथी खिलाड़ी बेथ मूनी को पीछे छोड़ा है। जॉर्जिया 8 स्थान ऊपर आयी हैं। वहीं भारत की स्मृति मंधाना दूसरे से तीसरे नंबर पर फिसल गयी हैं।


ऑलराउंडर्स की रैंकिंग की बात करें तो न्यूजीलैंड की अमेलिया केर पहले नंबर पर हैं। वहीं वेस्टइंडीज की हीली मैथ्यूज अब दूसरे स्थान पर आ गयी हैं। गेंदबाजी रैंकिंग में रेणुका सिंह ठाकुर पांचवें स्थान पर खिसक गई हैं।गेंदबाजी रैंकिंग की बात करें तो शीर्ष पर सादिया इकबाल हैं, जबकि दूसरे स्थान पर सोफी एक्लेस्टोन हैं। तीसरे पायदान पर दीप्ति शर्मा, चौथे नंबर पर लॉरेन बेल और पांचवें पायदान पर रेणुका सिंह ठाकुर हैं। ऑलराउंडर्स की रैंकिंग पर नजर डालें तो शीर्ष पर अमेलिया केर हैं।

### पहला स्थान हासिल किया है

दूसरे पायदान पर हीली मैथ्यूज, तीसरे पर दीप्ति शर्मा, चौथे पर एश्ली गार्डनर और चमारी अट्टापट्टू पांचवें नंबर पर हैं।नई रैंकिंग में बड़ा बदलाव देखने को मिला है। आईसीसी ने जो लेटेस्ट रैंकिंग जारी की है, उसमें नई नंबर वन बल्लेबाज और नई नंबर वन ऑलराउंडर देखने को मिली है। जॉर्जिया वॉल ने टी20 इंटरनेशनल क्रिकेट में बड़ी उपलब्धि हासिल करते हुए नंबर वन स्थान हासिल कया है।

## व्यापार

# महाराष्ट्र में प्याज हुआ सस्ता, उत्पादक संघ ने की एमआईएस लागू करने की मांग



**मुंबई, एजेंसी**

महाराष्ट्र राज्य प्याज उत्पादक संघ ने सरकार से बाजार हस्तक्षेप योजना (एमआईएस) को तुरंत लागू करने की मांग की है। संघ का कहना है कि प्याज की कीमतों में तेज गिरावट ने किसानों को गंभीर वित्तीय संकट में डाल दिया है। महाराष्ट्र राज्य प्याज उत्पादक संघ के एक पदा?धिकारी ने कहा कि कीमतों में 50 प्रतिशत से अधिक की कमी स्पष्ट रूप से संकटग्रस्त बिक्री की स्थिति को दर्शाती है और एमआईएस लागू करने के मानदंड पूरे करती है। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि तुरंत कदम नहीं उठाए गए तो राज्यव्यापी विरोध प्रदर्शन किए जाएंगे। उन्होंने मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस, उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे और सुनेत्रा पवार को ज्ञापन भेजकर बताया कि पूरे राज्य में प्याज उत्पादक मंडियों में कीमतों में गिरावट से भारी नुकसान झेल रहे हैं। उन्होंने कहा कि एमआईएस लागू होने पर सरकार खरीदार के रूप में प्रवेश करके कीमतों को स्थिर, घबराहट में बिक्री रोकने और व्यापारियों द्वारा दरें दबाने की प्रवृत्ति पर अंकुश लगाने में मदद कर सकती है। किसानों को फिलहाल प्याज के लिए *300ङ्क800 रुपये प्रति क्विंटल मिल रहे हैं, जबकि उत्पादन लागत 1,500ङ्क1,800 रुपये प्रति क्विंटल है। इस स्थिति में किसान मजबूरी में कम दाम पर बिक्री कर रहे हैं और कई मामलों में सड़क पर प्याज फेंकने को मजबूर हैं। उन्होंने मांग की कि तालुका स्तर पर सरकारी खरीद केंद्र स्थापित किए जाएं, न्यूनतम समर्थन मूल्य तय किया जाए और मूल्य कमी भुगतान योजना को प्रभावी ढंग से लागू किया जाए।

सतीश मोरे/01अप्रेल

### झारखंड में बिजली हुई महंगी

रांची । झारखंड में 1 अप्रैल से नई बिजली दरें लागू कर दी गई हैं। राज्य विद्युत नियामक आयोग (जेएसईआरसी) के नए आदेश के अनुसार घरेलू उपभोक्ताओं को अब बिजली के लिए प्रति यूनिट 50 से 55 पैसे अधिक चुकाने होंगे। 200-400 यूनिट बिजली उपयोग करने वालों के लिए दर बढ़कर 5.35 रुपये प्रति यूनिट हो गई है, जबकि 400 यूनिट से अधिक खपत करने वालों के लिए यह बढ़कर 7.40 रुपये प्रति यूनिट हो गई है। मध्यम और उच्च खपत वाले परिवारों पर यह वृद्धि सबसे ज्यादा प्रभाव डालेगी। गर्मियों में बिजली खपत चरम पर होने के कारण मासिक बिल में खासा इजाफा देखने को मिलेगा।

## फेसबुक इंडिया का 2024-25 का लाभ बढ़कर 647 करोड़ हुआ

**नई दिल्ली ।** फेसबुक इंडिया ने मार्च 2025 को समाप्त वित्त वर्ष में एकल आधार पर लगभग 647.45 करोड़ रुपये का मुनाफा दर्ज किया, जो सालाना आधार पर 28 प्रतिशत अधिक है। टोफलर ने कंपनी द्वारा शेयर बाजार को दी सूचना के आधार पर यह जानकारी दी। फेसबुक इंडिया ने एक साल पहले 504.93 करोड़ रुपये का लाभ दर्ज किया था। इस दौरान उसका परिचालन राजस्व सालाना आधार पर 25 प्रतिशत बढ़कर 3,792.91 करोड़ रुपये हो गया। कंपनी ने कहा कि वित्त वर्ष 2024-25 के लिए कंपनी का कुल खर्च 2,881 करोड़ रुपये बताया गया है। मेटा के स्वामित्व वाली फेसबुक इंडिया ऑनलाइन सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड का कर्मचारी खर्च समीक्षाधीन अवधि में 36 प्रतिशत बढ़कर 648.57 करोड़ रुपये हो गया, जो एक साल पहले 476 करोड़ रुपये था। कंपनी का कर व्यय वित्त वर्ष 2023-24 के 209.2 करोड़ है।

# मार्च में जीएसटी संग्रह 2 लाख करोड़ रुपए के पार, 8.8 फीसदी की बढ़ोतरी

**नई दिल्ली ।** मोदी सरकार के नवीनतम आंकड़ों के अनुसार, मार्च 2026 में सकल माल एवं सेवा कर (जीएसटी) संग्रह 8.8 प्रतिशत बढ़कर 2 लाख करोड़ रुपये से अधिक हो गया। मार्च 2025 में यह संग्रह 1.83 लाख करोड़ रुपये था। वृद्धि का मुख्य कारण घरेलू बिक्री और आयात से राजस्व में बढ़ोतरी को बताया गया है। घरेलू राजस्व 5.9 प्रतिशत बढ़कर 1.46 लाख करोड़ रुपये से अधिक हुआ।

वहीं, आयात से प्राप्त राजस्व में 17.8 प्रतिशत की बढ़ोतरी दर्ज की गई और यह 53,861 करोड़ रुपये रहा। मार्च में रिफंड राशि 13.8 प्रतिशत बढ़कर 22,074 करोड़ रुपये हो गई। रिफंड समायोजित करने पर शुद्ध जीएसटी राजस्व करीब 1.78 लाख करोड़ रुपये रहा, जो सालाना आधार पर 8.2 प्रतिशत अधिक है। पूरा वित्त वर्ष 2025-26 में सकल जीएसटी संग्रह 8.3 प्रतिशत बढ़कर 22.27 लाख करोड़ रुपये से अधिक हुआ, जबकि रिफंड समायोजित शुद्ध राजस्व 19.34 लाख करोड़ रुपये रहा। विशेषज्ञों का कहना है कि यह आर्थिक गतिविधियों में स्थिरता और नकदी प्रवाह में सुधार का संकेत है।



रेवेन्यू के अलग-अलग हिस्सों पर नजर डालें तो घरेलू लेनदेन से मिलने वाला ग्रॉस रेवेन्यू 1.46 लाख करोड़ रुपये रहा, जिसमें 5.9 प्रतिशत की बढ़त हुई। वहीं, इंपोर्ट से मिलने वाला रेवेन्यू 0.54 लाख करोड़ रुपये तक पहुंच गया, जिसमें 17.8 प्रतिशत की तेज बढ़ोतरी दिखाई दी। इसका मतलब है कि देश में आयात गतिविधियां भी काफी मजबूत रही हैं। पूरे वित्त वर्ष 2025-26 के अनुसार ग्रॉस जीएसटी कलेक्शन 8.3 प्रतिशत बढ़कर 22.27 लाख करोड़ रुपये से ज्यादा हो गया। रेवेन्यू 7.1 प्रतिशत की बढ़त के साथ 19.34 लाख करोड़ रुपये पहुंच गया।

## वैश्विक रक्षा खर्च रिकॉर्ड स्तर पर, अमेरिका सबसे आगे

नई दिल्ली । 2025 के आंकड़ों के अनुसार वैश्विक रक्षा खर्च लगातार बढ़ता जा रहा है। 2024 में यह लगभग 2,718 बिलियन डॉलर (2.7 ट्रिलियन यूएसडी) तक पहुंच गया, जो पिछले वर्ष की तुलना में 9.4 फीसदी की वृद्धि दर्शाता है। इस बढ़ोतरी के मुख्य कारणों में रूस-यूक्रेन युद्ध, मध्य पूर्व में तनाव और यूरोप में सुरक्षा चिंताएं शामिल हैं। अमेरिका सबसे बड़े रक्षा बजट वाला देश है, जिसका खर्च लगभग 895 बिलियन डॉलर है। इसका बड़ा हिस्सा मिसाइल, नौसेना और एयरोस्पेस तकनीक पर लगाया जाता है। चीन दूसरे स्थान पर है, जिसका बजट 266.85 बिलियन डॉलर है और यह आधुनिक हथियार, समुद्री और वायु शक्ति को मजबूत करने पर केंद्रित है। रूस का बजट 126 बिलियन डॉलर है, जिसे यूरोप में अपनी सैन्य प्रभावशीलता बनाए रखने और वायु-समुद्री बलों के लिए रखा गया है। भारत चौथे स्थान पर है, जिसका बजट 75 बिलियन डॉलर है। भारत इसे सैनिक, मिसाइल प्रणालियों, वायु और नौसेना बलों के आधुनिकीकरण में खर्च कर रहा है। कई देशों का रक्षा बजट उनकी जीडीपी का 2 फीसदी से अधिक है। अमेरिका का यह आंकड़ा लगभग 3.4 फीसदी है।

## भारत का बजट अब सिर्फ घरेलू दस्तावेज नहीं

**नई दिल्ली ।** दुनिया युद्ध, महंगाई और उच्च ब्याज दरों जैसी चुनौतियों का सामना कर रही है। अमेरिका और यूरोप में ब्याज दरें ऊंची हैं, चीन की अर्थव्यवस्था सुस्त है, और पश्चिम एशिया व यूक्रेन में संघर्ष जारी है। ऐसे माहौल में भारत का बजट सिर्फ घरेलू दस्तावेज नहीं, बल्कि वैश्विक निवेशकों और अंतरराष्ट्रीय संस्थाओं के लिए स्थिरता का संकेतक बन गया है। आईएमएफ और वर्ल्ड बैंक का अनुमान है कि भारत 2026 -27 में 6.5ङ्क7 फीसदी की विकास दर बनाए रख सकता है। ये एजेंसियां विशेष रूप से राजकोषीय घाटा, पूंजीगत व्यय, रक्षा होगी।

**रिपोर्ट** दो साल लगातार रिकॉर्ड फंडिंग, लेकिन कमजोर लिस्टिंग प्रदर्शन ने निवेशकों को सतर्क किया

# प्राथमिक बाजार में आईपीओ से 1.8 लाख करोड़ रुपए जुटाए



**नई दिल्ली, एजेंसी**

सेकेंडरी बाजार में गिरावट और वैश्विक अनिश्चितताओं के बावजूद भारत का प्राथमिक बाजार वित्त वर्ष 2026 में नई ऊंचाइयों पर पहुंच गया। आईपीओ के जरिए कंपनियों ने रिकॉर्ड स्तर पर पूंजी जुटाई, हालांकि निवेशकों को अपेक्षित रिटर्न नहीं मिल पाया। वित्त वर्ष 2026 में भारत के प्राथमिक बाजार ने मजबूत प्रदर्शन करते हुए नया कीर्तिमान स्थापित किया। इस दौरान 112 कंपनियों ने मुख्य श्रेणी के आईपीओ के जरिए कुल 1.8 लाख करोड़ रुपये जुटाए, जो पिछले वित्त वर्ष 2025 के 78 आईपीओ से जुटाए गए 1.62 लाख करोड़ रुपये से अधिक है। लगातार दूसरे साल रिकॉर्ड फंड जुटाना बाजार की संरचनात्मक मजबूती को दर्शाता है। हालांकि, यह उपलब्धि ऐसे समय में आई जब सेकेंडरी बाजार दबाव में रहा। निफ्टी 50 में 5.1 प्रतिशत और सेंसेक्स में 7.1 प्रतिशत की गिरावट दर्ज की गई, जो वित्त वर्ष 2020 के बाद सबसे खराब प्रदर्शन है। भू-राजनीतिक तनाव, कच्चे तेल की बढ़ती कीमतें और विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों की बिकवाली ने बाजार धारणा को प्रभावित किया। इसके बावजूद घरेलू संस्थागत निवेशकों की मजबूत भागीदारी ने बाजार को सहारा दिया और कंपनियों को पूंजी जुटाने का अवसर मिला।

इससे यह भी संकेत मिलता है कि भारतीय बाजार अब विदेशी निवेश पर कम निर्भर होता जा रहा है। हालांकि आईपीओ में निवेशकों का उत्साह लिस्टिंग के कमजोर प्रदर्शन से प्रभावित हुआ। औसत लिस्टिंग लाभ घटकर 8 प्रतिशत रह गया, जबकि पिछले वर्ष यह लगभग 30 प्रतिशत था। केवल 31 प्रतिशत आईपीओ ही 10 प्रतिशत से अधिक रिटर्न दे सके। वित्त वर्ष के अंतिम चरण में गतिविधियों में गिरावट भी देखने को मिली, जहां अंतिम तिमाही में केवल 18,772 करोड़ रुपये जुटाए गए। ऐसे में विशेषज्ञ अब निवेशकों को सतर्क और चयनात्मक निवेश की सलाह दे रहे हैं।

केआईटीजी-2026 (आठवां दिन राउंड-अप)

# दशरथ तलवार, नागिनी के स्वर्ण से कर्नाटक की बढ़त मजबूत, छत्तीसगढ़ को एक रजत और एक कांस्य

● जगदलपुर में एथलेटिक्स में ओडिशा ने चार और झारखंड ने दो स्वर्ण जीते

विजय मत/रायपुर

रेस वॉकर दशरथ तलवार और मिडिल-डिस्टेंस धाविका नागिनी के स्वर्ण पदकों की बदौलत कर्नाटक ने खेलो इंडिया ट्राइबल गेम्स के आठवें दिन अपनी बढ़त और मजबूत कर ली। वहीं छत्तीसगढ़ के गजेंद्र ठाकुर ने पुरुष 800 मीटर में रजत पदक जीता और पुरुष हॉकी टीम ने कांस्य पदक हासिल किया।

जगदलपुर के क्रीड़ा परिसर एथलेटिक्स ट्रैक पर दशरथ तलवार ने 45:13.85 के समय के साथ पुरुष 10 किमी रेस वॉक में कर्नाटक को 1-2 की बढ़त दिलाई। उनके साथी दर्शन बगाड़ी (46:25.90) दूसरे स्थान पर रहे, जबकि गुजरात के सागरभाई कटारा (48:16.09) तीसरे स्थान पर रहे।

इसके बाद नागिनी ने महिलाओं की 800 मीटर दौड़ में 2:13.80 का समय निकालते हुए स्वर्ण पदक जीता, जिससे कर्नाटक के स्वर्ण पदकों की संख्या 21 हो गई। कर्नाटक ने अब तक आठ रजत और सात कांस्य सहित कुल 36 पदक जीत लिए हैं। छत्तीसगढ़ के गजेंद्र ठाकुर ने पुरुष 800 मीटर में 1:53.82 के समय के साथ रजत पदक हासिल किया। इस स्पर्धा में ओडिशा के दावनिधि मुंडा ने 1:53.33 के समय के साथ स्वर्ण जीता। अपने प्रदर्शन से खुश ठाकुर ने बताया कि उन्होंने एथलेटिक्स में प्रशिक्षण केवल एक साल पहले शुरू किया था। उन्होंने साई मीडिया से कहा, ₹मैं बिलासपुर के ₹अक ट्रेनिंग सेंटर में कबड्डी ट्रायल देने आया था, लेकिन मेरी फिटनेस देखकर कोचों ने मुझे ट्रैक इवेंट्स में जाने की सलाह दी। अपने घर में खेलो इंडिया ट्राइबल गेम्स में पहला राष्ट्रीय स्तर का पदक जीतकर मैं बेहद खुश हूं।

इससे पहले, छत्तीसगढ़ की पुरुष हॉकी टीम ने पड़ोसी मध्य प्रदेश को 14-6 से हराकर कांस्य पदक जीता। इन दो पदकों के साथ छत्तीसगढ़ की कुल पदक संख्या दो स्वर्ण, आठ रजत और पांच कांस्य हो गई है और टीम समग्र तालिका में 10वें स्थान पर है। एथलेटिक्स प्रतियोगिताओं के सिर्फ एक दिन शेष रहने के बीच, दूसरे स्थान पर काबिज ओडिशा ने बुधवार को चार स्वर्ण पदक जीतकर अपनी चुनौती बरकरार रखी। ओडिशा के लिए दावनिधि मुंडा (पुरुष 800 मीटर), रोशन खड़िया (पुरुष 400 मीटर हर्डल्स), दीपा किसान (महिला हाई जंप) और धनमती जेस (महिला भाला फेंक) ने स्वर्ण पदक जीते।

वहीं झारखंड ने भी शानदार प्रदर्शन करते हुए महिलाओं की 400 मीटर हर्डल्स और 10 किमी रेस वॉक में दो स्वर्ण पदक हासिल कर पदक तालिका में अपना तीसरा स्थान मजबूत किया। झारखंड के अब कुल 19 पदक हो गए हैं, जिनमें नौ स्वर्ण, तीन रजत और सात कांस्य शामिल हैं। उधर, रायपुर के विवेकानंद कोटा स्टेडियम में खेले गए फुटबॉल सेमीफाइनल मुकाबलों में पश्चिम बंगाल ने गोवा को 5-2 से हराकर फाइनल में जगह बनाई, जबकि छत्तीसगढ़ ने रोमांचक मुकाबले में अरुणाचल प्रदेश को 3-2 से पराजित कर खिताबी मुकाबले में प्रवेश किया।

ओडिशा के लिए दावनिधि मुंडा (पुरुष 800 मीटर), रोशन खड़िया (पुरुष 400 मीटर हर्डल्स), दीपा किसान (महिला हाई जंप) और धनमती जेस (महिला भाला फेंक) ने स्वर्ण पदक जीते।



## पुरुष फुटबॉल : छत्तीसगढ़ और पश्चिम बंगाल ने फाइनल में बनाई जगह

राजधानी रायपुर में आयोजित खेलो इंडिया ट्राइबल गेम्स 2026 के अंतर्गत स्वामी विवेकानंद एथलेटिक्स स्टेडियम, कोटा में खेले गए पुरुष फुटबॉल के सेमीफाइनल मुकाबलों में छत्तीसगढ़ और पश्चिम बंगाल ने शानदार जीत दर्ज करते हुए फाइनल में प्रवेश किया।

खेले गए एक रोमांचक सेमीफाइनल मुकाबले में छत्तीसगढ़ ने अरुणाचल प्रदेश को 3-2 से हराया। मैच की शुरूआत से ही छत्तीसगढ़ टीम ने आक्रामक खेल दिखाया और पहले हाफ की समाप्ति तक 2-0 की बढ़त बना ली। दूसरे हाफ में अरुणाचल प्रदेश ने वापसी की कोशिश की, लेकिन छत्तीसगढ़ ने बढ़त कायम रखते हुए मैच 3-2 से अपने नाम किया।

# छत्तीसगढ़ में फिल्म निर्माण को लगेंगे पंख, 'इंडिया सिने हब' के साथ राज्य की प्रणालियों का होगा एकीकरण

● सांसद बृजमोहन अग्रवाल ने संसद में उठाई छत्तीसगढ़ी सिनेमा की आवाज

विजय मत/रायपुर

लोकसभा सांसद एवं वरिष्ठ भाजपा नेता बृजमोहन अग्रवाल की दूरदर्शी सोच के चलते छत्तीसगढ़ सहित देश के अन्य क्षेत्रीय फिल्म निर्माण केंद्रों के लिए विकास के नए द्वार खुलते नजर आ रहे हैं। संसद में अग्रवाल द्वारा उठाए गए प्रश्नों पर सूचना और प्रसारण एवं संसदीय कार्य राज्य मंत्री डॉ. एल. मुरूगन ने राज्य में फिल्म निर्माण की बाधाओं को दूर करने और स्थानीय प्रतिभाओं को सशक्त बनाने के लिए उठाए जा रहे ठोस कदमों की जानकारी साझा की है। बृजमोहन अग्रवाल ने छत्तीसगढ़ जैसे उभरते फिल्म निर्माण राज्यों (श्रेणी-ग) में ₹एकल खिड़की₹ (ग्ल्लॅी द्दल्लङ्क्षद्द) अनुभव को बेहतर बनाने का मुद्दा प्रमुखता से उठाया था। इसके जवाब में मंत्रालय ने स्पष्ट किया है कि फिल्म सुविधा कार्यालय, जिसे अब ₹इंडिया सिने हब (क्ळ्ल)₹ के रूप में जाना जाता है, छत्तीसगढ़ की राज्य-स्तरीय मंजूरी प्रणालियों के साथ एकीकृत किया जा रहा है।

सांसद बृजमोहन अग्रवाल का कहना है कि, मेरा लक्ष्य छत्तीसगढ़ की नैसर्गिक सुंदरता और यहाँ की समृद्ध संस्कृति को वैश्विक पटल पर लाना है। 'इंडिया सिने हब' के साथ राज्य प्रणालियों का एकीकरण होने से फिल्म निमार्ताओं को दफ्तरों के चक्कर नहीं काटने पड़ेंगे, जिससे छत्तीसगढ़ एक प्रमुख फिल्मिंग डेस्टिनेशन बनेगा।



सांसद अग्रवाल द्वारा क्षेत्रीय सर्किट में निर्माण को प्रोत्साहित करने और सांस्कृतिक बोनस₹ जैसे अभिनव सुझावों पर सरकार ने सकारात्मक रुख दिखाया है। सरकार अब राज्यों को अपनी फिल्म नीतियों में स्थानीय भागीदारी और क्षेत्रीय सिनेमा के लिए विशेष प्रोत्साहन तंत्र शामिल करने हेतु प्रेरित कर रही है। इससे छत्तीसगढ़ के स्थानीय कलाकारों, तकनीशियनों और क्रू मेंबर्स के लिए रोजगार के नए अवसर सृजित होंगे।

बृजमोहन अग्रवाल का कहना है कि, छत्तीसगढ़ के फिल्म पोर्टल को राष्ट्रीय 'इंडिया सिने हब' के साथ जोड़कर आवेदन प्रक्रियाओं का मानकीकरण किया जा रहा है। साथ ही स्वदेश दर्शन जनजातीय सर्किट जैसे क्षेत्रों में पर्यावरण नियमों के पालन के साथ फिल्म शूटिंग को बढ़ावा दिया जाएगा, जिससे पर्यटन में वृद्धि होगी। उन्होंने गैर-मेट्रो क्षेत्रों में 'बिलो-द-लाइन' क्रू (कैमरा असिस्टेंट, लाइटमैन, मेकअप आर्टिस्ट आदि) के लिए विशेष कौशल विकास केंद्रों के माध्यम से स्थानीय युवाओं को प्रशिक्षित करने पर जोर दिया। बृजमोहन अग्रवाल के इन प्रयासों से न केवल छत्तीसगढ़ के फिल्म उद्योग को मजबूती मिलेगी।

## रमन सिंह के शाह को लिखे पत्र पर पीसीसी अध्यक्ष दीपक का पलटवार

**विजय मत/रायपुर।** डॉ रमन सिंह ने केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह को नक्सलवाद की समाप्ति के लिये उनका यशोगान करते हुए एक पत्र लिखा है। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा कि रमन सिंह ने नक्सलवाद के लिये तत्कालीन केन्द्र सरकार को जिम्मेदार ठहराया है। जबकि हकीकत यह है कि छत्तीसगढ़ में नक्सलवाद की खेती करने का श्रेय डॉ. रमन सिंह को जाता है, 2003 से 2018 तक वह मुख्यमंत्री थे, उनके मुख्यमंत्री काल में जो नक्सलवाद बस्तर के तीन ब्लाकों तक था।

# सामूहिक विवाह कार्यक्रम में शामिल हुए राज्यपाल

● नवविवाहित जोड़ों को प्रदान किया आशीर्वाद

विजय मत/रायपुर

राज्यपाल रमेन डेका ने आज कोरबा जिले के प्रवास पर रहे। इस दौरान वे कटघोरा विकासखंड अंतर्गत ग्राम ढपढप-बांकीमोंगरा में आयोजित दिव्य हनुमंत कथा एवं 108 दिव्यांग एवं निर्धन कन्याओं के सामूहिक विवाह कार्यक्रम में शामिल हुए।

उन्होंने नवविवाहित जोड़ों से भेंट की और उनके सुखमय जीवन के लिए आशीर्वाद दिया। उन्होंने सभी नवविवाहित जोड़ों को सम्मान स्वरूप पाँच हजार रुपये की राशि प्रदान करने की घोषणा भी की। कोरबा प्रवास के दौरान राज्यपाल डेका से कथावाचक धीरेंद्र शास्त्री ने भी सौजन्य भेंट की। इस अवसर पर कोरबा कलेक्टर कुणाल दुदावत सहित अन्य अधिकारी एवं आयोजन समिति के पदाधिकारी उपस्थित रहे।



## सार समाचार

### हज 2026 की तीसरी किश्त 06 अप्रैल तक जमा होगा: मिर्जा एजाज बेग



**विजय मत/रायपुर।** छत्तीसगढ़ राज्य हज कमेटी के माध्यम से हज यात्रा पर जाने वाले हज यात्री अब 06 अप्रैल 2026 तक तीसरी किश्त की राशि जमा कर सकतें है। छत्तीसगढ़ राज्य हज कमेटी के चेयरमेन, मिर्जा एजाज बेग ने बताया है कि, हज कमेटी ऑफ इंडिया मुम्बई ने हज 2026 की तीसरी किश्त जमा करने की अंतिम तिथि में वृद्धि करते हुए 06 अप्रैल 2026 की तिथि निर्धारित कर दी है। इससे उन समस्त हज यात्रियों को सुविधा होगी जिन्होने अब तक तीसरी किश्त जमा नही की है। श्री बेग ने बताया है कि, हज 2026 के हज यात्रियों के लिये हज प्रशिक्षण शिविरों का आयोजन राज्य हज कमेटी द्वारा दिनांक 04 अप्रैल से 15 अप्रैल 2026 तक राज्य के विभिन्न जिलों में आयोजित किया जायेगा। जिसमें दिनांक 04 अप्रैल को जगदलपुर बस्तर में, दिनांक 07 अप्रैल को धमतरी में दिनांक 11 अप्रैल को अंबिकापुर में शिविर आयोजित किया जाना सुनिश्चित कर लिया गया है । शेष शिविरों के आयोजन की तिथियों की सूचना भी जल्द जारी की जावेगी। श्री बेग ने कहा है कि इन प्रशिक्षण शिविरों में हज यात्रियों को हज का सफर शुरू करने से लेकर घर वापस आने तक की संपूर्ण प्रक्रिया के बारे में जानकारी, अरकाने हज की अदायगी के साथ-साथ समस्त प्रशासनिक व्यवस्थाओं की जानकारी, रमी करने का सुरक्षित तरीका, आपदा प्रबंधन, हज सुविधा मोबाईल एप्स के संचालन का विशेष प्रशिक्षण दिया जायेगा।

### धान संग्रहण केन्द्रो में लाखो टन धान पड़ा सूख रहा, सरकार लापरवाह : कांग्रेस



**विजय मत/रायपुर।** कांग्रेस ने संग्रहण केन्द्रो पर धान खुले मे पड़े रहने पर चिंता व्यक्त की है। प्रदेश कांग्रेस के वरिष्ठ प्रवक्ता सुरेन्द्र वर्मा ने कहा कि जितने लंबे समय तक धान खुले में पड़े रहेगा, नमी का मौसम का असर धान पर पड़ेगा। गुणवत्ता में गिरावट आयेगी और भ्रष्टाचार की गुंजाईश बढ़ेगी तथा एक बार फिर से चूहों पर जिम्मेदारी थोपी जायेगी।भ्रष्टाचार करने की नीयत से भाजपा सरकार संग्रहण केन्द्रो से मीलरो को मीलिंग के लिये धान नहीं दे रही, ताकि धान खराब होने के नाम पर एवं खुले बाजार में निलामी करके भ्रष्टाचार किया जा सके। पूरे प्रदेश में लाखां मीट्रिक टन उठाव के अभाव में संग्रहण केन्द्रो में जमा पड़ा है। पुरे प्रदेश मे 24 लाख टन से अधिक धान खुले मे पड़ा है।अकेले बेमेतरा जिले में 7 लाख मीट्रिक टन से अधिक धान जाम पड़ा हुआ है। प्रदेश कांग्रेस के वरिष्ठ प्रवक्ता सुरेन्द्र वर्मा ने कहा कि जब मीलर सरकार से अनुबंध के तहत धान लेने को तैयार है। फिर सरकार धान को मिलर्स को क्यों सौंप नहीं रही है? जितने लंबे समय तक धान संग्रहण केन्द्रों में रखा जायेगा, उतना ही भ्रष्टाचार का जोखिम बढ़ेगा।

# 21 जिलों के निरीक्षण में खामियां उजागर, राज्य खाद्य आयोग ने विभागों को दिए सख्त निर्देश

विजय मत/रायपुर

छत्तीसगढ़ राज्य खाद्य आयोग के निरीक्षण में 21 जिलों में संचालित शासकीय योजनाओं के क्रियान्वयन में कई कमियां सामने आई हैं। इन खामियों को लेकर आयोग ने सख्ती दिखाते हुए संबंधित विभागों को त्वरित सुधार के निर्देश दिए हैं। आयोग के अध्यक्ष संदीप शर्मा की अध्यक्षता में नवा रायपुर स्थित कार्यालय में आयोजित अंर्तविभागीय बैठक में खाद्य, महिला एवं बाल विकास, स्कूल शिक्षा और आदिम जाति एवं अनुसूचित जनजाति विभाग के अधिकारियों के साथ समीक्षा की गई। निरीक्षण में उचित मूल्य दुकानों, आंगनबाड़ी केन्द्रों, स्कूलों के मध्यान्ह भोजन और आश्रम-छात्रावासों की व्यवस्था का जायजा लिया गया था।



बैठक में बालक छात्रावासों में भोजन की गुणवत्ता और सामग्री आपूर्ति में सुधार की जरूरत बताई गई, जबकि कन्या छात्रावासों की स्थिति बेहतर पाई गई। 21 जिलों से निरीक्षण संबंधी अनुशंसाओं के पालन प्रतिवेदन समय पर नहीं मिलने पर अध्यक्ष ने नाराजगी जताई और शीघ्र रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए।आयोग ने निर्देश दिए कि सभी आश्रम-छात्रावासों में दैनिक भोजन मैन्यू और कॉल सेंटर नंबर स्पष्ट रूप से प्रदर्शित किए जाएं, ताकि शिकायत और सुझाव दर्ज किए जा सकें। आंगनबाड़ी केन्द्रों में बच्चों की उपस्थिति ह्यपोषण ट्रैकरह्न में सही दर्ज करने और आकस्मिक निरीक्षण से उसका मिलान करने को कहा गया। उचित मूल्य दुकानों में अनियमितता पर भी सख्त रुख अपनाते हुए नियमित रूप से दुकान नहीं खोलने, सूचना प्रदर्शित नहीं करने और स्टॉक में गड़बड़ी पाए जाने पर संचालकों के खिलाफ कार्रवाई के निर्देश दिए गए। मध्यान्ह भोजन योजना के तहत प्रदेश में संचालित दो केंद्रीकृत किचनों की व्यवस्था संतोषजनक पाई गई।

## अग्रवाल सभा रायपुर द्वारा परिचय सम्मेलन का आयोजन

**विजय मत/ रायपुर।** रायपुर। अग्रवाल सभा रायपुर द्वारा आगामी 04-05 अप्रेल को अग्रसेन धाम, छेरीखेड़ी, रायपुर में तीन प्रमुख आयोजन किए जा रहे हैं -समाज में बच्चों का सम्बंध करना अत्यंत दुष्कर कार्य होता जा रहा है । परिचय होगा तो ही सम्बन्ध होंगे इस सूत्र वाक्य को ध्यान में रखते हुए समाज के अविवाहित युवक-युवतियों के लिए एक मंच उपलब्ध कराने के उद्देश्य से परिचय सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है। परिचय सम्मेलन का उद्घाटन सत्र शनिवार 04 अप्रेल को प्रातः 11 बजे अग्रसेन धाम छेरीखेडी में होगा, जिसमें अतिथि के रूप में राजेश अग्रवाल, मंत्री - छत्तीसगढ शासन, अमर अग्रवाल पूर्व मंत्री एवं विधायक बिलासपुर, संपत अग्रवाल विधायक बसना, जयसिंग अग्रवाल पूर्व मंत्री, नवीन अग्रवाल अध्यक्ष जिला पंचायत रायपुर होगें ।अविवाहित युवक-युवतियों का परिचय सम्मेलन के लिए पूरी तरह से ऑनलाईन रजिस्ट्रेशन कराया गया, जिसमें छत्तीसगढ के अलावा 17 अन्य प्रदेशों से भी रजिस्ट्रेशन प्राप्त हुए है।

# केंद्र एवं राज्य सरकार की जन कल्याणकारी योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाये : किरण देव

विजय मत/रायपुर

भाजपा प्रदेश कार्यालय कुशाभाऊ ठाकरे परिसर में भाजपा झुग्गी झोपडी प्रकोष्ठ के प्रदेश पदाधिकारियों की बैठक भाजपा प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव जी की गरिमामयी उपस्थिति में सम्पन्न हुआ। सर्वप्रथम डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी, पं. दिनदयाल उपाध्याय जी व भारत माता के तैल्य चित्र पर माल्यार्पण व दीप प्रज्जवलित कर बैठक प्रारंभ की गई। तत्पश्चात अतिथियों का स्वागत कर प्रदेश पदाधिकारियों का परिचय किया गया। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव ने कार्यकताओं को सम्बोधित करते हुए कहा कि प्रकोष्ठ के कार्यकर्ता झुग्गी बस्तियों में जाकर पार्टी की मजबूती के लिए कार्य करें व सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ बस्तियों में निवासरत अंतिम व्यक्ति तक पहुँचायें।



प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव ने प्रकोष्ठ द्वारा विगत दिनों प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी की मन की बात कार्यक्रम प्रदेश के पूरे जिले में सुने जाने पर प्रकोष्ठ के पदाधिकारियों की सराहना की। भाजपा झुग्गी झोपड़ी प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक संजू नारायण सिंह ठाकुर ने पदाधिकारियों को संबोधित करते हुए, आगामी कार्यकम 06 अप्रैल भाजपा स्थापना दिवस एवं 14 अप्रैल डॉ. भीमराव अम्बेडकर जयंती प्रकोष्ठ द्वारा झुग्गी बस्तियों में मनाए जाने की जानकारी दी।

# एलपीजी बुकिंग संख्या में आई कमी आपूर्ति व्यवस्था धीरे-धीरे हो रही सामान्य

विजय मत/रायपुर

पश्चिम एशिया संकट के प्रभाव के चलते प्रदेश में 6 मार्च से 16 मार्च के दौरान दैनिक एलपीजी बुकिंग में आई असामान्य वृद्धि अब धीरे-धीरे सामान्य हो रही है। सामान्यतः प्रदेश में एक दिन में औसत 74 हजार एलपीजी की बुकिंग दर्ज होती थी, जो कि 6 मार्च के बाद अचानक बढ़कर 1.30 लाख तक पहुंच गई थी। किन्तु राज्य शासन तथा ऑयल कंपनियों की सतत मॉनिटरिंग और एलपीजी आपूर्ति में वृद्धि के कारण दैनिक एलपीजी बुकिंग में पिछले दो सप्ताह में लगातार कमी परिलक्षित हुई है।

खाद्य सचिव रीना बाबासाहेब कंगाले ने जानकारी दी कि राज्य शासन द्वारा खाद्य विभाग एवं ऑयल कंपनियों के अधिकारियों की राज्य स्तरीय समिति का गठन किया गया है, जिसके द्वारा दैनिक बुकिंग, जिलों को प्रदाय एलपीजी रिफिल सिलेंडर, वितरित सिलेंडर, पेंडिंग बुकिंग संख्या और जिलों में उपलब्ध एलपीजी रिफिल सिलेंडर के स्टॉक की प्रतिदिन समीक्षा की जा रही है। इसके तहत पेंडिंग बुकिंग को क्लीयर करने हेतु जिलों को मांग के अनुरूप एलपीजी सिलेंडर प्रदाय किया जा रहा है।साथ ही घरेलू एलपीजी के दुरुपयोग को रोकने हेतु संदिग्ध स्थानों की जांच कर प्रभावी कार्रवाई की जा रही है। अब तक कुल 97 छापों में 3,847 सिलेंडर जप्त किए गए हैं तथा 9 व्यक्तियों के विरुद्ध एफआईआर दर्ज कराई गई है। राज्य शासन के इन प्रयासों के परिणामस्वरूप 16 मार्च की लंबित बुकिंग संख्या की तुलना में 31 मार्च तक लंबित बुकिंग संख्या में 1.08 लाख की कमी आई है, जिससे घरेलू एलपीजी आपूर्ति की व्यवस्था धीरे-धीरे सामान्य हो रही है। राज्य में एलपीजी का पर्याप्त स्टॉक उपलब्ध है तथा आम उपभोक्ताओं को एलपीजी प्राप्ति में कोई समस्या न हो, इसके लिए सभी आवश्यक प्रबंध राज्य शासन द्वारा किए गए हैं।



राज्य शासन द्वारा कमर्शियल गैस की आपूर्ति भी 20 प्रतिशत से बढ़ाकर 40 प्रतिशत कर दी गई है, ताकि सभी आवश्यक सेवाओं के साथ-साथ होटल, रेस्टोरेंट, सामुदायिक कैंटीन और कमर्शियल गैस उपभोक्ताओं को बेहतर आपूर्ति सुनिश्चित हो सके।

खेल उस क्षेत्र में नई उम्मीद लेकर आया, जिसकी पहचान कभी संघर्ष से होती थी': युवा मामले और खेल राज्य मंत्री रक्षा खडसे

# जहां कभी नक्सलवाद का था बोलबाला, वहां अब खेलो का हो रहा उदय

विजय मत/रायपुर

युवा मामले और खेल राज्य मंत्री श्रीमती रक्षा खडसे ने 'खेलो इंडिया ट्राइबल गेम्स-2026' के दौरान बुधवार को रायपुर का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने यहां के माहौल को ऊर्जा, आशा और बदलाव से भरपूर बताया। उन्होंने इस आयोजन को सफल बनाने में भारतीय खेल प्राधिकरण (साई) टीम के प्रयासों की सराहना की और कहा कि एथलीटों, स्थानीय समुदाय और इस क्षेत्र के लोगों की ओर से मिली प्रतिक्रिया बेहद उत्साहजनक रही है। खेल उस क्षेत्र में नई उम्मीद लेकर आया, जिसकी पहचान कभी संघर्ष से होती थी': युवा मामले और खेल राज्य मंत्री श्रीमती रक्षा खडसे



देशभर के सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों से 2,500 से ज्यादा एथलीट अलग-अलग खेलों में खेलो इंडिया ट्राइबल गेम्स 2026 में हिस्सा ले रहे हैं। श्रीमती खडसे ने कहा कि खेलो इंडिया ट्राइबल गेम्स 2026, केंद्र सरकार की उस प्रतिबद्धता को दिखाता है जिसके तहत आदिवासी युवाओं को अपना भविष्य बनाने के लिए एक मंच दिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि इस क्षेत्र के लोगों के लिए यह खेल एक नई उम्मीद हैं और यह संकेत कि उनकी काबिलियत को पहचाना जा रहा है और उस पर सबसे ऊंचे स्तर पर निवेश किया जा रहा है। युवा मामले एवं खेल राज्य मंत्री ने कहा, " एक समय था जब छत्तीसगढ़ को नक्सलवाद के लिए जाना जाता था, और यहां के लोगों को एक पिछड़ा समुदाय माना जाता था। आज, मुझे लगता है कि इस क्षेत्र के लिए एक नई दिशा खुल रही है। नक्सलवाद का खात्मा हो चुका है और खेल के माध्यम से, इस धरती के युवा अब अपनी ऊर्जा और क्षमता को सामने ला सकते हैं और देश के लिए खेल सकते हैं।"

खेल राज्य मंत्री ने खेलो इंडिया ट्राइबल गेम्स-2026 को एक ऐतिहासिक पहल बनाने का श्रेय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के विजन, गृह मंत्री श्री अमित शाह (जिन्होंने पूरे देश से नक्सलवाद के खात्मे की घोषणा की है), कैबिनेट मंत्री डॉ. मनसुख मंडाविया और पूरी साई टीम को दिया।

## अस्मिता लीग' के परिवर्तनकारी प्रभाव पर भी प्रकाश डाला

उन्होंने पूरा भरोसा जताया कि इन खेलों में हिस्सा लेने वाले कई एथलीट आगे चलकर ओलंपिक, एशियाई खेलों और राष्ट्रमंडल खेलों में भारत का प्रतिनिधित्व करेंगे और पदक जीतेंगे। युवा मामले और खेल राज्य मंत्री, रक्षा खडसे ने 'अस्मिता लीग' के परिवर्तनकारी प्रभाव पर भी प्रकाश डाला। इस लीग को 2021 में प्रधानमंत्री मोदी के उस विजन के तहत शुरू किया गया था, जिसका उद्देश्य ग्रामीण भारत की महिलाओं को प्रतिस्पर्धी खेलों में लाना और उन्हें एक पहचान व अवसर प्रदान करना है। युवा मामले एवं खेल राज्य मंत्री, रक्षा खडसे ने कहा, " खेलो इंडिया ट्राइबल गेम्स-2026 में, नतीजे जबरदस्त रहे हैं। हॉकी, वेटलिफ्टिंग और फुटबॉल में हिस्सा लेने वाली लगभग 60 से 70 प्रतिशत लड़कियां ह्यअस्मिता लीगह्न खेल चुकी हैं और पदक जीत चुकी हैं। इनमें अंजली मुंडा जैसी बेहतरीन खिलाड़ी भी शामिल हैं।

स्वामी, प्रकाशक एवं मुद्रक सीता शुक्ला द्वारा आशमा पब्लिशर्स प्राईवेट लिमिटेड , जयस्तभ चौक रायपुर से मुद्रित एवं डी -17, सेक्टर-1 गोंदवारा रोड, एकता नगर गुढ़ियारी रायपुर (छग) से प्रकाशित। **संपादक**- सीता शुक्ला। **प्रधान संपादक**- विजय शुक्ला ।
आर.एन.आई. पंजीयन नं. CHHHIN/2017/75508 (* समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेदार)। सभी विवादों का न्यायीक क्षेत्र रायपुर (छग) होगा। मो. 8889977997